(5) A copy of the Central Electricity Regulatory Commission (Terms and Conditions for Tariff determination from Renewable Energy Sources) (First Amendment) Regulations, 2010 (Hindi and English versions) published in Notification No. L-7/186(201)/2009-CERC in Gazette of India dated the 25th February, 2010 under Section 179 of the Electricity Act, 2003.

(Placed in Library, See No. LT 2371/15/10)

(6) A copy of the Notification No. L-7/139(159)/2008-CERC (Hindi and English versions) published in Gazette of India dated the 10th February, 2010 containing corrigendum to the Central Electricity Regulatory Commission (Measures to Relieve Congestion in Real Time Operation) Regulations, 2009 issued under Section 178 of the Electricity Act, 2003.

(Placed in Library, See No. LT 2372/15/10)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI DINESH TRIVEDI): I beg to lay on the Table:-

(1) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the G K General Hospital Society, Bhuj, for the year 2005-2006 alongwith Audited Accounts.

(Placed in Library, See No. LT 2373/15/10)

(ii) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the G K General Hospital Society, Bhuj, for the year 2006-2007 alongwith Audited Accounts.

(Placed in Library, See No. LT 2373A/15/10)

(iii) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the G K General Hospital Society, Bhuj, for the year 2007-2008 alongwith Audited Accounts.

(2) Three statements (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above.

(Placed in Library, See No. LT 2373B/15/10)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM (SHRI SULTAN AHMED): I beg to lay on the Table:-

(1) A copy each of the following papers (Hindi and English versions) under sub-section (1) of Section 619A of the Companies Act, 1956:-

(a) (i) Review by the Government of the working of the Donyi Polo Ashok Hotel Corporation Limited, Itanagar, for the year 2008-2009.

(ii) Annual Report of the Donyi Polo Ashok Hotel Corporation Limited, Itanagar, for the year 2008-2009, alongwith Audited Accounts and comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

(Placed in Library, See No. LT 2374/15/10)

(b) (i) Review by the Government of the working of the Utkal Ashok Hotel Corporation Limited, Puri, for the year 2008-2009.

(ii) Annual Report of the Utkal Ashok Hotel Corporation Limited, Puri, for the year 2008-2009, alongwith Audited Accounts and comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

(2) Two statements (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above.

(Placed in Library, See No. LT 2375/15/10)

(3) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Indian Institute of Tourism and Travel Management, Gwalior, for the year 2008-2009, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Indian Institute of Tourism and Travel Management, Gwalior, for the year 2008-2009.

(Placed in Library, See No. LT 2376/15/10)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI S. GANDHISELVAN): I beg to lay on the Table:-

(1) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Pharmacy Council of India, New Delhi, for the year 2008-2009, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Pharmacy Council of India, New Delhi, for the year 2008-2009.

(2) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above.

(Placed in Library, See No. LT 2377/15/10)

1201 hrs.

MESSAGES FROM RAJYA SABHA

SECRETARY-GENERAL: Sir, I have to report the following messages received from the Secretary-General of Rajya Sabha:-

1. " In accordance with the provisions of sub-rule (6) of rule 186 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to return herewith the Appropriation (No.2) Bill, 2010, which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 27th April, 2010 and transmitted to the Rajya Sabha for its recommendations and to state that this House has no recommendations to make to the Lok Sabha in regard to the said Bill. "

2. "In accordance with the provisions of sub-rule (6) of rule 186 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to return herewith the Appropriation (No.3) Bill, 2010, which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 28th April, 2010 and transmitted to the Rajya Sabha for its recommendations and to state that this House has no recommendations to make to the Lok Sabha in regard to the said Bill."

12.02 hrs.

PARTICIPATION OF INDIAN PARLIAMENTARY DELEGATION IN THE 121ST ASSEMBLY OF THE INTER-PARLIAMENTARY UNION (IPU)

Report

SECRETARY-GENERAL: I beg to lay on the Table the Report (Hindi and English versions) on the participation of Indian Parliamentary Delegation in the 121st Assembly of the Inter-Parliamentary Union held in Geneva (Switzerland) from 19 to 21 October, 2009.

(Placed in Library, See No. LT 2378/15/10)

12.02½ hrs.

COMMITTEE ON PUBLIC UNDERTAKINGS

6th to 8th Reports

SHRI V. KISHORE CHANDRA DEO (ARUKU): I beg to present the following Reports (Hindi and English versions) of the Committee on Public Undertakings (2009-10):-

(1) Sixth Report on Security Printing and Minting Corporation of India Ltd.

(2) Seventh Report on Action taken by the Government on the recommendations contained in the Thirty-first Report (14th Lok Sabha) on Hindustan Petroleum Corporation Limited (HPCL)-Unproductive payment of incentive in HPCL based on Audit Para 14.4.1 of the Report on Union Government (Commercial) of the C&AG of India No. 11 CA of 2008.

(3) Eighth Report on Action taken by the Government on the recommendations contained in the Twenty-first Report (14th Lok Sabha)

on Airports Authority of India – Review of Infrastructure and Operational Facilities (based on Audit Report No. 17 of 2007 (Performance Audit) (Commercial) of C&AG of India).

12.03½ hrs.

STANDING COMMITTEE ON SCIENCE & TECHNOLOGY, ENVIRONMENT & FORESTS
210th Report

SHRI S.S. RAMASUBBU (TIRUNELVELI): I beg to lay on the Table the Two Hundred Tenth Report (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Science & Technology, Environment & Forests on Demands for Grants (2010-2011) of the Ministry of Environment & Forests.

12.04 hrs.

STATEMENT BY MINISTER

Status of implementation of the recommendations contained in the 2nd Report of the Standing Committee on Finance on Demands for Grants (2009-10) pertaning to the Department of Revenue, Ministry of Finance*

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): I beg to lay a statement regarding the status of implementation of the recommendations contained in the 2nd Report of the Standing Committee on Finance on Demands for Grants (2009-10), pertaining to the Department of Revenue, Ministry of Finance.

---

*Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 2379/15/10

12.05 hrs.

BUSINESS OF THE HOUSE

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): With your permission, Madam, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, the 3rd of May, 2010, will consist of::-

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order Paper.
2. Consideration and passing of the Payment of Gratuity (Amendment) Bill, 2010.
3. Consideration and passing of the Plantations Labour (Amendment) Bill, 2008, after it is passed by Rajya Sabha.
4. Consideration and passing of the following Bills:-
   (a) The National Commission for Minority Educational Institutions (Amendment) Bill, 2009.
   (b) The Clinical Establishments (Registration and Regulation) Bill, 2010.
   (c) The Energy Conservation (Amendment) Bill, 2010.
   (d) The Tamil Nadu Legislative Council Bill, 2010.

MADAM SPEAKER: Now, submissions by Members.

Shri Prabodh Panda.

SHRI PRABODH PANDA (MIDNAPORE): Hon. Speaker, this is to request you to include the following items in next week's agenda:

(1) Seed is one of the important components in agriculture sector. But there is no comprehensive legislation in this regard. Spurious and contaminated seed flood the market. The proposed "Seed Bill" is pending for a long time. This should be taken up for discussion. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Just mention the topic. You need not go into details.

SHRI PRABODH PANDA (MIDNAPORE): Hon. Speaker, I am only reading out the approved text. I am not going beyond that. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please just read out the subjects.

SHRI PRABODH PANDA : The next item is:

(2) The unemployed youth are suffering a lot. This problem should be given paramount importance. Particularly, in railway sector huge vacancy is lying unfulfilled. This matter needs to be discussed urgently.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): अध्यक्ष महोदया, मैं लोक सभा के आगामी सप्ताह में चर्चा के लिए जो विषय सम्मिलित करने के लिए अनुरोध कर रहा हूं, वह विषय यह है कि वर्तमान में संविदा पर कार्मिकों को रखने का प्रावधान प्राय: सभी विभागों में किया जा रहा है। संविदा पर रहते-रहते कार्मिक नियमित नौकरी के लिए निर्धारित आयु पार कर जाते हैं और फिर जब विभाग द्वारा नियमित नौकरी का विज्ञापन निकाला जाता है तो उसमें संविदाकर्मियों को आयु की छूट नहीं मिलती है एवं प्राथमिकता भी नहीं दी जाती है, जबकि इनको आयु में भी छूट मिलनी चाहिए एवं प्राथमिकता भी दी जानी चाहिए। जब कि इसके विपरीत होता है, इससे वे पात्र नौकरी के लिए भी आवेदन करने के लिए वंचित रह जाते हैं।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि लोक सभा की आगामी सप्ताह की कार्यसूची में चर्चा के लिए इस विषय को सम्मिलित किया जाए।

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्यसूची में दो विषय जोड़े जाएं-

1. बिहार राज्य के सभी जिलों के गांवों में, जहां पर पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने से बच्चे विकलांग पैदा हो रहे हैं। जहां पर यह समस्या अधिकाधिक है, वहां पीने का पानी आर.ओ. तकनीक से साफ कर सभी ग्रामवासियों को उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

2. दिल्ली विकास प्राधिकरण के एक से ज्यादा फ्लैटों की अदला-बदली को डी.डी.ए. की वर्तमान नीति में परिवर्तन कर इन फ्लैट स्वामियों को फ्रीहोल्ड हक हस्तांतरण विलेख जारी करने की आवश्यकता है, ताकि इन लोगों को न्याय मिले।

MADAM SPEAKER: Shri Adhir Ranjan Chowdhury – not present.

SHRI P.T. THOMAS (IDUKKI): The following items may be included in next week's agenda:

1. Providing compensation to the victims of lightning by considering it as a natural disaster.

2. The need for more transparency in interest rate and other charges for various purpose loans by different banks in the country.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों का समावेश किया जाए-

1. खजुराहो विश्व प्रसिद्ध पर्यटन केन्द्र है, अत: झांसी छतरपुर सतना मार्ग को फोर लेन एक्सप्रेस हाइवे मार्ग बनाया जाए।

2. बीड़ी उद्योग में लाखों की संख्या में बाल श्रमिक कार्य कर रहे हैं, जो कि बचपन खोकर असमय ही बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। अत: बाल श्रमिकों के बचपन को बचाने तथा उन्हें शिक्षित करने के विशेष प्रयत्न किए जाएं।

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली): अध्यक्ष महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नांकित विषयों को सम्मिलित किया जाए -

1. राजधानी दिल्ली में जिन दिनों शांति व्यवस्था सामान्य रहती है, उन दिनों में भी धारा 144 लगाई जाती है, जो उचित नहीं है। राजधानी दिल्ली में सामान्य स्थिति में धार 144 न लगाए जाने से संबंधित विषय।

2. विगत काफी समय से दिल्ली अपार्टमेंट अधिनियम बनाए जाने की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस प्रकरण में कोई प्रगति नहीं हुई है। दिल्ली अपार्टमेंट अधिनियम बनाए जाने से संबंधित विषय।

श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे (गडचिरोली-चिमूर): अध्यक्ष महोदया, आपसे निवेदन है कि सबमिशन के अंतर्गत निम्नलिखित दो विषयों को आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में शामिल किए जाने हेतु अनुमति प्रदान की जाए -

1. महाराष्ट्र राज्य के चन्द्रपुर, नागपुर, भंडारा इत्यादि क्षेत्रों की भूमि को सिंचित किए जाने के उद्देश्य से विदर्भ क्षेत्र के अंतर्गत भंडारा जिले में गोसीखुर्द सिंचाई परियोजना वर्ष 1981 में प्रारम्भ की गई थी, लेकिन इस परियोजना के लिए आवंटित धनराशि को दूसरे कार्यों में व्यय करने के परिणामस्वरूप नक्सलवाद से प्रभावित क्षत्रों को अब तक भूमि सिंचन हेतु पानी उपलब्ध न होने से संबंधित विषय।

2. महाराष्ट्र राज्य का गड़चिरोली चिमुर संसदीय क्षेत्र का जिला मुख्यालय गड़चिरोली रेलवे नेटवर्क से नहीं जुड़ा हुआ है। नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित आदिवासी जिला गड़चिलोली को वर्षा-गड़चिरोली रेलवे नेटवर्क से जोड़ने से संबंधित विषय।

SK. SAIDUL HAQUE (BARDHMAN-DURGAPUR): Madam, I want that the following items may be included in the next week agenda:-

(a) One bye-pass at Panagarh at National Highway No.2, in West Bengal has not been constructed. Widening of NH-2 at that place is not possible because a number of structures are to be dismantled. There happens serious traffic congestion. Hence, I demand that one bye-pass at NH-2 be immediately undertaken.

(b) The Katwa-Ahmedpur Narrow Gauge Railway line is the only narrow gauge line in West Bengal to be converted into Broad Gauge line. Survey has already been done by the Railway. In this year's Railway Budget, it had been said that the survey would be done. But the survey report is already there with the Railway Department. Hence, I demand that the narrow gauge line between Katwa and Ahmedpur be immediately converted into Broad Gauge.

MADAM SPEAKER : Shri Ravindra Kumar Pandey- not present

***श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह):** माननीया अध्यक्ष महोदया, निम्नलिखित विषयों को सप्ताह के अगले कार्यसूची में जोड़ने की कृपा की जाये।

1. "दिनांक 05.03.2010 को झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी को प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए सीएनसीपीएल सूची के क्रमांक 111 से 258 तक में उल्लेखित पथों को गिरिडीह जिले में सम्मिलित करने संबंधी प्रस्तावों को केन्द्र सरकार शीघ्रातिशीघ्र आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने की आवश्यकता।"

2. "दामोदर घाटी निगम के बोकारो एवं चन्द्रपुरा ताप विद्युत केन्द्र में स्थायी प्रकृति के कार्यो वर्षों से कार्यरत लगभग 1300 ठेका श्रमिकों को शीघ्र स्थायीकरण करने और वर्ष 2007 में श्रमायुक्त, झारखण्ड के समक्ष सम्पन्न त्रिपक्षीय समझौता के अनुरूप ठेका कर्मचारियों को वर्ग "घ" के समकक्ष मान्यता प्रदान करने के पश्चात उक्त ठेका कर्मचारियों को पूर्णरूपेन स्थायी कर्मचारी के नियमित करने के पूर्व विगत् वर्ष के पुनर्रीक्षित वेतनमान के समकक्ष वेतन एवं अन्य सुविधायें प्रदान करने की आवश्यकता।

---

* Speech was laid on the Table

श्री शरद यादव (मधेपुरा): अध्यक्ष महोदया, देश का सम्पूर्ण बजट 11 लाख 18 हजार करोड़ रुपए का है और हिन्दुस्तान की जनता के 1 लाख करोड़ रुपए, टैलीकॉम डिपार्टममेंट की गलत नीतियों के चलते, बर्बाद हो गए। टैलीकॉम डिपार्टमेंट की नीतियों में कोई सामंजस्य नहीं है। प्रधान मंत्री कार्यालय की ओर से कहा गया कि बिना मशविरे के इस पॉलिसी को लागू न किया जाए, लेकिन पॉलिसी लागू कर दी गई। ''पहले आओ और पहले पाओ'' की नीति का सीधा अर्थ है कि ''पहले आओ और खूब खाओ'' . देश ही नहीं, दुनियां में इतना बड़ा घोटाले और लूट का कोई दूसरा इतिहास नहीं है। प्रणब बाबू चले गए। सिर्फ श्री जयपाल रेड्डी जी और पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर बैठे हुए हैं। श्री जयपाल रेड्डी जी को इस विषय से कोई मतलब नहीं है।

महोदया, यह मामला दो प्रकार से है। एक तो टेलीफोन टैपिंग हुई है, वह अनुमति से हुई। भारत सरकार की जो होम मिनिस्ट्री है या और विभाग हैं जैसे आई.टी. है, उनकी अनुमति से यह काम हुआ है। अखबारों में खबर आ गई और टाटा ग्रुप ऑफ कंपनीज ने साफ कहा कि हमने किस बात के लिए मशीनरी को रखा हुआ है। यह भारत सरकार है, जो लोगों की चुनी हुई सरकार है। देश के सारे अखबारों में छप रहा है कि पब्लिक सर्विसेस, पब्लिक रिलेशन्स, बाजार की एक अजीब सर्विस आई हुई है। इस पर टैक्स लगा कि नहीं, मुझे नहीं मालूम। आप कह रहे हैं कि इस पर टैक्स नहीं है, तो मैं मान लेता हूं कि इस पर टैक्स नहीं लगा है।

महोदया, टाटा कंपनी सफाई दे देती है। इस देश का जो सबसे पुराना कॉर्पोरेट हाउस है, वह तो साफ कह देता है कि हमारा काम क्या है।

न्यायसंगत तरीके से कोई भी फैसला हर तरफ हो, लेविल प्लेइंग फील्ड हो। भारत सरकार इस पर एक शब्द बोलने को तैयार नहीं है। होम मिनिस्टर का बयान आज सवेरे आया है, सिर्फ गोल-गोल, गोल-गोल है और घपला ही घपला, घपला ही घपला है। यह कोई बात है? बोल बम तो अच्छी बात है और गोल बहुत खराब बात है। उन्होंने कल जो बयान दिया, जो आज छपा है, यह होता तो यह नहीं होता, यह हो सकता है, नहीं हो सकता है। अरे, यह हम कहें तो बात अलग है, लेकिन भारत सरकार कैसे कहेगी। सरकार जिसके हाथ में है, हर तरफ लोग लगे हुए हैं, हर तरफ भारत सरकार के हाथ में इस पार्लियामेंट ने, इस देश की जनता ने अधिकार दिया हुआ है।

नहीं, यह जो आदमी है, इसको टेलीकॉम डिपार्टमेंट का जो लॉ डिपार्टमेंट है, उसने कहा कि यह काम मत करो, उनके डिपार्टमेंट के जो सैक्रेटरी *(Interruptions) ...** थे, उन्होंने साफ कहा कि यह

---

* Not recorded

काम मत करो, यह गलत काम है। वाइस चेयरमैन ने भी कहा, फाइनेंस सैक्रेटरी ने कहा, लॉ मिनिस्टर ने कहा और हर मिनिस्ट्री में जो फाइनेंस का सदस्य होता है, *(Interruptions) ...** थे, उन्होंने कहा। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: अब आप समाप्त करिये।

श्री शरद यादव : 2G स्पैक्ट्रम। कुछ लोगों का ज्ञान जो होता है, वह ज्ञान हिन्दुस्तान में गंदगी दबाने के लिए होता है। तिवारी जी, आप जो पूछ रहे हैं, मैं वही पूछना चाहता हूं, मैं उसी पर बोल रहा हूं। इसका सरकार खंडन करे। आपकी सरकार के लॉ मिनिस्टर, आपके टेलीकॉम सैक्रेटरी, टेलीकॉम मिनिस्ट्री का फाइनेंस एडवाइज़र, आपके फाइनेंस डिपार्टमेंट का सैक्रेटरी, प्राइम मिनिस्टर, यह सब जानते हैं, लगातार दोनों के बीच में चिट्ठी-पत्री हुई है, इस विभाग के मंत्री और प्राइम मिनिस्टर के बीच में आधी रात को पत्र-व्यवहार होता रहा है, उसका एकनोलिजमेंट नहीं है। रात को 12 बजे ही नहीं, दो बजे हुआ। ...(व्यवधान)

श्री मनीष तिवारी (लुधियाना): 60 हजार करोड़ रुपया जो खाया है, उसका भी जिक्र कर दीजिए। ...(व्यवधान)

श्री शरद यादव : आप उसे उठाइये। सांच को आंच क्या।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आप अपनी बात कहिये। अब आप समाप्त करिये।

श्री शरद यादव : मैं ताल ठोक कर कहता हूं, हमारा कोई घोटाला हो, एन.डी.ए. का हो तो उठाइये।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : शरद यादव जी, अब आप समाप्त करिये।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : यह क्या हो रहा है? आप बैठ जाइये। अब आप समाप्त करिये। Nothing will go on record.

(Interruptions) ... *

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइये। अब आप समाप्त करिये।

---

* Not recorded

श्री शरद यादव : अध्यक्ष जी, आप जानते हैं कि जब इस देश में मंत्रिमंडल बन रहा था, यह देश भर को मालूम है...(व्यवधान) अरे भई, बैठिये, आप क्या कर रहे हो। चलो, आप बोल लो। जब यहां मंत्रिमंडल बन रहा था...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप इधर सम्बोधित करिये। Please address the Chair. अब आप समाप्त करिये।

श्री शरद यादव : यह सब को अच्छी तरह मालूम है कि जो डी.एम.के. के नेता हैं, वे हमारे पुराने मित्र हैं। वह मुख्यमंत्री हैं। वह सदन में नहीं हैं, इसलिए मैं उनका नाम नहीं ले रहा हूं। मंत्रिमंडल के गठन के समय वे दिल्ली से नाराज होकर वापस चले गए। क्यों? ...(व्यवधान)

SHRI T.K.S. ELANGOVAN (CHENNAI NORTH): He should not say that. That was for a different reason… (*Interruptions*)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. NARAYANASAMY): The DMK Members are not with them again… (*Interruptions*)

SHRI T.K.S. ELANGOVAN : Madam, what Shri Sharad Yadav is saying is not a fact. It is a mistaken fact… (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : अब आप समाप्त करिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप अपना स्थान ग्रहण करिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब बैठ जाइए। आप समाप्त करिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप समाप्त करिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्री शरद यादव : अध्यक्षा जी, वह कह रहे हैं कि यह फैक्ट नहीं है। ...(व्यवधान) मैं आपकी बात मानता हूं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : शरद यादव जी, अब आप समाप्त करिए। आपने दस मिनट ले लिया। जीरो आवर में इतना समय नहीं लेते हैं।

...(व्यवधान)

श्री शरद यादव : अध्यक्षा जी, जो कह रहे हैं, मैं आपकी बातों को को मानता हूं कि वह फैक्ट नहीं है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : ठीक है, अब आप समाप्त करिए।

...(व्यवधान)

श्री शरद यादव : छोड़िए उसको। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप अपना स्थान ग्रहण करिए।

...(व्यवधान)

श्री शरद यादव : महोदया, मैं अंत में दो बात कहना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : जल्दी से अपनी बात कहिए।

...(व्यवधान)

श्री शरद यादव : इसी वजह से चार राजनैतिक लोगों का फोन टैपिंग हुआ। मैं तीन की बात नहीं कर रहा हूं। जो चौथा फोन टेपिंग हुआ, उसके बारे में कुछ नहीं आया है कि उसमें क्या चर्चा हुयी? आईपीएल कमिश्नर और भारत सरकार के मंत्री के बीच क्या चर्चा हुयी? ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए। आपकी बात हो गयी। शून्य प्रहर में इतना टाइम नहीं लेते।

...(व्यवधान)

श्री शरद यादव : उस चर्चा का मतलब हिंदुस्तान का जो आईपीएल है, उसमें अय्याशी और लूट का अड्डा है। ...(व्यवधान) शरद पवार जी यहां कह रहे थे कि कमिश्नर ठीक है, लेकिन मुंबई जाकर बदल गए कि कमिश्नर को हटाया जाए। यह कौन सा मेसमेरिज्म है? ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्री शरद यादव : इसलिए कानून को ठीक बनाइए और बाहर का कारपोरेट हाउस तो कहता है कि हमने ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आपकी बात होगी, आप बैठ जाइए। शून्य प्रहर में बहुत समय हो गया। अब बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्री शरद यादव : आप किसी भी तरह का साफ जवाब देने को तैयार नहीं है। हम प्रधानमंत्री जी से कहना चाहते हैं कि इस पर साफ-साफ जवाब दिया जाए। देश के एक लाख करोड़ रूपए की बात है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : बहुत-बहुत धन्यवाद। आप अपना स्थान ग्रहण करिए।

...(व्यवधान)

DR. M. THAMBIDURAI (KARUR): I may be allowed to associate with the issue raised by the hon. Member.

MADAM SPEAKER: All right.

...(व्यवधान)

DR. RATTAN SINGH AJNALA (KHADOOR SAHIB): Madam, I would like to associate with this… (*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Madam, this is the biggest scam of one lakh crore of rupees… (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : श्री राजनाथ सिंह।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : बासुदेव आचार्य जी, आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : तम्बीदुरई जी, बैठ जाइए। अजनाला जी, आप भी बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : जगदंबिका पाल जी, आप अपना स्थान ग्रहण कर लीजिए और राजनाथ सिंह जी को बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप बैठ जाइए। शून्य प्रहर चलने दीजिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : बहुत से सदस्यों को बोलना है। हम चाहते हैं कि सब लोग बोल लें।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record except what Shri Rajnath Singh says.

(Interruptions) ... *

श्री राजनाथ सिंह (ग़ाज़ियाबाद): मैडम, मैं आपके माध्यम से इस सरकार का ध्यान देश के आलू उत्पादक किसानों की दयनीय स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। आज देश के कई राज्यों में जहां आलू पैदा होता है, वहां के किसानों की स्थिति बहुत ही दयनीय हो गयी है, बहुत ही शोचनीय हो गयी है। केवल समाचार पत्रों की खबरों के आधार पर मैं यह बात नहीं कह रहा हूं। मैंने स्वयं अपने कुछ कार्यकर्ताओं को, कुछ सांसदों को कुछ राज्यों में भेजा था और पश्चिम बंगाल में स्वयं स्थिति का जायजा लेने के लिए मैं गया हुआ था। हुगली, जहां सबसे अधिक आलू पैदा होता है, उस हुगली जिले में मैं गया था, सिंगूर में भी गया था। सिंगूर में जब किसानों से उनकी हालात के बारे में जानकारी ले रहा था तो विश्वनाथ नामक एक किसान की आँखों से आँसू चलने लगे। वह फूट-फूटकर रोने लगा। वहीं पर मुझे एक जानकारी प्राप्त हुयी कि प्रवीर ढकाल नामक एक व्यक्ति जो केलेपाड़ा का रहने वाला है, उसने आलू की जो डिस्ट्रेस सेलिंग हो रही है यानी कम कीमत पर जो आलू बाजार में खरीदा जा रहा है, उसके कारण उसने जहर खा लिया था, लेकिन चिकित्सा के बाद उसे बचा लिया गया। वर्धमान जिले में उस व्यक्ति का नाम मैं लेना चाहता हूं जो आलू उत्पादक किसान है, रामकृष्ण घोष गांव बरूआ, वर्धमान जिले का रहने वाला था, इसने डिस्ट्रेस सेलिंग के कारण यानी कम कीमत पर जो आलू मार्केट में बेची जा रही थी, उसके कारण उसे लॉस हो रहा था, जिससे वह आत्महत्या करने का मजबूर हो गया और उसने आत्महत्या कर ली। ...(व्यवधान) हमारे उत्तर प्रदेश में चाहे पूर्वी उत्तर प्रदेश हो, चाहे मध्य हो या चाहे पश्चिमी हो, आज जहां-जहां भी आलू पैदा होता है, किसान त्राहि-त्राहि कर रहा है। मैं गाजियाबाद से आता हूं। हापुड़ है, आगरा है, पूर्वी उत्तर प्रदेश, वाराणसी, फरूखाबाद इन सारे जिलों में हाहाकार की स्थिति मची हुयी है।

मैं बताना चाहता हूं कि आलू पैदा करने में पर एकड़ जितनी इनपुट कॉस्ट होती है, वह इनपुट कॉस्ट निकलने की बात तो दूर, किसानों को पर एकड़ दस हजार रुपये से लेकर बीस हजार रुपये तक का घाटा उठाना पड़ रहा है। किसानों की यह हालत हो गई है। एक रुपये से लेकर 4 रुपये प्रति किलो की दर से किसान आलू बेचने को मजबूर हो रहे हैं। बाजार में चले जाइए, आलू की कीमत 8 रुपये, 10 रुपये, 15 रुपये किलो है। लेकिन किसानों को एक रुपये, 2 रुपये, 4 रुपये किलो की दर से भी कीमत प्राप्त नहीं हो रही है। स्पैकुलेटिव ट्रेडिंग होती है, वादा बाजार चलता है, सट्टे बाजारी होती है। वादा बाजार और सट्टे

* Not recorded

बाजारी के माध्यम से आलू की कीमतों को मैनिपुलेट करने का काम सट्टेबाज करते हैं जो स्पैकुलेटिव ट्रेडिंग करते हैं।...(व्यवधान) मैडम स्पीकर, मैं मांग करना चाहता हूं कि जिन-जिन आइटम्स की स्पैकुलेटिव ट्रेडिंग होती है। जो फूड आइटम्स हैं, उनमें से आलू, टमाटर और प्याज को बाहर किया जाना चाहिए, इन्हें स्पैकुलेटिव ट्रेडिंग के तहत नहीं रखा जाना चाहिए।...(व्यवधान) आप बैठ जाइए। आपको जानकारी नहीं है।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record except what Rajnath Singh *ji* is saying.

(Interruptions) ... *

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए। उन्हें बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : पवन जी, आपको मालूम नहीं होगा, इस साल वादा बाजार के माध्यम से 40 लाख टन आलू की ट्रेडिंग हुई है, जिसमें से एक्चुअल डिलीवरी केवल 7 हजार टन हुई है। ...(व्यवधान)

आपको मालूम नहीं है। आप एक रिस्पौंसीबल मिनिस्टर हैं। आपको इस तरह खड़ा नहीं होना चाहिए। मैं कहना चाहता हूं कि आपको अपनी पॉलिसी में, चाहे जिस प्रकार का स्ट्रक्चरल चेंज करना हो, चाहे प्रोसीजरल चेंज करना हो, वह चैंज लाइए, ताकि इस देश के आलू पैदा करने वाले किसानों को उनकी अपनी उपज, उत्पाद की फेयर और रैमुनरेटिव प्राइसेज़ मिल सके।

यहां लालू जी भी बैठे हुए हैं। मैं जानता हूं कि आलू के महत्व को लालू जी अच्छी तरह समझते हैं, क्योंकि जब ये बिहार के मुख्य मंत्री थे, तब कहा करते थे कि जब तक इस दुनिया में रहेगा आलू तब तक रहेगा लालू।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : लालू जी, आलू के महत्व को बराबर कहा करते थे।...(व्यवधान) इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि सरकार इस पर ध्यान दे।

* Not recorded

आज कोल्ड स्टोरेजेस में जो आलू रखा है, यदि सरकार बहुत कुछ नहीं कर सकती तो स्टोरेज चार्जेस की अदायगी सरकार द्वारा की जानी चाहिए। किसानों ने जो लोन लिया है, उस पर इंटरस्ट माफ किया जाना चाहिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : श्री राजेन्द्र अग्रवाल, श्री अर्जुन मेघवाल, डा. तरुण मंडल एवं श्री वीरेन्द्र कुमार भी इस विषय के साथ अपने को सम्बद्ध करते हैं।

...(व्यवधान)

श्री शरद यादव : अध्यक्ष महोदया, वादा बाजार,...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप अपना स्थान ग्रहण कीजिए। रिकार्ड में कुछ नहीं जाएगा।

...(व्यवधान) *

अध्यक्ष महोदया : शून्य प्रहर में जिन सदस्यों का नाम लिस्ट में है, उन्हें बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अग्रवाल जी का नाम लिस्ट में है, इसलिए आप उन्हें बोलने दीजिए। हम सबको बारी-बारी से बुलाएंगे।

...(व्यवधान)

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली): अध्यक्ष महोदया, दिल्ली से जुड़ा हुआ एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिसे मैंने अभी सबमिशन में भी उठाया था। दिल्ली का बढ़ता हुआ स्वरूप है और अब लोग यहां कोठियों के बजाए अपार्टमैंट्स बना रहे हैं। जो नक्शे से बन रहे हैं, वे अपार्टमैंट्स खरीदे और बेचे जा रहे हैं। उन अपार्टमैंट्स में तकरीबन 25 से 30 लाख लोग रहते हैं। आज सिर्फ इस वजह से लाखों मुकदमे हो रहे हैं क्योंकि उनकी खरीद और बेच नहीं हो सकती, वे सिर्फ पावर ऑफ अटार्नी पर ट्रांसफर होते हैं। उनका झगड़ा बिल्डर से भी होता है, जहां लीज़ बनी होती है, कि ग्राउंट रैंट कौन देगा, इसके ऊपर मुकदमे चलते रहते हैं। पहले भी कई बार मांग हुई है। आदरणीय मंत्री जी बॉय चांस यहां बैठे हुए हैं। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करना चाहता हूं कि अपार्टमैंट बिड आनी चाहिए, जिससे लोगों को राहत मिलेगी।

वह बहुत ओवर ड्यू हो गया है। उसकी बहुत सख्त जरूरत है। लोग बड़े पीड़ित हैं, परेशान हैं। वे मुकदमे-बाजी में लगे हुए हैं। मैं आशा करता हूं कि आप ऐसा कोई डायरेक्टिव देंगी या मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं, वे

* Not recorded

कुछ आश्वासन दे दें, जिससे दिल्ली वालों को कुछ राहत मिल जाये। हमारे पास अपनी स्टेट नहीं है, इसलिए हमें बार-बार यहां आना पड़ता है। मैं आशा करता हूं कि मंत्री जी आज कुछ न कुछ राहत दे देंगे।

DR. TARUN MANDAL (JAYNAGAR): Madam Speaker, I would like to draw the attention of the House and of the Union Government to a very sensitive and an important issue of 'paid news'. That means, if you give some money to the Press or media people, you can create your news, which is being done in our newspapers and TV channel, which is undermining democracy and it is a fraud on Indian people. It has already acquired a menacing proportion as deposed by one of the Opposition leaders that "it started out as an aberration, went on to become a disease and is now an epidemic."

The phenomenon of 'paid news' emergence traces back over many years. The Press Council of India recently did an investigation which revealed that some of the biggest media groups in the country are involved in indulging this 'paid news' practices.

That report of the Press Council of India also said: "The phenomenon of 'paid news' goes beyond the corruption of individual journalists and media companies. It has become pervasive, structured and highly organized, and in the process is undermining democracy in India."

The report also indicated that the deception or fraud has three levels. Firstly, the publication or views of the Television programme is deceived into believing that what is essentially an advertisement is taken to be as an independent news.

Secondly, by not officially declaring the expenditure by any candidate for a 'paid news', thereby it is violating the Conduct of Election Rules, 1961.

Thirdly, by not accounting the money received from candidates, the concerned media company is violating the provisions of the Companies Act, 1956 and the Income Tax Act, 1961.

MADAM SPEAKER: Please conclude now.

DR. TARUN MANDAL (JAYNAGAR): I would like to make a demand to the Government that it should activate the Election Commission of India to take proper action, and also the Press Council of India and the Government of India must look into this serious matter as the Press and media are being the Fourth Pillar of democracy.

श्री महाबली सिंह (काराकाट): अध्यक्ष महोदया, बंगलादेश और नेपाल के रास्ते बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में जाली नोटों का धंधा बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है। राजधानी से लेकर जिला और ग्रामीण इलाकों तक ऐसे गिरोह फैले हुए हैं, जिनका शिकार ग्रामीण जनता बड़े पैमाने पर हो रही है। एक गिरोह द्वारा गांव में छोटे-छोटे दुकानदारों और व्यापारियों के माध्यम से जाली नोट चलाये जा रहे हैं। इस तरह ग्रामीण जनता के पास वे जाली नोट पहुंचते हैं। जब वे लोग पैसे लेकर बैंक जाते हैं, तो पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर लेती है। बड़े-बड़े तस्कर नहीं पकड़े जाते, जबकि ग्रामीण जनता इसकी शिकार हो रही है। इसके साथ-साथ कई जगह जैसे पटना, उत्तर प्रदेश, गोवा, मुम्बई आदि में एटीएम और बैंक के माध्यम से जाली नोट आ रहे हैं। देश की अर्थव्यवस्था इसका बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं कि सरकार इस संबंध में कठोर से कठोर कानून बनाये, ताकि ऐसे देशद्रोही तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि इस गंभीर लोक महत्व के मामले पर बोलने का अवसर दिया।

मैं अति पिछड़े इलाके से आता हूं। अररिया संसदीय क्षेत्र नेपाल और बंगाल के बॉर्डर से लगा हुआ है। शायद पहली बार मुझे सदन में बोलने का अवसर मिला है। मैं उस धरती से आता हूं जहां फणीश्वर नाथ रेणु, रामलाल सिंह स्नेही और बिजदेनी जैसे साहित्यकारों का जन्म हुआ।

महोदया, पिछले वर्ष आई कोसी नदी की बाढ़ ने मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया को जानमाल का गंभीर नुकसान पहुंचाया था। मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि अभी इस क्षेत्र की जनता के आंसू थमे भी नहीं थे कि भयंकर चक्रवाती तूफान ने मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया को तहस-नहस कर दिया। भारत के पूर्वी भाग में आए भीषण चक्रवात से भारी तबाही हुई है। चक्रवात से बिहार, पश्चिम बंगाल और असम राज्य भी प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया के जोगीहाट, भरगामा, नरपतगंज, रानीगंज आदि प्रखण्डों में लगभग चालीस लोगों के जीवन को समाप्त कर दिया है। इस भयंकर चक्रवात से करोड़ों रूपए की संपत्ति, जान-माल तथा गरीब किसान की 70 प्रतिशत फसल तबाह हुई है। मक्के और सूरजमुखी की फसल लगभग समाप्त हो चुकी है। मुझे दुख के साथ कहन पड़ रहा है कि पिछली बार बाढ़ के समय

माननीय प्रधानमंत्री जी ने मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया का दौरा किया था, पीड़ितों के लिए विशेष पैकेज का भी ऐलान किया था, लेकिन आज तक केन्द्र सरकार की तरफ से कोई सहायता हमें प्राप्त नहीं हुई है। इसी प्रकार से तूफान की चपेट में आए अररिया संसदीय क्षेत्र की जनता को राज्य सरकार की तरफ से उचित मदद मिल रही है, लेकिन अभी तक केन्द्र सरकार की तरफ से किसी प्रकार की आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं हुई है। बिहार के साथ हमेशा अन्याय और भेदभावपूर्ण व्यवहार होता रहा है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि बिहार को विशेष राज्य का पैकेज देना चाहिए। कभी वहां की बिजली काट दी जाती है, कभी बीपीएल लिस्ट से गरीब लोगों के नाम काट दिए जाते हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि बिहार के साथ भेदभाव न किया जाए। इसी बात के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर): वहां बाढ़ का एक भी पैसा नहीं मिला है लोगों को।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप लोग शान्त हो जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : मै चाहती हूं कि सभी माननीय सदस्यों को बोलने का अवसर मिले। माननीय सदस्य को बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : माननीय सदस्य श्री हुक्मदेव नारायण यादव, श्री कीर्ति आजाद, श्री नामा नागेश्वर राव, श्री उदय सिंह एवं श्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन ने श्री प्रदीप कुमार सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ स्वयं को सम्बद्ध किया है।

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Madam, I want to raise a very important matter and urgent matter before this august House for its consideration.

As we are all aware, last year the Union Cabinet had introduced an innovative scheme to waive interest on education loans. The scheme envisages providing full subsidy on interest on loans taken by students belonging to economically weaker sections from the banks under the Education Loan Scheme. This would definitely help a large number of poor students who are availing loans from banks.

Now, the bank authorities are pressurizing students to make interest payment during their course tenure, for the loans taken before April, 2009 saying they are not applicable for interest subsidy scheme. In fact, it is a violation of

policies framed for education loan. After the announcement of interest subsidy on education loans, the parents who are availing education loans did not pay interest on their loans for the last few months. In view of above circumstances the bank authorities defer to issue next instalment of loans to student. This would generate severe situations among banks and students. In such a situation most of the students would be compelled to break off their education on a halfway due to financial problems. This situation will adversely affect the merit of this notable scheme and the Government should intervene in this issue timely for rescuing the future of lakhs of students in our country.

Most of the students belong to poor families and they do not have any source of paying higher rate of interest. For those suffering students, this decision of the UPA Government to provide interest subsidy was a relief from their hardships. As everyone is aware the fee structure and cost of education is not affordable for parents who are living in average living conditions in the States such as Kerala. If this condition may be continuing, lakhs of students from economically weaker sections will lose their future.

Therefore, the Government should take urgent action to extend the range of interest subsidy to all the students who are availing education loans currently. Also, ensure immediate distribution of the circular of the subsidy scheme, as it has not reached out to the banks so far. Also, the Government should ensure speedy implementation of this decision through apparent orders and instruct the banks *via* Indian Banks Association. Thank you.… (*Interruptions*)

SHRI P.T. THOMAS (IDUKKI): Madam, it is a very serious matter.

SHRI KODIKKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Madam, this is a very serious matter.

MADAM SPEAKER: Do you want to associate yourself with the matter raised by him? Please send your name to the Table.

Shri A.K.S. Vijayan and Shri R. Thamaraiselvan with associate with the matter raised by Shri K.C. Venugopal.

श्री लालू प्रसाद (सारण): मैडम, सन् 1931 तक देश में जनगणना जातीय आधार पर होती थी। देश में जनगणना होती थी उसमें बैकवर्ड क्लासेज़, सिटीजन्स ऑफ इंडिया जो हैं, ब्रैकेट में जाति लिखी जाती थी। अभी जो जनगणना हो रही है, मुझे बताया गया है कि उसमें ऐसा नहीं हो रहा है। लॉ मिनिस्टर जी ने भी कहा था कि जाति आधार पर जनगणना हो, लेकिन कहीं से प्रेशर आने के बाद एक साजिश के तहत वर्तमान में हो रही जनगणना से पिछड़े वर्गे को हटा दिया गया है। अब कैसे मालूम होगा कि बैकवर्ड क्लास वालों की संख्या क्या है और वे कैसे अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे। इसलिए हमारी पुरजोर मांग है कि आप जनगणना कराएं, लेकिन जैसे सन् 1931 की तरह जनगणना होती थी, उस आधार पर कराएं और उसमें जाति को भी रखें। यह बहुत जबर्दस्त साजिश है, सरकार को इसे देखना चाहिए।...(व्यवधान)

श्री गणेश सिंह (सतना): मैं भी अपने आपको लालू जी के इस मुद्दे से सम्बद्ध करता हूं।

श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी): यह बहुत गम्भीर मामला है।

श्रीमती सुषमा स्वराज (विदिशा): अध्यक्ष महोदया, जनगणना से सम्बन्धित बहुत महत्वपूर्ण विषय उभर कर आ रहे हैं। एक विषय लालू जी ने अभी यहां रखा है। मेरा आपसे अनुरोध है कि नियम 193 के तहत इस पर एक सम्पूर्ण चर्चा कराई जाए ताकि इससे सम्बन्धित तमाम विषयों पर हम अपनी बातों को रख सकें। इसलिए बीएसी में इस पर निर्णय लिया जाए और जनगणना पर पूरी चर्चा कराई जाए।

SHRI V. NARAYANASAMY : If the notice is given in proper form, the hon. Speaker can consider that.

श्री लालू प्रसाद : इसी सत्र में कराई जाए, नहीं तो सोमवार को हम फिर यह मामला उठाएंगे।

अध्यक्ष महोदया: ठीक है, आप इस पर नोटिस दे दें।

श्री शरद यादव : सुषमा जी ने जो कहा, उस बारे में आपका क्या कहना है?

अध्यक्ष महोदया: मैंने उसे मान लिया है। आप उस बारे में नोटिस दे दें।

श्री अनंत गंगाराम गीते (रायगढ़): अध्यक्षा जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। मुम्बई उपनगरीय रेल मुम्बई की जीवन रेखा है। रोजाना लगभग 65 लाख यात्री इसमें यात्रा करते हैं। मुम्बई उप नगरीय रेल के जो मोटर मैन हैं और दूसरे कर्मचारी हैं, वे अपनी अलग-अलग मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि रेल मंत्रालय ने उनकी मांगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है। वे अपनी इन मांगों को लेकर तीन मई से अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर भी जाने वाले हैं। यदि ये लोग अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर जाते हैं तो पूरे मुम्बई की कानून व्यवस्था बाधित हो सकती है। मुम्बई में यदि रेल यात्रा बंद हो जाती है तो उसका दुष्परिणाम पूरी मुम्बई के रहन-

सहन पर पड़ेगा और कानून व्यवस्था ही बिगड़ सकती है। मुम्बई में 65 लाख से ज्यादा यात्री रोजाना यात्रा करते हैं। आप समझ सकते हैं कि इनके हड़ताल पर चले जाने से मुम्बई पर क्या असर पड़ेगा। अध्यक्ष महोदया जी, इसलिए आपके माध्यम से मेरी रेल मंत्री जी से मांग है और मैं उनसे प्रार्थना करता हूं कि भूख-हड़ताल होने से पूर्व, इन सारे कर्मचारियों के जो संगठन हैं उनसे माननीय रेल मंत्री जी बात करें और इस प्रकार से भूख-हड़ताल के बाद, अगर रेल बंद हो जाती है और उससे जो स्थिति उत्पन्न होगी, उसे रोकने का प्रयास रेल मंत्री जी करें।

अध्यक्ष महोदया : श्री गोपीनाथ मुंडे तथा श्री आनंद प्रकाश परांजपे जी को श्री अनंत गंगाराम गीते द्वारा उठाये गये मामले से सम्बद्ध किया जाता है।

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): अध्यक्ष महोदया जी, मैं आपका अत्यन्त आभारी हूं कि आपने देश के करोड़ों किसानों से जुड़े हुए लोक महत्व के प्रश्न को उठाने की अनुमति दी है। आज संपूर्ण देश में किसानों की अगर कोई कैश-क्रॉप है या कोई नगदी फसल है तो पूरे देश का किसान गन्ने की आय पर ही निर्भर करता है। किसान के घर के जीविकोपार्जन की बात हो या उनके घर की न्यूनतम प्रतिपूर्ति का सवाल हो, उसकी प्रतिपूर्ति गन्ने की नगदी फसल से ही होती है। आपने पिछले दिनों देखा कि संपूर्ण उत्तर भारत के किसान गन्ना मूल्य को लेकर, देश की राजधानी दिल्ली में आये थे और जिस तरह संघर्ष और आंदोलन के बाद, उनके गन्ना मूल्य का निर्धारण हुआ और आज मूल्य निर्धारण के बाद, किसानों ने अपने गन्ने को चीनी-मिलों को दिया। चीनी मिलों में गन्ना पिराई का वर्ष 2009-2010 का सत्र समाप्त हो चुका है और इंडियन शुगर कंट्रोल एक्ट की धारा(पांच) में है कि अगर किसान जिस दिन अपना गन्ना चीनी मिलों को देता है, उसकी आपूर्ति के 15 दिन बाद, उसके गन्ने के मूल्य का भुगतान करना मिल की बाध्यता है, यह अधिनियम में है। अगर वह गन्ने का भुगतान नहीं करता है तो उस गन्ना मूल्य पर उसे 10 प्रतिशत ब्याज भी मिलेगा। आप देखिये कि अगर और जगहों पर अधिनियम लागू हैं तो उस अधिनियम का अनुपालन हो रहा है, लाभ हो रहा है लेकिन देश के करोड़ों किसान जो असंगठित हैं, इस नाते उनका कोई दबाव नहीं है और आज ये चीनी मिलें, चाहे वे इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन (एस्मा) से जुड़ी हुई हों, चाहे निजी क्षेत्र की हों या सहकारी क्षेत्र की हों, चाहे संघ क्षेत्र की चीनी मिलें हों, मैं भारी मन से कह रहा हूं को करोड़ों रुपया गन्ना मूल्य मिलों पर बाकी है।

इससे सभी सहमत होंगे कि अगर गन्ना कैश-क्रॉप है, गन्ना नगदी फसल है तो किसान अपनी बेटी का विवाह, उन्हीं गन्ने की पर्चियों के भुगतान से करता है। उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के लोग भी सहमत होंगे कि अगर किसान को उस गन्ने के मूल्य का भुगतान नहीं होता है तो किसान की बेटी का विवाह भी

स्थगित हो जाता है। ये बातें हम आये दिन देखते हैं और हम इसमें कितना सहयोग कर सकते हैं। बूढ़े बाप के इलाज के लिए मेडीकल कॉलिज ले जाने के लिए किसान के पास कोई पैसा नहीं होता है, उन्हीं पर्चियों को गिरवी रखकर पैसा देता है और जब गिरवी रखने के बाद भी भुगतान मिलें नहीं करती हैं, कई सोसाइटियां नहीं करती हैं तो उनके सामने आत्महत्या की स्थिति आ जाती है। बच्चों के स्कूल से नाम कट जाते हैं, उनकी फीस नहीं दी जा सकती है। ...(व्यवधान) आज उत्तर प्रदेश में 1111 करोड़ 95 लाख रुपया बाकी है। ग्यारह सौ करोड़ रुपया गन्ना किसानों का है, यह किसी एक व्यक्ति का नहीं है। किसी का दो हजार, किसी का चार हजार है। इस तरह से 128 मिलों पर रुपया बाकी है। यह इंडियन शुगर कंट्रोल एक्ट से होता है कि उन मिलों के खिलाफ रिकवरी जारी होनी चाहिए, आरसी सर्टिफिकेट जारी होना चाहिए और इसके बाद भी भुगतान नहीं करते हैं तो उसका क्या कारण है? अगर किसान खाद, बीज और पंपिंग सैट के लिए लिया पैसा बैंक को नहीं देता है तो वह तो लॉक-अप में बंद हो जाता है।

लोकअप में बंद हो जाता है, आरसी जारी हो जाती है और ये मिल मालिक करोड़ों रुपया गन्ना मूल्य नहीं दे रहे हैं, तो एयरकंडीशंड घरों में बैठे हुए हैं। इनके खिलाफ राज्य सरकारें आरसी जारी नहीं कर रही हैं।

अध्यक्ष महोदया : आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री जगदम्बिका पाल : महोदया, इससे महत्वपूर्ण कोई बात नहीं हो सकती है। 1100 करोड़ रुपया उत्तर प्रदेश के किसानों पर बाकी है। मैं कहना चाहता हूं कि 565 लाख टन गन्ने की पिराई हुई है। किसान रोज केन सोसायटीज के चक्कर लगा रहा है, लेकिन कोई कदम भी राज्य सरकार द्वारा नहीं उठाया गया है। बहुजन समाज पार्टी की सरकार के कार्यकाल के तीन साल पूरे होने जा रहे हैं, कम से कम अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले उन मिल मालिकों के खिलाफ कार्यवाही करे। गन्ना भुगतान करना सुनिश्चित जिम्मेदारी है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाएं।

श्री रेवती रमन सिंह, आप बोलिए।

...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : 1100 करोड़ रुपयों का गन्ना मूल्य बाकी है। मैं किसानों के हित की बात कह रहा हूं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : कुछ भी रिकार्ड में नहीं जाएगा।

श्री रेवती रमन सिंह।

...(व्यवधान) *

* Not recorded

अध्यक्ष महोदया : अगर आप अपने को सम्बद्ध करना चाहते हैं, तो आप अपना नाम टेबल पर भेज दीजिए।

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय (श्रावस्ती): महोदया, मैं अपने को श्री जगदम्बिका पाल द्वारा गन्ना किसानों की समस्या मुद्दे से सम्बद्ध करता हूं।

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): महोदया, मैं भी अपने को श्री जगदम्बिका पाल द्वारा गन्ना किसानों की समस्या मुद्दे से सम्बद्ध करता हूं।

12.52 hrs.

SUBMISSION BY MEMBER

Re: Need to enhance the recommendatory quota of MPs for grant of financial relief from Prime Minister's Relief Fund for critically ill patients

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद): महोदया, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि पांच दिन बाद लाटरी में मेरा नाम निकला और आपने मुझे बोलने का मौका दिया। गम्भीर रूप से बीमार व्यक्तियों को, जैसे कैंसर, एड्स, हार्ट, गुर्दा, किडनी का कहीं से पैसा नहीं मिलता है। सिर्फ प्रधानमंत्री राहत कोष एकमात्र साधन है, जहां से पैसा मिलता है। हमने देखा है कि हमें चिट्ठी भेज दी जाती है कि आपके 24 मामलों में पैसा दे दिया गया है और अब राहत कोष में पैसा नहीं है, आपका कोटा पूरा हो गया है। मैं पूछना चाहता हूं कि गरीब आदमी क्या कर सकता है। वह राम-राम जप कर परलोक सिधार जाए, सिर्फ यही हो सकता है। यह वेलफेयर स्टेट है, कल्याणकारी राज्य में हर नागरिक की बात कांग्रेस पार्टी और यूपीए की सरकार करती है। आम आदमी को अगर गंभीर बीमारी के लिए पैसा चाहिए, तो हमें चिट्ठी मिलती है कि आपका कोटा पूरा हो गया है। हम चाहते हैं कि अगर प्रधानमंत्री राहत कोष में धन की कमी है, तो हम सांसदों से पैसा ले लें, हम सभी सांसद पैसा देने के लिए तैयार हैं, लेकिन इस तरह का काम न किया जाए कि गरीब मरता रहे।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि इतना विलम्ब से पैसा मिलता है, तब तक बहुत से मरीज परलोक सिधार जाते हैं। मैं चाहता हूं कि अगर इनके पास चिकित्सा हेतु धन की कमी है, तो सरकार वैकल्पिक व्यवस्था करे। राष्ट्रीय चिकित्सा राहत कोष बनाए। महोदया, जब मुलायम सिंह जी मिनिस्टर थे, तब इन्होंने भरपूर पैसा दिया था। मैं चाहता हूं कि उसी तरह की व्यवस्था पूरे देश में लागू हो। धन्यवाद।

अध्यक्ष महोदया : श्रीमती सुस्मिता बाउरी, शेख सैदुल हक़, श्री पुलीन बिहारी बासके और श्री राजेन्द्र अग्रवाल अपने को इस विषय से सम्बद्ध करते हैं।

...(व्यवधान)

श्री तूफ़ानी सरोज (मछलीशहर): इसमें कोटे वाली लिमिट खत्म कराई जाए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : श्री रवनीत सिंह, आप बोलिये।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप उन्हें बोलने दीजिए, वह नये मैम्बर हैं। आप नये मैम्बर को बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप अपने आपको इस विषय से एसोसिएट कर लीजिए।

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record.

(Interruptions) ... *

अध्यक्ष महोदया : वह नये मैम्बर हैं, आप उन्हें बोलने दीजिए। आप बैठ जाइये। आप नये सदस्य को बोलने दीजिए। आप अपने आपको इससे सम्बद्ध कर लीजिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : रघुवंश प्रसाद जी, वह एक नये सदस्य बोल रहे हैं। आप जरा सुन लीजिए।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. NARAYANASAMY): Madam, what the hon. Member Shri Rewati Raman Singh brought to the notice of the House is a very serious matter. I will convey the sentiments of the House to the hon. Prime Minister. … (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : रघुवंश प्रसाद जी, अब आप बैठ जाइये।

श्री रवनीत सिंह (आनंदपुर साहिब): अध्यक्ष महोदया, सबसे पहले मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे सदन में बोलने का मौका दिया। मैं पंजाब के कंडी इलाके की बात करना चाहता हूं जो पंजाब का दस परसैन्ट हिस्सा है और 58 हजार हैक्टेअर जमीन उसके अंदर आती है। पंजाब की टोटल जमीन की दस परसैन्ट कंडी एरिया की जमीन है और पंजाब के सबसे बड़े ग्रीन एरिया को यह क्षेत्र कवर करता है। लेकिन हिमाचल प्रदेश के साथ लगने के कारण वहां का जो जंगल है, वह बिल्कुल खत्म होता जा रहा है और वहां से सारे जंगली जानवर नीचे कंडी एरिया में आकर किसानों की फसल को पूरी तरह से नष्ट कर देते हैं। क्योंकि हमारे यहां शिकार करने पर बिल्कुल पाबंदी है, हालांकि यह ठीक भी है। लेकिन जो वहां के इलाके के किसान हैं, उनकी लैंड होल्डिंग पहले ही बहुत कम है। वहां दो या तीन एकड़ वाले किसान हैं।

महोदया, मैं आपको बताना चाहता हूं कि किसी भी एरिया से अब वहां कोई शादी भी नहीं करना चाहता, क्योंकि वहां के नौजवान लड़के जंगलों में सारे दिन और रात जंगली जानवरों से अपनी फसल बचाने के लिए बैठे रहते हैं। ...(व्यवधान)

* Not recorded

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record. Please do not disturb him. He is a new Member. Please do not disturb him. Let us observe this…

(Interruptions) …[*]

श्री रवनीत सिंह : मैं इस बात से सहमत हूं कि हमें जंगली जानवरों के बारे में भी सोचना चाहिए। लेकिन साथ ही वहां के लोगों के बारे में भी सरकार को सोचना चाहिए और वहां कंटीली तार के लगाने के बारे में भी सोचना चाहिए। क्योंकि वहां जो पीएलपीए एक्ट है, वह अंग्रेजों के समय का बना हुआ है, जिसके कारण हम वहां के दरख्त भी नहीं काट सकते हैं। इसलिए सरकार को वहां कोई न कोई रॉयल्टी देनी चाहिए, कोई न कोई प्रबंध जरूर करना चाहिए तथा वहां के लोगों को मुआवजा देना चाहिए।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार द्वारा एआईबीपी स्कीम के तहत वहां कंडी कैनाल बनाने की योजना थी, उससे वहां के बहुत अधिक लोगों का इसका फायदा मिलना था। लेकिन यह कैनाल जहां से निकलनी थी, पंजाब सरकार ने उसका ट्रैक अपने आप ही चेंज कर दिया। हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों के साथ कंडी कैनाल निकलनी चाहिए थी, लेकिन जहां ट्यूबवैल्स लगे हुए हैं, जहां लोगों को सिंचाई का पानी पहले से ही मिल रहा है, वहां वे कंडी कैनाल निकालने जा रहे हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से गुजारिश करूंगा कि उसे रोकना चाहिए और पहले सैन्ट्रल गवर्नमैन्ट ने जो रास्ता डिसाइड किया था, वहीं पर यह कैनाल बननी चाहिए। इसके साथ ही उस एरिया में कोई न कोई इको-फ्रैंडली, जैसे हिमाचल प्रदेश के इंडस्ट्रीज को पैकेज दिया था, क्योंकि यह एरिया भी पहाड़ों के साथ ही पड़ता है। इसलिए वहां जम्मू-कश्मीर या हिमाचल प्रदेश की तरह कोई न कोई इको-फ्रैंडली इंडस्ट्रीज के लिए पैकेज देना चाहिए।

इसके साथ ही मैं फिर से आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

[*] Not recorded

13.00 hrs.

अध्यक्ष महोदया : माननीय सदस्यो, पिछले दो दिन से ज़ीरो ऑवर नहीं हुआ है। मेरे पास बहुत लम्बी सूची है। मैं चाहती हूं कि सभी माननीय सदस्य बोलें। अगर आप सब की राय हो तो हम भोजनावकाश डेढ बजे से ढाई बजे तक करेंगे।

कुछ माननीय सदस्य : ठीक है।

श्री गणेश सिंह (सतना): अध्यक्ष महोदया, बहुत दिनों के बाद मेरा नम्बर लगा है, इसके लिये मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी बात रखने का अवसर दिया। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार और विशेा रूप से रेल मंत्रालय का ध्यान सतना लोकसभा क्षेत्र, जो मेरा निर्वाचन क्षेत्र है जहां विगत 17 अप्रेल से लगातार अनिश्चितकालीन धरना और सत्याग्रह जिसे मैंने खुद दिनभर बैठकर पारम्भ किया था, की ओर दिलाना चाहता हूं। इस आन्दोलन का आज 14वां दिन है। संसदीय संर्घा समिति ने रेल सम्बंधी समस्याओं को लेकर 42-सूत्री ज्ञापन रेल मंत्री जी को और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से स्वयं मिलकर 15 अप्रेल को दिया था। मेरे लोक सभा क्षेत्र से इलाहाबाद-मुम्बई रेलमार्ग निकलता है और इस मार्ग से 50 जोड़ी रेलगाडियां निकलती हैं लेकिन मेरे क्षेत्र के 20 रेलवे स्टेशन बुनियादी सुविधाओं से मोहताज हैं। गाड़ियां तो निकलती हैं लेकिन इमरजैंसी कोटा किसी में भी नहीं है जबकि सतना एवं मईहर धार्मिक एवं पर्यटन की दृटि से बहुत महत्वपूर्ण स्थान हैं जहां वर्ा में करोड़ों लोगों का आना-जाना होता है। फिर भी रेल मंत्रालय इसकी लगातार उपेक्षा कर रहा है। मैंने पिछली लोक सभा में और वर्तमान लोकसभा में इन समस्यांओं के निदान के लिये अपनी बातें .यहां रखी हैं परन्तु सफलता नहीं के बराबर मिली है। इसलिये मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि आन्दोलन को गम्भीरता से लेते हुये तत्काल उच्चस्तरीय वार्ता कराकर समस्याओं का समाधान करें अन्यथा मुझे 3 मई से जबलपुर एवं 6 मई से रेलवे बोर्ड के सामने सत्याग्रह पर बैठने के लिये मजबूर होना पड़ेगा।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. NARAYANASAMY): Madam, this Green Tribunal Bill has been carried over from the first part of the Budget session. If the hon. Speaker agrees, we can dispense with the lunch hour and finish that Bill before 3.30.

MADAM SPEAKER: Is it all right?

SOME HON. MEMBERS: Yes.

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया। यह दलितों की सुरक्षा, दलितों के मान-सम्मान से संबंधित विषय है। आजादी के 63 साल बाद भी दलितों पर जातिगत भावना से प्रेरित अत्याचार की घटनाओं में कमी नहीं हो रही है। हरियाणा में मिर्चपुर कांड से पैदा हुआ तनाव अभी खत्म नहीं हुआ था जहां एक सप्ताह पहले एक दलित पिता-पुत्री को जिन्दा जला दिया गया, 100 दलित घरों को आग की भेंट चढ़ा दिया गया था। श्री राहुल गांधी कल उस गांव में गये थे ताकि उन दलितों को कुछ सांत्वना दे सकें, उनके दुख-सुख में शामिल हो सकें।

अध्यक्ष महोदया, अभी दो दिन पहले अम्बाला जिला में सोहाता गांव में दलित दूल्हे को घोड़ी पर बैठकर मन्दिर में मत्था टेकने से वहां के दबंगों द्वारा रोका गया तथा मारपीट की गई। यह परम्परा है कि अपने गांव में बारात प्रस्थान होने से पहले दूल्हा अपने परिजनों और अपने सगे-संबंधियों के साथ मन्दिर में मत्था टेकने जाता है। मान्यता यह भी है कि बारात जाने से पहले मत्था टेककर प्रस्थान करने से बारात इज्जत के साथ बिना किसी विघ्न के दुल्हन दूल्हे के घर के आंगन में आती है। अत्यंत खेद का विाय है कि दलितों की बारात को दबंगों द्वारा रोककर उनके साथ मारपीट की गई जिसमें दूल्हे सहित अन्य परिजन घायल हुये। पुलिस ने खानापूर्ति करते हुये 21 लोगों के खिलाफ एस. सी. एस.टी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया लेकिन अभी तक किसी अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया गया है और न ही कोई प्रभावी कार्यवाही की गई है। हरियाणा में जातिगत भावना को लेकर अनेक प्रकार की घटनायें घटित होती रहती हैं। वहां पर खाप पंचायतें कानून अपने हाथ में लेकर सामान्तर सरकार चला रही है। पता नहीं, हरियाणा में हम किस युग में रह रहे हैं?

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं कि इन घटनांओं को अत्यंत गम्भीरता से लिया जाये और इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिये नया कानून बनाकर कठोर दंड का प्रावधान किया जाये। राज्य सरकारों को ऐसे मामलों में कोई भी ढ़िलाई न बरतने के निर्देश दिये जायें। इसके साथ-साथ मैं यह भी आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि समाज में दलितो के प्रति भावना बदलनी चाहिए। यहां तक कि गुजरात के मुख्यमंत्री दलितों के प्रति क्या भावना रखते हैं, उसका उल्लेख उन्होंने अपनी खुद की लिखी हुई किताब में किया हुआ है। यह बहुत निन्दनीय है।...(व्यवधान) अगर संवैधानिक पद पर बैठे हुए व्यक्ति इस तरह की धारणा रखते हैं तो वह निन्दनीय है। भविष्य में इस तरह का प्रावधान करना चाहिए कि जो भी दलितों के प्रति इस तरह की भावना रखते हैं, वह

संविधान के खिलाफ है और उन्हें चुनाव लड़ने या इस तरह के संवैधानिक पद होल्ड करने से वंचित किया जाना चाहिए। इस तरह की व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए।

महोदया, मैं आपके माध्यम से आग्रह करता हूं कि उनके विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। धन्यवाद।...(व्यवधान)

श्री खिलाड़ी लाल बैरवा (करौली धौलपुर): महोदया, मैं अपने को श्री पन्ना लाल पुनिया जी के मुद्दे से सम्बद्ध करता हूं।

अध्यक्ष महोदया : श्री खिलाड़ी लाल बैरवा और श्री रतन सिंह श्री पन्ना लाल पुनिया द्वारा उठाए गए विषय से अपने को संबद्ध करते हैं।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब श्रीमती मीना सिंह जी को बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

श्रीमती मीना सिंह (आरा): महोदया, आपने मुझे लोक महत्व के इस विषय को शून्य काल में उठाने की अनुमति प्रदान की।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : एक महिला बोल रही हैं, आप उन्हें सुनिये।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : रघुवंश प्रसाद जी, आपका माइक ठीक है और वह काम करता है। आप बैठ जाइए। आप चाहें तो अपने को इससे जोड़ लीजिए।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record.

(Interruptions) ...[*]

अध्यक्ष महोदया : आप उन्हें बोलने दीजिए।

श्रीमती मीना सिंह : महोदया, आपने मुझे लोक महत्व के इस विषय को शून्य काल में उठाने की अनुमति प्रदान की, इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करती हूं।

महोदया, बिहार प्रान्त अन्तर्गत भोजपुरा जिला, जिसके अन्तर्गत मेरा संसदीय क्षेत्र आता है तथा जिसे आपका गृह जिला होने का सौभाग्य प्राप्त है, वह एक गंभीर संकट से गुजर रहा है। मुझे सूचना मिली है कि विगत एक-दो वर्षों में भोजपुर जिले में सैकड़ों जन्मांध बच्चे पैदा हुए हैं। इनमें से करीब पचास बच्चों

[*] Not recorded

का इलाज आरा के एक निजी अस्पताल में वहां के प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ. केडिया के द्वारा किया जा रहा है।

महोदया, मुझे वहां के चिकित्सकों द्वारा यह बताया गया है कि जेनेटिक डिसआडर, पर्यावरण की गड़बड़ी, दूषित पानी एवं विटामिन की कमी आदि के कारण ऐसा हो सकता है।

महोदया, किसी भी मां-बाप के लिए उसकी औलाद की क्या अहमियत है, इससे आप एवं सारा सदन अवगत है। ऐसे में जिन परिवारों में ऐसे बच्चों ने जन्म लिया है, उन परिवारों की स्थिति का वर्णन करना संभव नहीं है।

महोदया, हम सभी यह कहते हैं कि आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं। ऐसी स्थिति में मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि यथाशीघ्र केंद्र से जेनेटिक, पर्यावरण एवं नेत्र विशेषज्ञों की टीम भोजपुर भेजी जाए ताकि इस गंभीर समस्या का निदान किया जा सके।

महोदया, चूंकि भोजपुर आपका भी गृह जनपद है, इसलिए मैं विशेष रूप से इस समस्या के निदान के लिए आपका सहयोग चाहती हूं, ताकि भविष्य में ऐसे बच्चे पैदा न हों, जो जन्म से ही अंधे हों। धन्यवाद।

श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर): महोदया, सबसे पहले मैं यह कहना चाहता हूं कि शून्य काल में जो बाधा होती है, इससे हम लोगों को निजात मिलनी चाहिए। बहुत मुश्किल से बोलने का नम्बर आ पाता है। महोदया, इस तरह से जो अतिक्रमण हो रहा है, इससे सदस्यों को निजात दिलाना चाहिए। हम यहां अपने क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर आते हैं और लोग हमसे उम्मीद रखते हैं। क्षेत्रों की तमाम समस्याएं हैं, जैसे हमारा जिला सूफी संत कबीर की निर्वाण स्थली है। हमारे जनपद के तमाम लोग बाहर नौकरी करते हैं। वे सैनिक हैं, कुछ भूतपूर्व सैनिक हैं, रेलवे में काम करते हैं। हमारे यहां एक भी सेंट्रल स्कूल नहीं है, हम इस पर ध्यान दिलाना चाहते हैं कि हमारे जनपद में एक केन्द्रीय विद्यालय जरूर होना चाहिए। हम लोग इसके बारे में लिखते हैं, सरकार से बात करते हैं, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं आता है। संत कबीर नगर, सूफी संत कबीर की निर्वाण स्थली है। पूर्वांचल में सबसे ज्यादा लोग खेती पर निर्भर करते हैं। वहां शिक्षा का अभाव है। वहां खेती की ट्रेनिंग देने की कोई व्यवस्था नहीं है। हमारे यहां गन्ने की खेती सबसे अच्छी होती है, लेकिन गन्ना किसानों की ट्रेनिंग की व्यवस्था नहीं है। पूर्वांचल में संत कबीर के नाम से कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना होनी चाहिए, ताकि वहां के किसानों को कृषि की ट्रेनिंग दिलायी जा सके।...(व्यवधान)

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय : उत्तर प्रदेश सरकार से एक भी प्रपोज़ल केन्द्र सरकार को प्राप्त नहीं हुआ है...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप क्यों बोल रहे हैं? आप बैठ जाइए। उनको बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी : महोदया, पूर्वांचल का इलाका नदियों की बाढ़ से पीड़ित है। यहां किसानों की समस्याएं हैं। बेरोजगारी की समस्या है। पूर्वांचल और बिहार के नौजवानों को रोजगार के लिए दूसरे इलाकों में जाकर ज़लालत झेलनी पड़ती है। यहां के किसान मजबूरी में असहाय होकर अपनी लड़कियों की शादी तक टाल दिया करते हैं। किसान भी खुशहाल हो, इस पर केन्द्र सरकार को ध्यान देना चाहिए। यहां केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना संत कबीर के नाम से की जानी चाहिए ताकि वहां के किसानों के लिए अच्छी तकनीक से कृषि करने की व्यवस्था हो सके जिससे ज्ञान अर्जित कर किसान और नौजवान अपनी बेचारगी दूर कर सके ।

महोदया, मैं आपको धन्यवाद देते हुए एक बात का और निवेदन करूंगा कि कम से कम शून्य काल में इस तरह के प्रदूषण को दूर किया जाना चाहिए।...(व्यवधान)

श्री राजाराम पाल (अकबरपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे एक अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया।

महोदया, आज पूरे देश में न्यायलयों में लंबित मुकद्मों के बारे में सरकार चिंतित है। इसीलिए सरकार चाहती है कि तहसील, ब्लॉक और न्याय पंचायत स्तर पर न्यायालय स्थापित करके त्वरित न्याय दिलाया जाए। प्रत्येक न्यायालय में यह भी लिखा रहता है कि वादकारी का हित, सर्वोच्च हित। लेकिन जस्टिस लेट, जस्टिस डिनाईड भी होता है।

महोदया, आपके माध्यम से मैं सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि कानपुर में प्रतिदिन 15 हजार मामले प्रतिदिन निस्तारित होते हैं। कानपूर में 07.04.2010 को पुलिस द्वारा निहत्थे वकीलों पर लाठीचार्ज करने के कारण वकील हड़ताल पर चले गए हैं। मामला यहीं समाप्त नहीं हुआ, 8 और 9 तारीख को पुलिस द्वारा सैंकड़ों घायल वकीलों को बुरी तरह पीटते हुए उनके चैंबरों को तोड़ा गया। बार एसोसिएशन की लायब्रेरी में घुसकर पुलिस ने तांडव किया, जिसके कारण लायब्रेरी भी क्षतिग्रस्त हुई है। वहां के वकील हड़ताल पर हैं। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ने उन अधिवक्ताओं के समर्थन में एक दिवसीय हड़ताल की है।

महोदया, अभी तीन-चार दिन पहले जिला जज की हठधर्मिता के चलते और उत्तर प्रदेश शासन के चलते कानपुर कोर्ट के मुकद्मे इटावा ट्रांसफर कर दिए गए हैं। कानपुर से इटावा ढाई सौ किलोमीटर दूर है। इसके कारण जेल में बंद लोगों की जमानत नहीं हो पा रही है। इटावा के वकीलों ने भी कानपुर के वकीलों के समर्थन में हड़ताल का आह्वान किया है। ऐसी स्थिति में वादकारियों का अहित होरहा है ।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से कानून मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जो कानपुर के अधिवक्ताओं की मांग है कि डिस्ट्रिक्ट जज को वहां से स्थानांतरित कर दिया जाए और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही हो। मैं चाहता हूं कि वादकारियों के हित में कानून मंत्री जी हस्तक्षेप करें ताकि हड़ताल समाप्त हो और वादकारियों का हित हो सके। दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए वकीलों के चेम्बर्स को तोड़ने से जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कराने के लिए आप सरकार को निर्देश दें, ऐसी मैं मांग करता हूं।

अध्यक्ष महोदया, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

*SHRI K. SUGUMAR (POLLACHI): Madam Speaker, Pollachi Constituency is out and out an agricultural area. Parambikulam-Aaliyar Scheme provides irrigations facilities. About 4 ½ lakh hectares of land are irrigated by this scheme. This scheme was conceived to irrigate for about 135 days in a year. But due to frequent monsoon failure and lack of storage facilities when there is heavy rain and absence of check dams to conserve have all led to insufficient water flow from the PAP. So water available for irrigation is insufficient now as there is flow only for about 50 to 60 days in a block of two years. Anaimalai river and Nallaru schemes are much awaited for long. They are rather a dream scheme of the people of Pollachi area. So, the Government must come forward to meet the demands and fulfill the aspirations of the people and must go in for completing these projects with farsightedness. This will provide increased water for irrigation round the year. Non-completion of these schemes have resulted in the wasteful flow of about 12 TMC of water every year in the Arabian Sea. This scheme has the potential of benefiting 4 lakh acres of land under cultivation. This will also augment the hydro power generation potential throughout the year. Coimbatore District can also have

* English translation of the speech originally delivered in Tamil

drinking water all through the year. Hence I urge upon the Government to help complete these schemes to meet drinking water needs, power needs apart from irrigation water needs. So this multipurpose Anamalai River and Nallaru Schemes must be taken up urgently on a war footing.

श्री खिलाड़ी लाल बैरवा (करौली धौलपुर): अध्यक्ष महोदया, आपकी अनुमति से मैं अपने संसदीय क्षेत्र करौली धौलपुर राजस्थान की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। केन्द्र सरकार द्वारा बी.पी.एल. लोगों के लिए चलाई जा रही राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना, जिसके तहत गरीबों को मुफ्त कनेक्शन दिए जाते हैं, लेकिन मेरे क्षेत्र में ऐसा नहीं हो रहा है। मेरे क्षेत्र से मुझे ऐसी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि बी.पी.एल. लोगों से जो एजेंसियां काम कर रही हैं, वे पैसा लेकर कनैक्शन दे रही हैं। सतर्कता समिति की बैठक में भी यह तय किया गया था कि ऐसी शिकायतें प्राप्त होने पर एजेंसियों के खिलाफ एफ.आई.आर. लॉज की जाए, लेकिन इसके बावजूद भी गरीबों को मुफ्त कनैक्शन नहीं दिए जा रहे हैं, ऐसा क्यों हो रहा है? केन्द्र की तरफ से गरीबों के लिए अति महत्वपूर्ण योजना है। ऐसी शिकायतें मिलने पर एजेंसियों से जांच करवा कर सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि इस पर अंकुश लगे और गरीब लोगों को मुफ्त दिए जाने वाले कनेक्शनों का पूरा फायदा मिल सके। इसके साथ कार्य भी बहुत धीमी गति से चल रहा है। तेज गति से कनेक्शन देने चाहिए। बी.पी.एल. कनेक्शनों की वजह से बाकी के जो ए.पी.एल. वाले कनेक्शन हैं, वे भी नहीं हो पा रहे हैं। तीन-तीन साल लोगों को डिमांड नोट का पैसा जमा करावाए हो गए, लेकिन उन्हें कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। यह कहा जाता है कि बी.पी.एल. के साथ ही ये कनेक्शन दिए जाएंगे।

अध्यक्ष महोदया, मेरा निवेदन है कि राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना गरीबों के लिए एक महत्ती योजना है, इसका बी.पी.एल. लोगों को पूरा फायदा मिलना चाहिए एवं कनेक्शनों पर पैसा नहीं लिया जाना चाहिए। एक योजना बना कर जो पैसा वसूला गया है, उसे वापस करवा कर सख्त कार्यवाही करवाई जाए ताकि भविष्य में ऐसी योजनाओं का बिना भ्रष्टाचार के गरीब लोगों को पूरा फायदा मिल सके।

अध्यक्ष महोदया, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं।

SK. SAIDUL HAQUE (BARDHMAN-DURGAPUR): Madam Speaker, I thank you for giving me the chance. For the last few months, there is power crisis all over the country. Power production centres particularly the thermal power production centres are not able to generate required power as per their capacity due to lack of coal. The problem has become acute in my State, West Bengal. The hon. Coal Minister has told in the Upper House that there is no shortage of coal. As per the Coal Minister's statement, the problem lies with the supply of coal to the power generating stations due to lack of railway wagons, and that is why, coal is not being sent to the power generating stations. As per the statement, 166.5 railway wagons are needed, but only 157 wagons are supplied per day by the Railway Ministry.

On the other hand, the hon. Railway Minister is claiming that there is no shortage of railway wagons for carrying such coal. So, the two Ministers are giving contradictory statements and I do not know which one is correct. It is a fact that coal is not properly supplied to the thermal power stations and as a result the power production is hampered.

Apart from that, what is more alarming is that the Coal Authority sometimes supplies low quality of coal to the power generating stations which is hampering the power production.

In such a situation, I would urge upon the Government to supply proper quality of coal with sufficient wagons to the thermal power stations all over the country, particularly in West Bengal, so that power generation is not hampered.

SHRI SURESH KUMAR SHETKAR (ZAHEERABAD): Madam Speaker, as the House is aware that during the last three years IPL matches are being conducted in our country and abroad. IPL matches are being viewed by lakhs of people by spending huge amounts and the organizers of IPL are only benefiting from this commercial sport. Neither the State nor the Central Government are collecting entertainment and other applicable taxes from the IPL matches. IPL matches are completely commercialized and nobody can deny that, including the Government.

Cricket is also an entertainment for the viewers in our country. I do not know why the Government is not directing the IPL organizers to collect the Entertainment Tax from the viewers. The Central Government and State Governments can get huge revenues to its exchequer if the applicable taxes are imposed properly. On the one hand, the Government is collecting each and every type of tax from the common man and on the other hand the people who are spending thousands of rupees to view the IPL matches are being ignored. There is a need to correct the situation in future.

I, therefore, request the hon. Minister of Sports and Youth Affairs, through the Chair, to kindly intervene in the matter and ensure collection of Entertainment and other applicable taxes from this commercialized sport without any waive off in future.

श्री विष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह): अध्यक्ष महोदया, 27 अप्रैल, 2010 को अंडमान के मध्य अंडमान में, एक युवा, श्री सपन मिस्त्री, उम्र 30 साल की, पत्थर की क्वैरी में, ऊपर की मिट्टी धंसने के कारण खदान घंसने से उसकी सायंकाल 5.00 मृत्यु हो गई। 28 अप्रैल, 2010 को दिन में 11.00 बजे उसकी बॉडी को रिकवर किया गया। दुख की बात है कि तहसील ऑफिस रंगत से हवा महल में जो गैरकानूनी क्वैरी चल रही थी उसकी दूरी केवल एक किलोमीटर है, जहां सपन मिस्त्री की मृत्यु हुई। सपन मिस्त्री के परिवार में तीन बच्चे और उसके बूढ़े माता-पिता हैं।

महोदया, यह अत्यन्त दुख की बात है कि ऐसी दुर्घटना पहले भी हरिनगर में हुई, जहां पत्थर की खदान थी। वह आज भी चल रही है। वहां भी दो आदमियों की मृत्यु हो गई, लेकिन भारत सरकार और प्रशासन से उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिला। सरकार के मुताबिक आम आदमी बीमा योजना, जनश्री योजना है, लेकिन उसके बावजूद बीमा कंपनी की ओर से उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिला।

महोदया, उप राज्यपाल महोदय का फंड है। अतीत में उप राज्यपाल महोदय के फंड से ऐसी मृत्यु के समय दो लाख रुपए दिए गए थे, लेकिन हरिनगर क्वैरी में जिन युवाओं की मृत्यु हुई, उन्हें कोई पैसा नहीं मिला। मुझे उम्मीद है और मैं मांग करता हूं कि उप राज्यपाल महोदय के फंड से सपन मिस्त्री के परिवार को 2 लाख रुपए मुआवजे के रूप में मिलें और उसके परिवार के एक सदस्य को नौकरी मिलनी चाहिए।

महोदया, मैं मांग करता हूं कि जो अधिकारीगण, गलत तरीके से, नियमों के विरुद्ध, पैसे लेकर क्वैरी चला रहे हैं, उन्हें तुरन्त सस्पेंड किया जाए और मध्य अंडमान में नई क्वैरी का अलाटमेंट किया जाए जिसके लिए प्रशासन के पास अनुमोदन की रिक्वैस्ट की गई है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना न घटे और बढ़िया तरीके से क्वैरी चले।

MADAM SPEAKER: Shri Pradeep Majhi – Not present.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): अध्यक्ष महोदया, 21 अप्रैल को सूरत के एक प्राइवेट स्कूल क्रेडिल स्कूल में प्राइमरी कक्षा के बच्चों के साथ जिंदगी से खिलवाड़ करने का मामला सामने आया है। टी.वी. पर उसे देखकर रौंगटे खड़े हो गये। मासूम बच्चों को जलते अंगारों पर चलाया गया, इसलिए ताकि बच्चों का आत्मविश्वास बढ़े। बच्चों की जान से खेलकर आत्मविश्वास बढ़ाने का यह कैसा तरीका है? स्कूल के दबाव में बच्चों के माता-पिताओं की भी आवाज नहीं निकल पाई। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस खिलवाड़ के दौरान छात्र बेतहाशा रोते रहे और बच्चे जख्मी हो गये, लेकिन स्कूल के अधिकारियों की तरफ से यह क्रूर गतिविधि रुक नहीं पाई।

ऐसे कृत्य के लिए स्कूल को माफ नहीं करना चाहिए। आगे से ऐसी कोई घटना बच्चों के साथ न घटे, यह ध्यान में रखकर इस स्कूल पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए तथा इसकी मान्यता भी रद्द होनी चाहिए, ऐसी मैं मांग करता हूं।

अध्यक्ष महोदया : श्री शैलेन्द्र कुमार, आप यह ध्यान रखिये कि किसी पर आरोप नहीं लगाएं।

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): अध्यक्ष महोदया, बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं तो सोच रहा था कि आप हमसे नाराज हैं।

अध्यक्ष महोदया : हम किसी से नाराज नहीं होते हैं। आप बोलिये।

श्री शैलेन्द्र कुमार : आपने जो समय दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। इस सदन में आपके माध्यम से मैं एक अति लोक-महत्व का प्रश्न सरकार के संज्ञान में लाना चाहूंगा।

देश की सुरक्षा और खुफिया सूचना में हमेशा चूक हुई है, जिससे हजारों लोगों की जानें गई हैं। अभी समाचार-पत्रों में आप लोगों ने देखा होगा, टेलीविज़न पर भी आया कि गृह मंत्रालय के कई अधिकारी जबरदस्त भ्रष्टाचार के निशाने पर हैं। निदेशक, गृह मंत्रालय भी रिश्वत में पकड़े गये और बुलेटप्रूफ जैकेट की सप्लाई एक अंजनी टैक्नोप्लास्ट म्पनी ने की थी। मुम्बई की त्रासदी और आतंकी घटना के बाद 20 हजार बुलेटप्रूफ जैकेट्स अंजनी टैक्नोप्लास्ट उस कम्पनी से खरीदने के लिए फैसला मई, 2009 में लिया गया था। राष्ट्रीय सुरक्षा गाइड और अन्य सुरक्षा बलों को ये बुलेटप्रूफ जैकेट्स उपलब्ध कराई जाती

हैं। उसकी भी जांच होनी चाहिए, लेकिन कई बार जब मुठभेड़ हुई हैं तो हमारे सुरक्षा बलों के जवान उसमें शहीद हुए हैं। अभी 59 हजार बुलेटप्रूफ जैकेट्स के ताजा टेंडर को अगर जोड़ दें तो सी.बी.आई. ने तमाम जगहों पर पूछताछ की है। फिर 59 हजार बुलेटप्रूफ जैकेट्स खरीदने के लिए आदेश दिये गये हैं तो मैं आपके माध्यम से चाहूंगा कि सरकार इसमें संज्ञान ले। इस प्रकार की बुलेटप्रूफ जैकेट्स के कारण जब मुठभेड़ होती हैं तो हमारे जवान शहीद होते हैं। जब उसकी जांच होती है तो पता लगता है कि बुलेटप्रूफ जैकेट्स नकली थीं।

यह बहुत बड़ा घोटाला है। मैं आपके माध्यम से चाहूंगा कि सरकार की तरफ से इसका जवाब आये कि इस तरह के जो हमारे देश की सुरक्षा से जुड़े हुए सवाल हैं, जिसमें खुफिया एजेंसी की सूचना में भी चूक होती है तो इस को सरकार गम्भीरता से ले और तमाम जो जानें गई हैं, सुरक्षा में चूक सम्बन्धी मामले में जो भी अधिकारी इसमें दोषी पाये जायें, उनके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार इसको गम्भीरता से संज्ञान में ले। धन्यवाद।

डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, मैं गुजरात के बारे में एक गम्भीर प्रश्न उठाना चाहता हूं।

गुजरात अपना स्वर्ण जयन्ती उत्सव मना रहा है। गुजरात के 50 वर्ष इस वर्ष पूरे हुए हैं। इस अवसर पर गुजरात सरकार ने एक बड़े पैमाने पर महोत्सव का, स्वर्णिम गुजरात का आयोजन किया है। पहली मई को अहमदाबाद में स्वर्ण जयन्ती का एक भव्य समारोह हो रहा है। इस समारोह को गुजरात सरकार के तहत आयोजित किया गया है। लोक प्रतिनिधि और समग्र लोगों का इसमें पूरा का पूरा सहयोग है। यह एक जन-आन्दोलन है, यह सिर्फ रंगारंग कार्यक्रम नहीं है, बल्कि इस कार्यक्रम के तहत गुजरात के मुख्यमंत्री की प्रेरणा से लोग विविध प्रकार के संकल्प ले रहे हैं और गुजरात को विकास की एक नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए दृढ़संकल्प हैं। महोदया, मैं खेद के साथ आपके माध्यम कहना चाहता हूं कि इतना बड़ा उत्सव होने पर भी जिसे गुजरात राज्य का ग्रोथ इंजन आजकल माना जा रहा है और इतने बड़े पैमाने पर उत्सव हो रहा है, लेकिन केंद्र के तहत जो दूरदर्शन काम कर रहा है, उसने किसी प्रकार से इस ओर ध्यान नहीं दिया है। उसकी उपेक्षा ही की गयी है। मेरे विचार में यह निंदनीय है। मैं केंद्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि यह जो बड़े पैमाने पर उत्सव हो रहा है, इस उत्सव में महामहिम राष्ट्रपति जी और आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने भी शुभेच्छायें जतायी हैं। इसलिए इसको अच्छी तरह से टेलीकास्ट किया जाना चाहिए, ताकि इसको गंभीरता से लिया जा सके, क्योंकि यह एक इंपोर्टेंट ईश्यू है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : माननीय सदस्य श्री राम सिंह राठवा और श्री महेंद्रसिंह पी. चौहाण अपने को डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी द्वारा उठाए गए विषय के साथ एसोशिएट करते हैं।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record.

(Interruptions) ... *

श्री पोन्नम प्रभाकर (करीमनगर): मैडम स्पीकर, मैं बीएसएनएल को क्रिटिसाइज नहीं कर रहा हूं। बीएसएनएल और एमटीएनएल की गली से लेकर दिल्ली तक सर्विस है, लेकिन उसका सही तरीके से इस्तेमाल नहीं हो रहा है। कभी-कभी किसी एमपी को फोन मिलाते हैं और बगल में एमपी होते हैं, तो भी दिस नंबर इज नॉट एग्जिस्टिंग बताता है। पूरे देश में ऐसी स्थिति है। प्राइवेट सैक्टर में जो नयी कंपनीज आयी हैं, उनकी फ्रीक्वेंसी कम होने के बावजूद भी आर्गेनाइजेशन स्किल में वे लोग ज्यादा आगे चल रहे हैं। बीएसएनएल और एमटीएनएल के पास इतने एसेट्स हैं, गवर्नमेंट सपोर्ट है, लेकिन इतना सपोर्ट होने के बावजूद भी बीएसएनएल के लिए कोई डिसीजन सही तरीके से नहीं हो रहा है और पर्टिकुलरली कनेक्शन और कनेक्टिविटी के बारे में प्राब्लम हो रही है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से कंसर्न मिनिस्टर के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि इसके लिए आपकी सोच होनी चाहिए, क्योंकि बीएसएनएल देश के हर गांव तक पहुंचने की कनेक्टविटी का माध्यम है। इसको अच्छी तरीके से चलाने के संबंध में मेरी रिक्वैस्ट है। यहां जो मेंबर्स मौजूद हैं, वे भी इसके साथ एसोशिएट करेंगे और मिनिस्टर के ऊपर दबाव डालेंगे, ऐसा मेरा मानना है।

श्री घनश्याम अनुरागी (जालौन): महोदया, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए हम आपके बहुत आभारी हैं। मैं बुंदेलखंड से संसदीय क्षेत्र जालौन के गरौठा भोगनीपुर क्षेत्र से चुनकर आया हूं। हमारे यहां लगातार कई वर्षों से कम वर्षा के कारण सूखा पड़ा हुआ है और पानी का स्टेटा बहुत नीचे चला गया है। तालाब, नहरें पोखर, नदी, बांध और कुएं आदि सब सूख चुके हैं। जनजीवन में पीने के पानी का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। नदी और नहरों का पानी पूरी तरह से सूख गया है। वहां का स्टेटा नीचे जाने की वजह से हैंडपंपों ने पानी देना बंद कर दिया है।

* Not recorded

माननीय अध्यक्षा जी, वहां जो मवेशी जानवर हैं, वे मरने लगे हैं। किसानों के जानवर मर रहे हैं। स्थिति यहां तक गंभीर है कि जंगलों के भी जानवर मरने लगे हैं। साफ पानी पीने के लिए लोगों को दूर से पानी लेकर आना पड़ता है। हमारी मातायें और बहनें रात-रात भर जगकर पानी के लिए हैंडपंप की लाइन में खड़े होकर पानी लेती हैं। जो हैंडपंप पानी दे रहे हैं, वहां रात-दिन भारी हुजूम लगा रहता है और पानी मुश्किल से वहां के लोगों को पीने के लिए मिल पा रहा है। हम आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहते हैं कि ऐसी गंभीर पेयजल की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, तत्काल तुरंत पेयजल योजना को लागू करके पूरे बुंदेलखंड में एवं हमारे संसदीय क्षेत्र जालौन, गरौठा और भोगनीपुर में तत्काल कम से कम प्रत्येक जिले में आवश्यकतानुसार तीन-तीन, चार-चार हजार हैंडपंप शीघ्र लगवाने का कष्ट करें। जिससे कि वहां के गंभीर संकट को दूर किया जा सके। वहां लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। भोजन से तो लोग काम चला लेंगे, लेकिन पानी के बिना काम नहीं चल रहा है। वहां बहुत गंभीर स्थिति है। वहां अकाल की स्थिति है। वहां लोगों में उदासीनता है और लोगों में रोष पैदा हो गया है। सरकारों, जनप्रतिधियों एवं अधिकारियों के प्रति भी आक्रोश व्याप्त है। इस आक्रोश को ध्यान में रखते हुए हमारे पूरे बुंदेलखंड और संसदीय क्षेत्र जालौन, गरौठा, भोगनीपुर में आठ हजार हैंडपंप शीघ्र लगाए जाएं। ये चाहे बुंदेलखंड पैकेज से लगवाये जाएं। चाहे संसदीय कार्य मंत्री जी अलग से कोई ऐसी योजना बनाएं जिससे वहां के मौजूदा संकट को हल किया जा सके और वहां पेयजल का संकट दूर हो सके। इससे हम सरकार के आभारी रहेंगे। यदि ऐसे पेयजल के संकट के समय पर पीने के लिए पानी की व्यवस्था सरकार द्वारा की जाती है तो निश्चित तौर पर वहां के लोग आपके आभारी रहेंगे तथा हमारा क्षेत्र आपका आभारी रहेगा। पहले लोग हमारे क्षेत्र में सूखे के कारण भूख से मर रहे थे, लेकिन बुंदेलखंड में अब लोग प्यास से भी मरने लगे हैं।...(व्यवधान) पीने के पानी के अभाव में हजारों जानवर मर गए हैं।

मैं पुन: निवेदन करूंगा कि इस पर सरकार विचार ही नहीं करे बल्कि इसे तत्काल लागू करे, काम करे, तभी वहां के लोगों का कल्याण होगा और तभी हम मानेंगे कि सरकार बुंदेलखंड तथा हमारे पूरे संसदीय क्षेत्र के प्रति संवेदनशील है।

श्री रतन सिंह (भरतपुर): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभार व्यक्त करता हूं। मैं भरतपुर से आता हूं जो राजस्थान का पूर्वी द्वार है और उत्तर प्रदेश और हरियाणा की सीमा से लगा हुआ है। इसकी दिल्ली से सीधी लगभग 130 किलोमीटर है। भरतपुर के अतिरिक्त अलवर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र में सम्मिलित किया हुआ है जिससे वहां सभी आधारभूत सुविधाओं का विकास और रोजगार के अवसर सुलभ हो रहे हैं। लेकिन भरतपुर, आगरा, मथुरा, हरियाणा की सीमा और अलवर के पास होते हुए भी अभी राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र के लाभ से वंचित है। वहां रोजगार के अवसर नहीं हैं, आधारभूत सुविधाओं का उचित विकास नहीं है। मैं आपके माध्यम से माननीय नगरीय विकास मंत्री जी से पुरजोर प्रार्थना करता हूं कि भरतपुर को भी अन्य जिलों की तरह राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र में सम्मिलित किया जाए और वे सब सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं जो अन्य जिलों को राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र में मिल रही हैं। इससे भरतपुर में रोजगार के अवसर मिलेंगे और आज आबादी का जो निष्क्रमण हो रहा है, वह रुकेगा। इससे एक लाभ यह भी होगा कि दिल्ली में आबादी का जो घनत्व बढ़ रहा है, उसमें कमी आएगी।

13.37 hrs.

NATIONAL GREEN TRIBUNAL BILL, 2009 - Contd.

MADAM SPEAKER: Let us now take up item No.15. Shri Shailendra Kumar may speak now.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे राष्ट्रीय हरित अधिकरण विधेयक, 2009 पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। इस पर पक्ष और विपक्ष के सम्मानित सदस्यों द्वारा चर्चा हो चुकी है।

13.39 hrs.

(Dr. M. Thambidurai *in the Chair)*

माननीय मंत्री श्री जयराम रमेश जो अधिकरण विधेयक बिल लेकर आए हैं, मैं इन्हें बधाई देना चाहूंगा। अब तक लगभग पांच हजार ऐसे मामले पूरे देश में लंबित पड़े हुए थे जिनकी सुनवाई नहीं हो पा रही थी, लेकिन राष्ट्रीय हरित अधिकरण विधेयक से एक आशा और उम्मीद जगी है। आपने देश में बैंचेज स्थापित करने के लिए जो संख्या दी है, मेरे ख्याल से वह कम है। ठीक है, अभी अधिकरण की शुरुआत हो रही है, लेकिन इसके बाद मैं चाहूंगा कि देश के स्तर पर बैंचेज बनाई जाएं ताकि लंबित मामलों का निपटारा हो सके। आज अगर वनों और प्राकृतिक संसाधनों की तरफ गौर से देखा जाए, तो मेरे ख्याल से सरकार ने बहुत कुछ किया है, लेकिन तमाम ऐसी परियोजनाएं हैं जो आज देश स्तर पर जनहित में हैं, वे लंबित पड़ी हुई हैं। कहीं-कहीं पर एनओसी लेने की जो बात होती है, उसमें बहुत देरी होती है जिससे वे योजनाएं लंबित पड़ी रहती हैं। मैं नहीं जानता, क्योंकि उसमें एक एक्सपर्ट कमेटी है, जो उसकी देख-रेख करती है। हमें यह भी देखना पड़ेगा कि हमारी राष्ट्रीय प्राकृतिक सम्पदा का संरक्षण और उसकी देख-रेख हो, ताकि उसे भी नुकसान न हो और पर्यावरण को भी खतरा न हो। इस ओर भी हमें ध्यान देना होगा। लेकिन बहुत सी ऐसी परियोजनाएं हैं, जो जनहित में हैं, उन्हें भी हमें स्वीकृत करना चाहिए।

मैं याद दिलाना चाहूंगा, क्योंकि मेनका जी बैठी हैं, मैं जानता हूं कि उनको अफसोस होगा और वे एतराज भी करेंगी। हमारे यहां नील गायों का बहुत आतंक है। ...(व्यवधान)

श्रीमती मेनका गांधी (आंवला): वे हिरन हैं। ...(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : हम उन्हें हिरन ही मान लेते हैं। आज किसान जो फसल लगाता है, वे भारी संख्या में झुंड़ में आकर, खासकर जो फूल-फली है, उसी को खाता है। इससे किसान तबाह हो जाता है। ...(व्यवधान)

श्रीमती मेनका गांधी : उसका उपाय है, जिसे मैं अभी बताऊंगी। ...(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : उसका उपाय है, लेकिन किसान इतना तबाह हो रहा है, जिसका कोई इंतहा नहीं है। मैं जानता हूं कि आप जो उपाय बतायेंगी, वह भी बहुत मुश्किल होगा। उस उपाय को भी लोगों ने किया है, लेकिन उससे निजात नहीं मिल पायी। मेरे ख्याल से इस ट्रिब्यूनल में, किसानों को जो हानि या क्षति हो रही है, उनके केस जरूर जायेंगे। मैं मंत्री जी से चाहूंगा कि वे ऐसा रास्ता निकालें, जिससे हमारे जानवर भी संरक्षित रहें और किसानों का भी उसमें नुकसान न होने पाये।

दूसरा, तमाम ऐसी नदियां और छोटे-छोटे नाले हैं, जिनको संरक्षित करने की जरूरत है। आज नदी-नालों के अलावा हमारी कांस्टीटूएंसी कौशाम्बी में एक अलवारा झील है, जो चार हजार एकड़ में है। उसमें बारिश का पानी बारह महीनों रहता है। जब ज्यादा ओवर फ्लो होता है, तो वह पानी बहकर यमुना नदी में चला जाता है। हमने जिले और प्रदेश सरकार से एक परियोजना बनाकर सरकार को भेजी है। उस झील की कम से कम संरचना हो, उसे संरक्षित रखा जाये और इसके लिए केन्द्र सरकार से कोई बजट जाये। खासकर जाड़ों के मौसम में वहां पर बहुत से विदेशी पक्षी आकर वास करते हैं। लेकिन हम आज तक कुछ नहीं कर पाये हैं। वह लावारिस हालत में है। वहां बहुत से शिकारी भी शिकार करते हैं, इसलिए हमें इस ओर विशेष ध्यान देना होगा।

सभापति महोदय, अभी हमने समाचार पत्रों में देखा कि बाघों के संरक्षण के लिए देश बहुत चिन्ता कर रहा है। बहुत सी ऐसी प्रजातियां हैं, जो लुप्त होने के कगार पर हैं। बहुत से ऐसे पशु-पक्षी हैं, जो लुप्त होने के कगार पर हैं। उन्हें संरक्षित करने की आवश्यकता है। अब वनों में जो वास करने वाले लोग हैं खासकर जो घुमंतू बिरादरी के हैं। उनकी पीढ़ी दर पीढ़ी ने उन जंगलों में वास किया है और जंगल को ही अपना सब कुछ समझा है, आज उन्हें विस्थापित करने की बात हो रही है। एक तरीके से उनके अधिकार को हमें बहुत ध्यान से देखना पड़ेगा। हम इस पक्ष में नहीं हैं कि जंगल को काटा जाये या जंगल को कोई नुकसान हो। मैं भी उत्तर प्रदेश सरकार में वर्ष 1988 में वन मंत्री था। मैं जानता हूं कि नैशनल कार्बेट पार्क, दुधवा नैशनल पार्क, लखीमपुर खीरी पार्क आदि तमाम ऐसे जंगल हरिद्वार में थे। वहां पर भी हमने जाकर देखा था। उनका डेलीगेशन हमसे मिला था। वे चाहते हैं, उनके कहने का मतलब है कि जंगलों से ही हमें सब कुछ मिला है और हम यहां दो-चार-छः पीढ़ी से यहां रह रहे हैं, लेकिन हमें विस्थापित करने की बात

कही जा रही है। अगर उन्हें विस्थापित करना है, तो उन्हें आप कम से कम मकान और रोजगार दीजिए, क्योंकि उनका पूरा जीवनस्तर, जीवनयापन उसी जंगल से ही चलता है। यह भी सोचने की जरूरत है।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण में ऐसे तमाम तरीके की शिकायतें और बातें इस ट्रिब्यूनल में आयेंगी। आपको गंभीरता से यह भी सोचना है कि पर्यावरण से हमारा समाज स्वच्छ रहे।

हमारे जंगल संरक्षित रहें, वहां जो जंगली जानवर हैं, उनकी भी संरक्षा और सुरक्षा होनी चाहिए। मैं सुझाव देना चाहता हूं कि हमारे जो नेशनल हाइवेज हैं, या जो राज्य की डिस्ट्रिक्ट सड़कें हैं, जो अच्छी हालत में बन रही हैं, उनके बगल में भी वृक्ष लगाने की जरूरत है जिससे पर्यावरण शुद्ध हो और उन वृक्षों को सरकारी संरक्षण में लेकर संरक्षित करना होगा। आज हम देखते हैं कि नेशनल हाइवेज के किनारे एक रो में पेड़ लगे हैं, अगर दूसरी और तीसरी रो में भी पेड़ लगे हैं, तो उनकी कटाई हो रही है। उसे हमें रोकना होगा। इसके लिए वन विभाग का पता नहीं क्या मानक है? हम उन पेड़ों को कटते हुए देखते हैं, चाहे यूकिलिप्टस के पेड़ हों या अन्य पेड़ जैसे रेशम के कीड़े का पेड़ हो, उनकी कटाई हो जाती है। पूछने पर बताया जाता है कि इनसे यातायात में बाधा पड़ती है, रोशनी कम आती है, इसलिए इनकी कटाई की जा रही है। मान लीजिए थोड़े-बहुत पेड़ लग गए हैं, पुराने और मोटे पेड़ हैं, तो उनकी कटाई नहीं होनी चाहिए। पीडब्ल्यूडी की जमीन पर, नेशनल हाइवेज की जमीन पर वे पेड़ लगे हैं, उनकी सुरक्षा और संरक्षा करनी होगी। मैं ज्यादा कुछ न कहते हुए, इस राष्ट्रीय हरित अधिकरण विधेयक, 2009 का पुरजोर समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

MR. CHAIRMAN : I would request the hon. Members to be very brief about this Bill because the hon. Minister has to reply. At 3.30 p.m., we are going to take up the Private Members' Business. Therefore, before that, we want to complete it. Hence, I request the hon. Members to be very brief on this topic.

SHRIMATI SUPRIYA SULE (BARAMATI): Sir, I thank you very much for giving me an opportunity to speak on this Bill. I would like to compliment the hon. Minister and his Ministry for bringing forward this Bill. I stand here in total support of the Tribunal but there are a few queries in my mind. I do not doubt his integrity or intentions in bringing forward this Bill. I feel the Bill needs to be strengthened in respect of a few topics which I would like to highlight. Since the time is very less, I would just come to the points.

In the context of the Law Commissions 81st to 86th Reports, there was a suggestion that the Tribunal has to be in every State so that it is more accessible and quick in disposing the matter. That is not found here. The Tribunal is going to be in the East, West, North and South only – in the four regions. So, the accessibility of the Tribunal is really not going to reach the end person who really needs access to it.

Secondly, Clause 14 of the Bill says that the power to settle disputes, if it involves a substantial question relating to environment, is relating to Schedule-I. Schedule-I specifically does not cover ecology, wet lands and lakes. All these do not come under the term "pollution". So, I would urge upon the hon. Minister to guide us. The whole idea of getting this Tribunal in this specific Bill is about the right to live. He is talking about the right to live. If he is talking about the right to live, it takes beyond food and livelihood. It is about air, water, environment and everything. So, this particular point in Clause 14 does not cover the entire meaning in the constitution of it. The hon. Supreme Court has specifically said that environment has to come in this. So, I would definitely like him to clarify it and enlighten how this issue will be covered.

The other point is about civil courts. The civil court was an option for people before the Tribunal happened. Now, this has been removed because of the Tribunal. So, if a person in any part of rural India likes to make an intervention about his environment, he may not be able to go to a Tribunal. Would this be really the right way to go forward? The accessibility to the civil court has been

totally diluted. Would the civil courts be considered to be brought in again? It is not possible for every person to go to the Tribunal and then go straight to the Supreme Court. Anyway, it is a double-edged sword. If you take it into two phases, you go to the Tribunal and then straightaway to the Supreme Court. For a big company, it could be a very easy option but I am not sure a common man can go quickly to a Tribunal or a High Court. It is an option for him to, at least, prolong or delay the process but it can be used either way by both the parties. If you could kindly clarify this point, I would be happy.

The other point is, the power of framing schemes does not exist which the Supreme Court had before in respect of the Environment Ministry when they used to take decision on this. It is like environmental solutions. If you remember, when the issue of the Taj Mahal came, they said that the colour was changing. There was a policy decision taken by the Supreme Court. All the businesses which were there were moved out.

So, it was an environmental solution which the hon. Supreme Court gave. Will this tribunal be able to support, monitor and do a follow up? I say this because it is not just a case one gas leak or water getting polluted in an area. Suppose this happens somewhere and there is effluent coming out, should there not be a monitoring system? Even if you go to the court, the Supreme Court would monitor it, but I feel this is lacking in this Bill. This is a very important thing and this is more applicable to chemical zones. There are a lot of chemical zones in this country. If you see the State where I come from, in Maharashtra most chemical zones are near rivers. So, after all the pollution damages that they have caused, do we have an option of shifting those plants from there? Could that be an option? We will have to review this entirely and it is more for the chemica zones. I think environmental solutions are extremely crucial for this tribunal.

The other thing is about moulding the requirement of relief. When we talk about civil courts, the civil courts do not have the option of doing it. Take the case of Bhopal Gas Tragedy where repercussions had come out much later. Suppose

something happens today and you do not know what the repercussions are going to be for 5 or 10 years and if there is a requirement of moulding the relief, will this tribunal have the right to do it? That is the clarification I am looking to get from the hon. Minister because environment is about nature, it is not about suing one party or the other and the issue ending there. It is about long-term consequences which are going to affect the whole society.

Then, I would like to make a point regarding *amicus curiae* because these are environmental issues and they need very specific interventions. We need super speciality people to come and make interventions. So, would this tribunal, like the Supreme Court used its brains, help them research? Would this tribunal have this option which will help them study the matter about the ground reality and not just go by reports made by people?

There is one more point about strict liability about hazardous effects. There is no strong reaction because there are a lot of people who do a lot of business and they promise a lot of things. For example, as it happened in the case of Bhopal Gas Tragedy where they said that they considered everything and they gave an assurance, but always there can be freak accidents. So, when dealing with such cases, I feel the company has to pay for the consequent damages that they cause. So, there has to be extremely strict liability clause for that purpose in this Bill.

The other two things which are missing in this Bill are the doctrine of public trust and inter-generational equity. I think when these projects are taken up, they are long-term projects, they are not there just for 5 or 10 years, they are there for generations ahead and generations have paid a price because sometimes, people there start having upper respiratory track infections. That is the first reaction to air pollution and after 5 or 10 years, you realise that the entire block there is suffering from cancer. There have been such instances and the hon. Minister is very much aware of these situations. So, does the Minister think that this Bill has covered these issues?

The last point that I would like to make is about the appointment of Chairperson and other Members of this Tribunal. There are a lot of Government people involved. Clause 5 (2) (b) says:

> "…has administrative experience of fifteen years including experience of five years in dealing with environmental matters in the Central or a State Government or in a reputed National or State level institution."

If you are having 10 people, all the people could be from the Government and it could be a Government-dominated body. So, how are you going to keep a fine balance? I am not insisting that there have to be NGOs and I am not defending the NGOs. But you really need to have people who really work on the field. We have a great Minister right now who thinks that environment is a big deal. We all need to realize that. But there can be changes at all levels. The intention of the Bill is very good. But how are we going to make sure that the people involved in this tribunal also feel the same way?

I am sure the hon. Minister will clarify these points. I thank the hon. Minister for bringing this Bill. We all talk about the issue of global warming and climate change and at least India being a participant in the global negotiations, I am sure, will definitely make a difference to this country.

SHRIMATI MANEKA GANDHI (AONLA): Mr. Chairman, Sir, environmental crimes are the most serious crimes in the world, not only because they hurt you immediately but they hurt all the generations to come. Mining, poisoning the rivers for gold panning, throwing sewage into the water, opening polluting industries and ignoring all the current laws whether from brick kilns to chemical factories, damming rivers just to give money to contractors, allowing inappropriate factories near forests, allowing inappropriate hotels outside sanctuary areas, allowing the sale of polluting consumer goods like firecrackers for instance, the sale of flooring material that have clearly come from destroying hill ranges like the Aravallis, the export of leather and minerals, these are genocidal crimes, no less than war by a few upon the whole of India. To treat them so lightly as civil issues rather than criminal ones and allow the polluter to pay his way, probably from the same money that he has earned by polluting the area, is cynical and shows collusion with the enemy.

Before I start, I am going to talk about the Minister. The Minister is like a rain upon the desert as I said before. We have waited for 20 years for a good minister and he and I share the same values. We have had 20 years of contract driven Ministers or Ministers who did not understand what they were doing. To have a person who uses his brains, which is just commonsense, is like *manna* on the desert. However, Jairam and I share most values.

13.56 hrs.

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)

The only difference between us is that I am so passionate about India, I want everything done today, yesterday and Jairam wears his passion like a cloak which he takes off and puts on when he changes Ministry. I would urge him that he could be the best Minister in the entire Cabinet but he is in a very ticklish position. If he is good at his job, he has the contractor driven lobby baying for his

head for more dams, more roads, more cutting of trees, more encroachment, and more killings and if he is bad at his job, he has the whole of India to spit on him as they have on environment ministers in the previous 20 years. He has generations of children who will remember him as the bogeyman. So, he is stuck between a rock and hard place. In this case, he needs to wear his passion and to do things quickly.

This Tribunal does not really reflect the person that Jairam is and I am going to point out a few things which could make it better. None of these things that I propose have come from my mind. They are the *crux* of 40-50 environmental study groups that have put themselves together to see what is wrong with the Bill and what can make it better.

We have had two absolutely useless Bills before this on the same lines which never ever matured into anything. We need to have one good Bill. The National Green Tribunal Bill 2009 that would judge environmental issues was introduced on 31st July 2009. This establishment of a National Green Tribunal has been done for the effective and expeditious disposal of cases relating to environmental protection and conservation of forests and other natural resources, but it will have the same powers as a civil court. It will subsume various State level authorities that address environmental issues as well as committees created by the Supreme Court for that purpose.

It comes in response to the 186th Report of the Law Commission of India on the proposal to constitute under the NEAA Act 1997 for the limited purpose of providing a forum to review administrative decisions on environment. Unfortunately, the implemented NEAAs have remained dysfunctional as no judicial member has been appointed since 2000. If the Minister really wanted, he could have made these tribunals work because it is the Executive who has made them fully inoperative, instead this new Bill that he is bringing in which is flawed.

So far as the National Environmental Tribunal Act is concerned, the legislation has yet to be notified after eight years. Since it was enacted by

Parliament, the Tribunal under the Act is yet to be constituted. These two Tribunals are non-functional and remain only on paper, in which case this is an important Bill.

If it had been conceptualized to provide safeguards to the poorest of poor communities in the face of a rapacious attack on their resources it might have been approached differently. But it seems to be yet another mechanism to give jobs to bureaucrats.

Now, I would take its clauses one by one. Some of the amendments have already been made by the Minister. Some of them seem simply cosmetic like changing one year to two years. Three of them seem all right. I would recommend the following:

The appointment of experts: The intent of most appointed bodies can be judged from its composition and on that score the Bill fares poorly. The proposed composition of the Tribunal follows a tried, tested and failed track. Anybody who has read the Bill is bound to wonder, as did all the NGOs, whether it is meant to be a club for retired IAS officers and technocrats.

As it stands, the expert members of the Tribunal would need "administrative experience of fifteen years including five years experience in dealing with environmental matters in the Central or State Government or in a reputed national or State level institution."

14.00 hrs.

This is an undisguised code for the 'Job for the Boys' programme that all senior retired bureaucrats join. For instance, if I wanted a job in the Tribunal, I do not have any of these administrative experiences. What prevents Rajendra Singh or Medha Patkar, or people who have actually done a huge amount of work in environmental protection? They cannot join the Tribunal even though they have the experience, and even though they have the passion. After all, Supreme Court Judges are not born knowing the law. What they do sitting at the Supreme Court is to have an eye for truth, an eye for justice, and common sense which is what anybody working on the ground has. But you have excluded us from this by saying administrative experience of 15 years, 5 years experience in dealing with environmental matters in the Central or State Government. What would you count as experience? Bureaucrats are changed every three years. They are really neither learned nor educated in anything they do. It is simply a matter of passing files around. Why not give an appointment or the ability to get appointed, the window of opportunity to people who have actually worked in environmental management?

All earlier attempts in handling environmental problems through the NEAA and other bodies have failed because their control was left in the hands of bureaucrats. Had such appointees been competent, those Government Departments or institutions where they served would surely have been instrumental in protecting the environment, which is clearly not the case, which is why you need a Tribunal. In fact, it is the colossal failure of the administration that has creating the compelling logic for the Tribal.

What would be infinitely better is for the Tribunal expert members to be of technical and scientific background, experts in public health, occupational health, social science with relevant experience in environmental and occupational health or with qualifications for its membership. There is no provision in this Bill for ecologists, environmentalists, hydrologists and anybody from civil society or

NGOs who have been active in the field of environment to become a member. This should be changed.

Moreover, a Tribunal member can join a corporate house whose case he might have dealt with within two years of demitting office. You have changed it from one year to two years. It is a dangerous proposition that harms transparency and impedes Tribunal independence. The House panel feels that judges should not be allowed to take up Directorship of any concern or be associated with any industrial house.

Even worse, the shortlisting of candidates will be done by the Ministry of Environment and Forests. We know the kind of pressure that is put on them to select weak or vicious people with no integrity or value, either irrelevant retired bureaucrats or technocrats in search of re-employment.

This is what should be amended. There should be a transparent process of appointment of members and Chairman. There should be a noted environmental lawyer or jurist as a member. No bureaucrats should be there as expert members. In fact, a specific clause that anyone working in MoEF or any Ministry whose decisions are subject matter before the court, cannot be included. If we need these great experts, they can be called in for advice. They can be *amicus curiae* if they like. The word 'expert' as qualified by the Bill is expert in science, engineering, technology, and having administrative experience. Is it the only thing that makes you expert? How about people who have spent their lives in the field working with cold logic to get justice? The field should be open to anyone who has dealt with environmental matters in the field. As I said, I, for one, would like to be a member. What amendment can you put in to include people like me? Obviously, by including NGOs, civil society organisations, wildlife scientists, ecologists, the Bill will have meaning, please amend this Bill.

Then I come to the second clause, that is, restrictions on who can approach the Tribunal. There is an amendment here, which is a good amendment. It says that any person aggrieved including any representative body can file an application. Judicial and quasi-judicial institutions cannot be strong if only a few people conveniently selected by the authorities are allowed to approach them. Moreover, since the courts have recognised that since environment falls within the purview of Article 21, it is clear that all persons have a duty to protect the environment and a corresponding right to question the adverse impact on environmental health. The Bill ignores this principle.

In Clauses 14 to 16 it is given that the Tribunal is only allowed jurisdiction in those cases considered substantial. And this word 'substantial' has been qualified to mean the community at large rather than individual or a group of individuals, and the damage should be grave. That is an extremely serious error. The Tribunal judges what is substantial without any qualification.

SHRI L. RAJAGOPAL (VIJAYAWADA): I beg to move for leave to introduce a Bill to prohibit the use of caste name or title relating to caste or religion as prefix or suffix with names by the citizens and for matters connected therewith or incidental thereto.

MR. CHAIRMAN: The question is:

---

[*] Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 30.04.10

"That leave be granted to introduce a Bill to prohibit the use of caste name or title relating to caste or religion as prefix or suffix with names by the citizens and for matters connected therewith or incidental thereto."

The motion was adopted.

SHRI L. RAJAGOPAL : I introduce the Bill.

16.03½ hrs.

(v) PREVENTION OF INSULTS TO NATIONAL HONOUR (AMENDMENT) BILL, 2010* (Insertion of new section 2 A)

SHRI L. RAJAGOPAL (VIJAYAWADA): I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Prevention of Insults to National Honour Act, 1971.

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Prevention of Insults to National Honour Act, 1971."

The motion was adopted.

SHRI L. RAJAGOPAL : I introduce the Bill.

16.04 hrs.

(vi) ABOLITION OF CHILD LABOUR BILL, 2010*

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHARAMPUR): I beg to move for leave to introduce a Bill to abolish child labour in the country and for matters connected therewith.

MR. CHAIRMAN: The question is:

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 30.04.10

"That leave be granted to introduce a Bill to abolish child labour in the country and for matters connected therewith.

The motion was adopted.

SHRI ADHIR CHOWDHURY : I introduce the Bill.

MR. CHAIRMAN: Item No. 27, Shri N.S.V. Chitthan.

16.04½ hrs.

(vii) ERADICATION OF UNEMPLOYMENT BILL, 2010*

SHRI N.S.V. CHITTHAN (DINDIGUL): I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for eradication of unemployment by ensuring employment to the youth and payment of unemployment allowance to the unemployed and for matters connected therewith.

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill to provide for eradication of unemployment by ensuring employment to the youth and payment of unemployment allowance to the unemployed and for matters connected therewith. "

The motion was adopted.

SHRI N.S.V. CHITTHAN : I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Sec 2 dated 30.04.10

16.05 hrs.

(viii) ANTI-HIJACKING (AMENDMENT) BILL, 2010*

(Insertion of new section 4A)

SHRIMATI SUPRIYA SULE (BARAMATI): I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Anti-Hijacking Act, 1982.

MR. CHAIRMAN : The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Anti-Hijacking Act, 1982."
>
> *The motion was adopted.*

SHRIMATI SUPRIYA SULE : I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 30.04.10

16.05½ hrs.

(ix) VICTIMS OF NATURAL CALAMITIES (REHABILITATION AND FINANCIAL ASSISTANCE) BILL, 2010*

SHRI N.S.V. CHITTHAN (DINDIGUL): I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the rehabilitation and financial assistance to the victims of natural calamities and for matters connected therewith.

MR. CHAIRMAN: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the rehabilitation and financial assistance to the victims of natural calamities and for matters connected therewith."

The motion was adopted.

SHRI N.S.V. CHITTHAN : I introduce the Bill.

16.06 hrs.

(x) CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL, 2010*

(Amendments of article 85)

SHRI ARJUN RAM MEGHWAL (BIKANER): I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

MR. CHAIRMAN: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

The motion was adopted.

SHRI ARJUN RAM MEGHWAL : I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 30.04.10

16.06½ hrs.

(xi) PRICE CONTROL BILL, 2010*

SHRI ARJUN RAM MEGHWAL (BIKANER): I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the constitution of a Commission for determining the prices of all consumer and industrial goods and for matters connected therewith.

MR. CHAIRMAN: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the constitution of a Commission for determining the prices of all consumer and industrial goods and for matters connected therewith."

The motion was adopted.

SHRI ARJUN RAM MEGHWAL : I introduce the Bill.

16.07 hrs.

(xii) INDIGENT PERSONS WELFARE BILL, 2010*

SHRI ARJUN RAM MEGHWAL (BIKANER): I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the welfare of indigent persons and for matters connected therewith.

MR. CHAIRMAN: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the welfare of indigent persons and for matters connected therewith."

The motion was adopted.

SHRI ARJUN RAM MEGHWAL : I introduce the Bill.

MR. CHAIRMAN: Dr. Sanjeev Ganesh Naik - Not present.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 30.04.10

16.07½ hrs.

(xiii) BAN ON WITCHCRAFT BILL, 2010*

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि देश में किसी भी रूप में जादू-टोना पर पाबंदी का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

MR. CHAIRMAN: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for ban on witchcraft in any form in the country."

The motion was adopted.

श्री ओम प्रकाश यादव : महोदय, मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूं।

16.08 hrs.

(xiv) FARMERS (OLD AGE PENSION) BILL, 2010*

SHRI P.T. THOMAS (IDUKKI): I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for old age pension to small and marginal farmers and for matters connected therewith or incidental thereto.

MR. CHAIRMAN: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for old age pension to small and marginal farmers and for matters connected therewith or incidental thereto."

The motion was adopted.

SHRI P.T. THOMAS : I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 30.04.10

16.08½ hrs.

(xv) INDIAN PENAL CODE (AMENDMENT) BILL, 2010*

(Insertion of new section 335A)

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHARAMPUR): I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Indian Penal Code, 1860.

MR. CHAIRMAN: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Indian Penal Code, 1860."

The motion was adopted.

SHRI ADHIR CHOWDHURY : I introduce the Bill.

16.09 hrs.

(xvi)PERSONS LIVING BELOW POVERTY LINE (IDENTIFICATION) BILL, 2010*

श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि गरीबी रेखा से नीचे रह रहे व्यक्तियों की पहचान करने के लिए एक बोर्ड की स्थापना करने तथा उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

MR. CHAIRMAN: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the setting up of a Board for identification of persons living below poverty line and for matters connected therewith or incidental thereto."

The motion was adopted.

श्री सतपाल महाराज : महोदय, मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूं।

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 30.04.10

16.09½ hrs.

(xvii) VOLUNTARY ORGANISATION (REGULATION) BILL, 2010*

श्री प्रदीप टम्टा (अल्मोड़ा): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि स्वैच्छिक संगठनों की मान्यता और विनियमन तथा उससे संबंधित अथवा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

MR. CHAIRMAN: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for recognition and regulation of voluntary organizations and for matters connected therewith or incidental thereto."

The motion was adopted.

श्री प्रदीप टम्टा : महोदय, मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूं।

सभापति महोदय : श्री जगदम्बिका पाल अनुपस्थित

श्री योगी आदित्यनाथ अनुपस्थित

श्री राजेन्द्र अगवाल।

16.10 hrs.

(xviii) AGRICULTURAL AND PROCESSED FOOD PRODUCTS EXPORT DEVELOPMENT AUTHORITY (AMENDMENT) BILL, 2010* (Amendment of Section 4 etc.)

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1985 में और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।

MR. CHAIRMAN: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Agricultural and Processed Food Products Export Development Authority Act, 1985"

The motion was adopted.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल : सभापति महोदय, मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूं।

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 30.04.10

16.11 hrs.

COMPULSORY VOTING BILL, 2009 – Contd.

MR. CHAIRMAN: Now, we will take item No. 41 – Compulsory Voting Bill for consideration and passing.

Shri Arjun Ram Meghwal.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं माननीय सदस्य श्री जय प्रकाश अग्रवाल द्वारा पेश किए गए गैर सरकारी विधेयक अनिवार्य मतदान का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैंने पिछली बार चर्चा करते हुए कहा था कि अनिवार्य वोटिंग होने से इस देश में कई बीमारियां एक साथ दूर हो जाएंगी। जैसे मसल पावर की बीमारी दूर हो जाएगी। धन बल का प्रयोग वोटिंग के समय काफी होता है, यह बीमारी भी दूर हो जाएगी। इसके अलावा पिछड़े वर्ग के लोग, अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग जब वोटिंग करने जाते हैं तो उन्हें कह दिया जाता है कि तुम्हारा वोट तो पड़ गया है, इस समस्या से भी निजात मिल जाएगी।

16.12 hrs.

(Shri Inder Singh Namdhari *in the Chair)*

यह एक महत्वपूर्ण बिल है, जिस पर सदन को गम्भीरता से विचार करना चाहिए। मैं कहना चाहता हूं कि इस देश में चुनाव प्रक्रिया में सुधार का भी लम्बा इतिहास रहा है और अनिवार्य वोटिंग का भी लम्बा इतिहास रहा है। लेकिन बार-बार दिनेश गोस्वामी समिति की रिपोर्ट का सहारा लेकर इस अनिवार्य मतदान प्रक्रिया को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। दिनेश गोस्वामी समिति की रिपोर्ट जब आई थी, उस समय देश में कई तरह की परिस्थितियां थीं। देशकाल और परिस्थिति के अनुसार निर्णयों में परिवर्तन होते रहे हैं। किसी जमाने में दिल्ली में कोई आदमी जब सीएनजी की बात करता था, तो उसे पागल कहा जाता था। लेकिन जैसे ही सुप्रीम कोर्ट ने डंडा चलाया, तो आज दिल्ली में सीएनजी जरूरी हो गई है और प्रेक्टिकल भी हो गई है।

आज हम सदन में तो अनिवार्य वोटिंग की चर्चा कर रहे हैं, लेकिन हमारे मुख्य चुनाव आयुक्त चावला साहब ने मदुरै में कहा कि अनिवार्य वोटिंग व्यावहारिक नहीं है। वह यह बात दिनेश गोस्वामी समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कह रहे थे। मैं यह कहना चाहता हूं कि सदन को यह तय करना चाहिए कि

अनिवार्य वोटिंग होनी चाहिए या नहीं। अगर ऐसा हो जाएगा तो जैसा मैंने पूर्व में कहा कि देश से कई बीमारियां दूर हो सकती हैं। मुझे खुद का अनुभव रहा है और मैंने देखा है कि एससी और एसटी के लोग वोटिंग नहीं कर पाते हैं। जब चुनाव के समय वे वोटिंग के लिए जाते हैं तो उन्हें कह दिया जाता है कि आपका वोट तो पड़ गया है यानि कोई और उनका वोट डाल जाता है।

अगर वोटिंग अनिवार्य हो जाएगी तो जो वोट नहीं देगा, उनकी कई सुविधाएं वापस ली जा सकती हैं और पोजिटिव पनिशमेंट भी लगा सकते हैं । लेकिन चुनाव आयोग के कुछ लोग कह रहे हैं कि यह प्रेक्टिकल नहीं है, क्योंकि इतना बड़ा देश है और इतने सारे लोग हैं, कैसे इसे अनिवार्य कर सकते हैं। दूसरी तरफ कई लोग कहते हैं कि वोटिंग राइट फेंडामेंटल राइट का हनन है। वोट देना अधिकार है, सिविल राइट नहीं है। सन् 2004 में इसी सदन में उस समय के माननीय सदस्य श्री बची सिंह रावत ने अनिवार्य वोटिंग हेतु गैर सरकारी विधेयक प्रस्तुत किया था।

उस समय भी दिनेश गोस्वामी समिति की बात कहते हुए, यह कहा गया था कि यह व्यावहारिक नहीं है। व्यावहारिक नहीं है के साथ यह भी कहते हैं कि मतदान करना कर्तव्य नहीं है।

सभापति महोदय : मेघवाल जी, गुजरात हाईकोर्ट ने जो जजमेंट दिया है, वहां गुजरात में अनिवार्य वोटिंग कर दी गयी थी।

श्री अर्जुन राम मेघवाल : वह लोकल-बॉडीज में की थी।

सभापति महोदय : हां, चुनाव तो वह भी है ना।

श्री अर्जुन राम मेघवाल : लेकिन वह बिल राज्यपाल ने वापिस किया है, डिसीजन कहां आया है? वह बिल राज्यपाल ने वापिस कर दिया है। जो इसके विपक्ष में तर्क देते हैं, वे कहते हैं कि भारत जैसे बड़े देशों के लिए यह व्यावहारिक नहीं है। मतदान करना कर्तव्य नहीं है, बल्कि अधिकार है। अतः मौलिक अधिकारों का प्रयोग चाहे तो व्यक्ति करे, या नहीं करे। अगर कोई व्यक्ति किसी को वोट नहीं देना चाहता तो नैगेटिव वोट का विकल्प उपलब्ध नहीं है। मैंने नेट से भी बहुत सी सूचना ली, मैंने यहां जो डिबेट हुई, उससे भी बहुत सी इंफोर्मेशन ली। यह जो तीन मुद्दे अनिवार्य मतदान के विपक्ष में जा रहे हैं और वे इन्हें बार-बार कह रहे हैं।

अनिवार्य मतदान के पक्ष में जो मुद्दे हैं, मैं उन्हें यहां प्रस्तुत करना चाहता हूं। अनिवार्य मतदान लागू होने से वोट प्रतिशत में बढ़ोत्तरी होगी। सरकार भी कहती है कि वोट प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हो। लोकतंत्र की मजबूती होगी, ज्यादा लोग भाग लेंगे। दुनिया के लगभग 32 देशों ने अनिवार्य मतदान प्रक्रिया अपना ली है। इसमें ब्राजील जैसा देश भी है, जिसकी भारत से कई बातों में समानता है। भारत के समान वह देश भी बड़ा

देश है, जनसंख्या भी काफी है। आस्ट्रेलिया, इटली के साथ ब्राजील जैसे देश ने भी अनिवार्य मतदान की प्रक्रिया अपना ली है। इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। मतदान के दिन अपनाई जाने वाली बैड-प्रैक्टिसेज जैसी समस्या का समाधान हो जाएगा। कुछ लोग दारू बांटते हैं, कुछ लोग पैसा बांटते हैं, उससे छुटकारा मिलेगा। धनबल, बाहुबल में कमी आयेगी और कमजोर वर्गों के वोट सुरक्षित हो जाएंगे। किसी और समुदाय द्वारा वोट देने के भय से मुक्ति मिलेगी तथा लोगों का सही प्रतिनिधित्व होगा। आज हम देखें तो बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं जहां 40-50 प्रतिशत वोट ही पड़ते हैं।

अभी हमारे राजस्थान में, बीकानेर जिले में, ग्राम पंचायतों के चुनावों में 90 प्रतिशत, 95 प्रतिशत वोट पड़े, इसका मतलब यह है कि लोग वोट देना चाहते हैं। एमपी के चुनावों में वोट कम पड़ते हैं, एमएलए के चुनावों में भी वोट कम पड़ते हैं, कारण क्या है, इस पर हमें चिंता करने की जरुरत है? मैंने बहुत से ऐसे वोटरों से चर्चा की जो वोट नहीं देते हैं, जैसे आर्मी के लोग - वे कहते हैं कि हमारा आई-कार्ड ही नहीं बना। ऐसे ही कुछ उद्योगपति हैं जो घर से बाहर निकलना नहीं चाहते। कुछ ऐसे लोग हैं जो कहते हैं कि लाइन बहुत लम्बी होती है, कुछ कहते हैं कि हम जाएंगे, वोटर-आई-कार्ड देखेंगे या और कोई प्रूफ देखेंगे, वह नहीं होगा तो वापस आना पड़ेगा। अगर चले गये और लाइन में तीन घंटे बिताने के बाद हमारा नम्बर आया, तो वह हमसे सहन नहीं होगा। इसलिए हम वोट देना नहीं चाहते हैं। इन छोटी-छोटी चीजों का समाधान यह सदन कर सकता है। अनिवार्य वोटिंग का मुद्दा माननीय जेपी अग्रवाल जी ने जो प्रस्तुत किया है, यह स्वागत-योग्य कदम है। इससे कई बीमारियां एक साथ दूर होंगी। समाज में कुछ लोग ठेकेदार बने हुए हैं, वे कहते हैं कि हमारे पास आओ, हम आपको हजार वोट एक साथ दिला देंगे। They are the contractors of the voters. इस बीमारी से भी आपको मुक्ति मिलेगी। ठेकेदार सब को वोट देने के लिए कहेगा और जो नहीं देगा, उसे नॉन-वोटर का सर्टिफिकेट जारी हो जाएगा। उसे लगेगा कि अगर मैं नहीं जाऊंगा तो मेरी सुविधा को छीन लिया जाएगा। उसको डर लगेगा और वह वोट देने के लिए मोटिवेट होगा।

भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है, इसलिए इसमें अनिवार्य वोट देने की प्रक्रिया होनी चाहिए। मतदान के बाद जो कोर्ट कैसेज होते हैं, उससे भी हमें मुक्ति मिलेगी। सबसे बड़ा फायदा इससे यह होगा कि जो राजनैतिक अस्थिरता आ रही है उसमें कमी आयेगी। चुनाव आयोग को भी फायदा होगा, जो कोड ऑफ कंडक्ट लगाते हैं, बहुत से पाइंट उसमें जोड़ते हैं। जब अनिवार्य मतदान हो जाएगा तो मॉडल-कोड ऑफ कंडक्ट भी लगाना नहीं पड़ेगा, गवर्नमेंट की मशीनरी में कमी आयेगी। ये कुछ बिंदू थे, जिनके ऊपर मैं आपके माध्यम से, माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता था।

सभापति महोदय, कई ऐसे देश हैं, जिनमें नियम तो बन गया है, लेकिन उन्होंने अपवाद छोड़ा है। जैसे इटली, अस्ट्रिया हैं, उन्होंने कहा है कि अनिवार्य मतदान है, लेकिन कोई आदमी बहुत बूढ़ा है, कोई बीमार है, कोई मतदान केंद्र से बहुत दूर है और ये अगर मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकते हैं या कोई व्यक्ति जेल में है, तो इनके लिए छूट है। ऐसे कुछ अपवाद इस बिल में हम भी ला सकते हैं। अगर लगता है कि शुरू में कुछ ज्यादा अपवाद होने चाहिए, तो उनका भी प्रावधान कर सकते हैं, जिससे कि कुछ परसेंट छोड़ कर ज्यादातर लोग तो वोट देने के लिए प्रेरित होंगे।

गुजरात में ऐसा हुआ था, बाद में राज्यपाल महोदय ने वापस ले लिया था। उन्होंने दो चीजें की थीं, एक थी, जो वोट देने नहीं आएगा, उसका राशन कार्ड जब्त किया जाएगा, दूसरा, उसमें दो दिन की सज़ा का प्रावधान था। मैं इसके पक्ष में नहीं हूं क्योंकि दो दिन की सज़ा ठीक नहीं है। मैं पोज़ीटिव पनिशमेंट की बात करता हूं। जैसे कोई आदमी साल में बीस लाख रुपए कमा रहा है, वह वोट देने नहीं आ रहा है, तो हम उसे दंड दे सकते हैं कि अगर तुमने वोट नहीं दिया और नॉन वोटर केटेगिरी में भारत सरकार ने खड़ा कर दिया, तो तुम्हें प्रधानमंत्री सहायता कोष में बीस हजार रुपए देने पड़ेंगे। वह भारत से पैसा कमा रहा है, भारत में ही लखपति बना है और भारत की लोकतंत्र की प्रक्रिया में वोट नहीं दे रहा है। हम नेगेटिव पनिशमेंट न देकर पोजीटिव पनिशमेंट तो दे ही सकते हैं। जैसे कोई गरीब आदमी है, यह कह सकते हैं कि नॉन वोटर गरीब आदमी का इलाज कराएगा। इससे भारत सरकार का रिलीफ फंड भी इकट्ठा होगा। जैसे मुख्यमंत्री सहायता फंड है, प्राकृतिक आपदा फंड है, कहीं बाढ़ आ जाती है, उस फंड में हम पैसा इकट्ठा कर सकते हैं। कई सालों के बाद उसे लगेगा कि बहुत पैसा लग रहा है, हमें वोट देना चाहिए, तो वह वोट देने के लिए प्रेरित होगा।

मैंने नेट से बहुत चीजें ली हैं। कई देशों ने कहा कि उनके राशनकार्ड जब्त कर दो। सरकारी अस्पताल में इलाज की मनाही। सरकारी स्कूलों में दाखिले की अनुमति न देना। पासपोर्ट वीजा पर प्रतिबंध और वोट न देने वाले को ग्राम पंचायत, नगर निगम, सरकारी निकाय में आर्थिक जुर्माना जमा कराना। इनकम टैक्स रिटर्न के साथ मतदान प्रमाण पत्र लगाएं अन्यथा टैक्स ज्यादा देना पड़ेगा। जब श्री टी.एन. शेषण थे, तब आई कार्ड शुरू हुआ। अभी तक हम वोटर आई कार्ड नहीं बना पाए हैं। जब ऐसा किया गया था, तब भी लोगों ने कहा कि यह प्रेक्टिकल नहीं है, लेकिन आज बहुत से राज्य ऐसे हैं, जहां 90 परसेंट या 95 परसेंट वोटर आई कार्ड हैं। वोटर आई कार्ड बनाया गया, ऐसे ही हमें नॉन वोटर आई कार्ड का सर्टिफिकेट बनाना पड़ेगा कि इस आदमी ने वोट नहीं दिया, इसलिए उसे जारी कर दो। इसे जारी करने के बाद पाजीटिव पनिशमेंट के सिद्धांत जारी कर दिए जाएं, इससे रिलीफ भी मिलेगी और लोग वोटिंग के प्रति प्रेरित भी होंगे।

मैं पोजीटिव पनिशमेंट के सिद्धांतों की बात कहता हूं। उसके हमें सदन में या समिति बनाकर चर्चा करनी चाहिए। अगर ऐसी व्यवस्था करेंगे, तो मेरा मानना है कि अनिवार्य मतदान के लिए जो बिल लाया गया है, इससे देश का भला होगा।

सभापति जी, आपने मुझे बोलने की अनुमति दी, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं अनिवार्य मतदान बिल का समर्थन करता हूं और हमारी पार्टी भी इसका समर्थन करती है।

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, our esteemed colleague, Shri J.P. Aggarwal has introduced this Bill under the nomenclature, The Compulsory Voting Bill, 2009. I must appreciate the honest intention of the hon. Member. In the legislative document, the end is defined. The Legislative document intends to cast more votes for the growth of our democratic system but the means that have been suggested, I think, still are not advisable in the context of our country. India always pleads the persuasive policy in all concerned problems of our country. But the name - Compulsory Voting Bill is clearly smacking of a tinge of autocracy. So, here I am compelled to disagree with the means of the legislative document as has been enunciated. If we peep into our Constitution, we will find that Article 326 enshrines:

> "Elections to the House of the People and to the Legislative Assemblies of States to be on the basis of adult suffrage – The elections to the House of the People and to the Legislative Assembly of every State shall be on the basis of adult suffrage; that is to say, every person who is a citizen of India and who is not less than eighteen years of age on such date as may be fixed in that behalf by or under any law made by the appropriate Legislature and is not otherwise disqualified under this Constitution or any law made by the appropriate Legislature on the ground of non-residence, unsoundness of mind, crime or corrupt or illegal practice, shall be entitled to be registered as a voter at any such election."

Therefore, it is clearly prescribed in our Constitution that voting is our right. It is a civic right nonetheless and if we try to make it our civic duty, I think we will be landing in conflict with the basic tenets of our Constitution which advocates equality before the law.

There is compulsory voting in some of the countries in the world. They are pursuing the practice of compulsory voting. It does not mean that we are to mimic the practices of foreign countries because we have to understand the culture, the index of education, the fabric of our society and the ambience under which we are brought up before deciding any policy.

Sir, in our country, when the first election was held in some places, common voters had put up the symbol whom they were suppose to vote. On the top of a tree, the symbol was put to display their support to a particular party. This was the level of maturity that Indians had at that time. But we have journeyed a long and come to the first decade of the 21st century. Still, we are to take into cognizance of whether we will pursue any coercive policy or we will pursue the persuasive policy. Our objective must be to turn out more and more voters in our electoral mechanism because we are belonging to a representative democracy.

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, the allotted time for discussion on Compulsory Voting Bill, 2009 is over. I have six more Members to speak on the Bill. If the House agrees, the time for discussion of the Bill may be extended by one hour.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

SHRI ADHIR CHOWDHURY : Sir, we are living in a country which preaches representative democracy. Sir, representative democracy is founded on the principle of elected individuals representing the people of our country as opposed to autocracy or direct democracy. Sir, representatives are chosen by the plurality of those who are able to cast vote and who are eligible to cast vote and doing the same. It does not mean that majority of votes are to be earned before being elected. A winning candidate needs to derive the highest number of votes among the contestants. This is the policy we are abiding since the electoral system of our country has been established.

Sir, representative democracy emphasizes individual liberty and that is why, we can say that India is a country which believes in liberal democracy. The liberty of any individual is mentioned in and is regulated by our Constitution. Our Constitution has framed up various measures, hundreds of articles, schedules, etc. to build a checks and balance mechanism in our democracy.

MR. CHAIRMAN: Mr. Chowdhury, do you feel that the craze for voting is coming down day by day?

SHRI ADHIR CHOWDHURY : Yes, Sir. You have raised a very valid question. It is a problem of representative democracy. Sir, the major problem with representative democracy is voter apathy.

You are absolutely right in saying this. It is the apathy of the voter, it is the indifferent attitude of the voter which is really a matter of great concern. Sometimes, it seems that Governments are being run not by the mandate. They do not have any electoral legitimacy, right to rule. It is often seen. But, Sir, now, we need to have an introspection into the fact as to why the electorate are getting indifferent to the electoral system. Why are they becoming apathetic? Why are they not participating in the electoral process? It needs to be dealt with.

Sometimes, it is found that people are reluctant to cast their votes, to exercise their franchise for or against any of the candidates because they do not like any one contesting the elections. It is also noteworthy to say that more and more people are getting interested, especially those people till now are considered under-privileged section of our society, in the participation of any election.

The Bill is suggesting a number of penal measures so that people could be forced to cast their votes. Even, the hon. Members are referring to some countries of the West. But it is also true that a number of countries where compulsory voting system was in vogue till the other day are now withdrawing it because they find the untenability of compulsory voting. I can refer, Belgium, the oldest country in the world which, is pursuing the compulsory voting practice. It is called Baton Ballot. Some members also referred to Gujarat in the context of compulsory voting, but we cannot simply go by this way as has been proposed by the Gujarat Government. I would pray to the Gujarat Government to keep the citizens of Gujarat in peace and tranquillity. The Government which cannot afford security to the common citizen cannot ask for compulsory voting for the sake of democracy. I must say that.

MR. CHAIRMAN : Shri Adhir Chowdhury, if you make your speech short, we can take up the other Bill. The next Bill is yours. Otherwise, you will be missing the chance.

SHRI ADHIR CHOWDHURY : I will try to be brief. Even in the year 1983, the Supreme Court affirmed that voting is a formal expression of will or opinion by the persons entitled to exercise the right on a subject or issue in question. Right to vote means the right to exercise the franchise. It is right in favour or against any issue in question or any Resolution. Such a right implies the right to remain neutral as well. Therefore, by this definition, it clearly vindicates that if we ask one to vote compulsorily, then, it will be tantamount to an infringement upon the freedom of an individual.

I must argue that intense mobilisation, more competitive electoral arena, arousal of interest in the elections are now being palpable in the aftermath of the assertion of regional parties.

Sir, I would like to draw your attention to the fact that the electoral turn out in Assembly Elections is found to be more than the National Election. Our voters are mature, they are sensitive and they are conscious. Otherwise, how have the voters of your State, voters of Jammu and Kashmir and voters of Arunachal Pradesh exercised their franchise? It clearly points out to the fact that without adopting any coercive measures, we can have a democratic upsurge in our country where more and more Dalits, minorities, women and under-privileged classes are sucked into the electoral process. They are taking more and more interest in the electoral process now.

So, we need to make a further introspection into the reason as to why the common voters are getting reluctant to cast their votes and the percentage of voting is declining, without resorting to any coercive measures. By the sheer dint of persuasion, by the dint of argument and by the dint of giving avenues for more freedom and more expression, we can increase the voting percentage in our country.

With these words, I conclude.

16.43 hrs.

PRIVATE MEMBERS' BILLS – Contd.

(xix) CENTRAL UNIVERSITIES (CONDITIONS OF SERVICE OF NON-TEACHING STAFF) BILL, 2010

MR. CHAIRMAN : Shri Jagdambika Pal, you may now introduce your Bill.

SHRI JAGDAMBIKA PAL (DOMARIYAGANJ): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for uniform conditions of service for the non-teaching staff of the Central Universities and for matters connected therewith.

MR. CHAIRMAN : The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for uniform conditions of service for the non-teaching staff of the Central Universities and for matters connected therewith."

The motion was adopted.

SHRI JAGDAMBIKA PAL : Sir, I introduce the Bill.

16.44 hrs.

COMPULSORY VOTING BILL, 2009 – Contd.

MR. CHAIRMAN : Now we resume the discussion on the Compulsory Voting Bill. Shri Shailendra Kumar.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): सभापति महोदय, आपने मुझे अनिवार्य मतदान विधेयक, 2009, जिसे हमारे साथी श्री जयप्रकाश अग्रवाल ने रखा है, पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। इस बिल पर बल देते हुए, मैं अपने कुछ सुझाव रखना चाहूंगा।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : शैलेन्द्र कुमार जी आप पक्ष में हैं या विपक्ष में हैं।

श्री शैलेन्द्र कुमार : महोदय, मैं दोनों तरफ हूं। ये अच्छा काम करेंगे, तो इनके साथ हूं और अगर बुरा काम करेंगे, तो इनके विरोध में हूं। विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारतवर्ष है, जिसकी आबादी 100 करोड़ से भी अधिक है। अनिवार्य मतदान करने की जहां तक बात है, दोनों पक्षों के सम्मानित सदस्यों ने सुझाव रखे हैं। मैं वर्ष 1998 में जब 12वीं लोक सभा में चुनकर आया था तो मेरे यहां मतदान 34 प्रतिशत हुआ था। मैं 21 हजार वोट से जीत कर आया था। बड़े अफसोस की बात है कि आज हिन्दुस्तान का 50 प्रतिशत मतदाता उदासीन है, वह मतदान करने नहीं जाता। उसे चुनाव से घृणा हो गई है, उसका लोकतंत्र के प्रति विश्वास उठ गया है। अब अनिवार्य मतदान के लिए जागरुकता की जरूरत है। सफेद कुर्ते-पायजामे से भी लोग हेट करने लगे हैं, यह स्थिति आ गई है और यही कारण है कि मतदान का प्रतिशत दिन-प्रति-दिन गिरता चला जा रहा है। हम लोग वित्त विधेयक में कागज पर लिखे आंकड़ों पर लड़ रहे थे, बस उतना ही रह गया है। मैंने पहले भी कहा था कि आप ग्रामीण इलाकों में जाकर हकीकत देखिए तो असली भारत की तस्वीर आपको समझ में आएगी।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि अगर हम अनिवार्य मतदान कराने के लिए बिल लाए हैं तो वहीं पर अनिवार्य मतदान कराने के लिए हमें सुविधाएं भी देनी पड़ेंगी। लोगों में जागरुकता लानी पड़ेगी, तभी हमारा यह मकसद पूरा हो पाएगा। मैं डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा कि संविधान में हम लोगों को भारतवर्ष के सबसे बड़े संवैधानिक देश में उन्होंने वोट ऑफ राइट का अधिकार दिया, चाहे कोई बड़ा, मध्यम वर्ग या छोटा गरीब आदमी भी हो, सब को यह अधिकार दिया है। राजीव गांधी जी जब प्रधान मंत्री थे तो उन्होंने 18 वर्ष किया। इससे युवाओं में एक नया उत्साह आया कि हम मतदान दे सकते हैं, यह बहुत बड़ी बात है। मैं पर्सनल पब्लिक ग्रिवेंस लॉ एंड जस्टिस

का भी सदस्य था, इलैक्ट्रो रिफार्म पर हम लोगों ने चर्चा की थी। मुझे चुनाव खर्च के बारे में कुछ नहीं कहना है, क्योंकि इस बारे में यहां पर बहुत जिक्र हो चुका है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि चुनाव का खर्च पूरे तरीके से सरकार को अपने हाथ में लेना चाहिए। जिस प्रकार से चुनाव आयोग का चुनाव आचार संहिता सख्ती से इस समय चल रहा है, उस हिसाब से चुनाव का पूरा खर्चा सरकार को वहन करना चाहिए और सब को बराबर देना चाहिए। दूसरी बात यह है कि अनिवार्य मतदान में छूट की बात कही गई है। जो लोग मतदान के दिन गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं, अगर वे रजिस्टर्ड मेडिकल ऑफिसर का मेडिकल सर्टिफिकेट देते हैं तो उन्हें छूट दी जानी चाहिए। खास कर हर मतदाता के लिए उसके अपने मताधिकार के प्रयोग के समय सिक्योरिटी की भी व्यवस्था हमें करनी पड़ेगी। हमारे यहां मतदान का स्वरूप धीरे-धीरे बिगड़ता जा रहा है, उस हिसाब से हर मतदाता को सुरक्षा देने की आवश्यकता है। सरकार को इस बात को अपने हाथ में लेना चाहिए। आज भी हम देखते हैं, जब क्षेत्र का दौरा करते हैं तो लोग हमसे मांग करते हैं कि साहब, हम लोगों को वोट डालने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता है। हमें देखना चाहिए कि जहां हमारी आबादी ज्यादा है, मेरे ख्याल से अब दो सौ या ढाई सौ लोगों के लिए एक बूथ सेट किया गया है। बूथ भी नजदीक होने चाहिए, क्योंकि अगर कोई बीमार, असहाय या गरीब आदमी है, वह आसानी से पैदल चल कर अपना वोट डाल सके, यह व्यवस्था करनी चाहिए। बूथ तक जाने के लिए कम से कम दूरी होनी चाहिए। हमने एक अनिवार्यता यह रखी कि जिस गांव में मज़रे में जहां पक्के मकान हों, वहीं पर मतदाता बूथ बनाने की बाध्यता है, उसे भी समाप्त करना चाहिए। मेरे ख्याल से अब हर गांव में तमाम प्राथमिक विद्यालय, जूनियर विद्यालय या प्राईवेट विद्यालय ऐसे हैं, जिसमें बूथ बना देने चाहिए, वहां मतदान केन्द्र बना देने चाहिए ताकि उससे लोगों को सहूलियत मिले।

सभापति महोदय, दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि जो वरिष्ठ नागरिक हैं, जो बहुत बुजुर्ग हैं, जो शारीरिक रूप से निशक्त हैं अथवा जो प्रैग्नेंट महिलाएं हैं, जिन्हें मतदान करने में दिक्कत हो, उनके लिए मोबाइल मतदान केन्द्रों की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि वे उनके घरों के निकट जाकर या गांव में किसी एक स्थान पर आ कर मोबाइल बूथ खड़ी हो जाएं, जहां आकर वे अपना मतदान कर सकें। यह व्यवस्था हमें करनी चाहिए। इस विधेयक के अनुसार जो मतदान न करे, उसके ऊपर 500 रुपए जुर्माना लगाने एवं दो दिन की कैद, राशनकार्ड जब्त और 10 वर्ष तक चुनाव नहीं लड़ने देने की बाध्यता दर्शाई गई है। दूसरी ओर उसे जो सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं में सहूलियत मिलती है, जैसे मकान या भूखंड के आबंटन में उसे अपात्र घोषित कर दिया जाए। जिस व्यक्ति ने वोट नहीं डाला है, यदि वह ऋण लेने जाता

है, तो उसे अपात्र घोषित कर दिया जाएगा। इस प्रकार से तमाम योजनाओं से उसे वंचित रखने की बात कही गई है।

महोदय, अभी श्री अर्जुन जी बोल रहे थे। गुजरात में भी इसी प्रकार का एक प्रस्ताव पारित हुआ, जिसके बारे में उन्होंने सफाई दी कि वह तो लोकल या पंचायत के चुनाव के लिए किया गया था। मैं कहना चाहता हूं कि इस दिशा में गुजरात से एक पहल हुई थी। इसे करना चाहिए। हम भी इस पक्ष में हैं कि अनिवार्य मतदान होना चाहिए। हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हमें इस पर नाज है कि हम भारत के नागरिक हैं। हम यहां 30, 32, 34 और 35 परसेंट पर चुनकर चले आते हैं, यह ठीक नहीं है। मैं चाहता हूं कि विश्व में सबसे बड़े लोक तंत्र के रूप में हमारे देश पर कम मतदान के आधार पर कोई बट्टा न लगे। जब हम इतने कम मतों से चुनकर आते हैं, तो बाकी जो 70-75 परसेंट लोग बचते हैं, उनसे कोई मतलब ही न रहे, यह उचित नहीं है। मैं चाहता हूं कि मतदान के अधिकार को अनिवार्य बनाया जाए, लेकिन इसमें थोड़ा सुधार कर दिया जाए ताकि इतनी बाध्यता न हो और जो पनिश्मेंट की व्यवस्था है, वह थोड़ी कम-ज्यादा हो सकती है, इस पर हम विचार कर सकते हैं।

महोदय, इस विधेयक में यह भी बताया गया है कि जो सरकारी सर्विस में हैं, उन्हें डाक से वोट देने का अधिकार है। इसमें भी कहा गया है कि 10 दिन के वेतन की जब्ती, पदोन्नति में दो वर्ष का विलम्ब हो। यदि ऐसा होगा, तो उसका प्रमोशन ही नहीं होगा। इस प्रकार की तमाम बातें विधेयक में कही गई हैं। मैं इसके ज्यादा विस्तार में नहीं जाना चाहता हूं। जैसा मैंने पहले कहा, इसके लिए और सुविधाएं दीजिए और सुविधाएं देने के बाद, कुछ कम ज्यादा कर के, थोड़ी बहुत जागरुकता और मतदान के प्रति अनिवार्यता करनी चाहिए।

महोदय, इलैक्ट्रोरल रिफॉर्म्स के बारे में दिनेश गोस्वामी समिति की सिफारिशें 1990 में आई थीं। उनके ऊपर भी हमें गौर करने की जरूरत है। मैं इन्हीं शब्दों के साथ, आपने मुझे इस विधेयक पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद करते हुए पुनः इस विधेयक पर बल देते हुए, अपनी बात समाप्त करता हूं।

सभापति महोदय : शैलेन्द्र कुमार जी, एक बार हमारे एक मित्र जीते थे, उनके बारे में लिखा था कि elected but deposit forfeited. वोटिंग इतनी कम हुई कि जीत गए, लेकिन जमानत जब्त हो गई, ऐसा भी होता है।

श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल): सभापति महोदय, मैं सम्मानित सदस्य, श्री जय प्रकाश अग्रवाल द्वारा लाए हुए प्रस्ताव, अनिवार्य मतदान विधेयक, 2009 के समर्थन में खड़ा हुआ हूं। वोटर लिस्ट बनाते समय जो सर्वेक्षण होता है, उसमें घरों में रहने वाले बहुत से लोग छूट जाते हैं। कभी-कभी तो यह होता है कि इसमें रुचि रखने वाली पार्टियां एक पार्टी विशेष के जो वोटर होते हैं, उनके नाम ही गायब करा देती हैं। इसलिए वोटिंग लिस्ट से नाम गायब होने की बड़ी शिकायतें आती हैं। मैं माननीय मंत्री जी को सुझाव दूंगा कि यदि वोटर लिस्ट से जो नाम गायब होते हैं, तो जिस अधिकारी का सर्वे करने और वोटर लिस्ट बनाने का काम होता है, उसे भी दंडित करना चाहिए, क्योंकि जो लोग वोट देना चाहते हैं, उनके नाम वोटर लिस्ट से गायब होने के कारण वे वोट नहीं डाल पाते हैं।

महोदय, मैं उत्तराखंड से आता हूं और उत्तराखंड के अंदर बहुत सैनिक मतदाता हैं। लगभग 40 हजार मतदाता हैं। इसी प्रकार से हिमाचल प्रदेश में भी बहुत सैनिक मतदाता हैं। इन पहाड़ी राज्यों में बहुत ज्यादा सैनिक मतदाता होते हैं। आप जानते हैं कि सेना, हमारे देश की रक्षा करने के लिए तैनात होती है। अब आप कल्पना कीजिए कि जो सैनिक राइफल लिए दुश्मन की तरफ ताक रहा हो, वह वोट कैसे दे पाएगा?

अगर वह रेकी करने गया है और सीमा पर रेकी कर रहा है, देख रहा है कि दुश्मन है या नहीं और शाम को उसको रिपोर्टिंग करनी है तो वह देश की सीमा की रक्षा करेगा या जहां वह तैनात हुआ है, उस स्थान को छोड़कर वोट देने जायेगा? इसके लिए पोस्टल बैलेट का प्रावधान किया गया है, पर मैं नहीं समझता हूं कि पोस्टल बैलेट इसमें कारगर हुआ है। जो भी ट्रांसपेरेंसी वोटिंग में रखी गई है, जो चुनाव लड़ रहे होते हैं, उनके एजेण्ट होते हैं, इस प्रकार की कोई भी ट्रांसपेरेंसी पोस्टल बैलेट के अन्दर नहीं होती है। यहां तक कि जो पार्टी का मैनीफैस्टो होता है, वह मैनीफैस्टो भी सीमा पर तैनात सैनिकों तक पहुंच नहीं पाता। उन्हें यही नहीं मालूम कि कौन पार्टी है, क्या पार्टी का मैनीफैस्टो है, कौन केंडीडेट चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति के अन्दर वे कैसे सही ढंग से मतदान कर पाएंगे। यह एक बहुंत बड़ी धांधली पोस्टल बैलेट की हो जाती है। मैं मंत्री महोदय से गुजारिश करूंगा कि इस पूरी धांधली को समाप्त करें और प्रॉक्सी वोटिंग का प्रावधान करें।

एक समय नेहरू जी का गला एक पठान ने पकड़ा और कहा कि तुम कहते हो कि हमें आजादी मिल गई है तो हमें आजादी के बाद क्या मिला। नेहरू जी ने कहा कि तुम प्राइम मिनिस्टर का गला पकड़े हुए हो, यह सबसे बड़ा अधिकार मिला। आजादी का सबसे बड़ा अधिकार, लोकतंत्र का सबसे बड़ा अधिकार यह है कि हमें वोट देने का अधिकार मिला है और यह अधिकार प्रत्येक व्यक्ति को इस्तेमाल करना चाहिए।

अन्त में मैं यह कहूंगा कि:

रावी की रवानी बदलेगी, सतलुज का मुहाना बदलेगा,
गर शौक में तेरे जोश रहा, तस्वीर का जामा बदलेगा।
बेजार न हो, बेजार न हो, सारा फसाना बदलेगा,
कुछ तुम बदलो, कुछ हम बदलें, तब तो ये जमाना बदलेगा।।

मैं चाहता हूं कि अनिवार्य वोटिंग हो और इसमें जो विसंगतियां हैं, वे दूर हों, भारत का लोकतंत्र मजबूत हो और हम पूरी दुनिया के अन्दर विश्व गुरू के रूप में स्थापित हों, यह हमारी कामना है।

SHRI S. SEMMALAI (SALEM): Mr. Chairman, Sir, I would like to express my thanks to you for giving me this opportunity to speak on the Compulsory Voting Bill.

At this juncture, I would like to appreciate Shri J.P. Agarwal for bringing this Bill at the appropriate time with a novel idea.

I endorse the concept of compulsory voting in principle. Democracy flourishes not only with the full participation of the people but also with the flawless electoral system.

16.59 hrs.

(Shri Arjun Charan Sethi *in the Chair*)

Sir, before enacting legislation for compulsory voting in the election, necessary spadework should be made to make the concept really workable. It needs to be further improved so that the existing defects and faults are removed, and a perfect system is put into practice. Defective and faulty system results in erosion of the democratic values.

During the Diamond Jubilee Celebrations of the Election Commission, the Chairperson of the UPA and the President of the Congress Party, Madam Sonia ji has lamented over the growing money power, muscle power and criminalization of politics. I appreciate the Congress President for the outright condemnation of the growing evils. If this is the laudable principle of the Congress Party, if it is the worthy idea of the Congress President, I wonder how the Congress Party will be going to fight against these evils ... *

* Not recorded

17.00 hrs.

In all the bye elections held in Tamil Nadu, the ruling party is adopting the same formula. If the Congress party wants to follow the said principles, what Congress President strongly suggested, there is no meaning in continuing alliance with the DMK. They should come out of the clutches of the DMK. It is good for the Congress party and for the country as a whole.

Most of the cadres in the Congress party silently realise the need for breaking away from this ... *. It is up to the Congress High Command to decide its own course of action… (*Interruptions*) I am telling the fact. It is up to the Congress High Command to decide its own course of action. There is nothing more. It is up to you whether you are continuing alliance with the DMK or not. I am not in your way.

Another aspect I want to touch upon is the electoral roll system. Though we have conducted so many elections during the last 60 years, still we have not yet developed an electoral roll system free from defects. More particularly, in Tamil Nadu, the voters' list is full of defects. Thousands and thousands of voters who are otherwise eligible were not included in the voters' list. *En block* deletion of voters' name in a particular area is a common feature. The worst part of it is that voters having identity cards did not find their names in the electoral rolls. All this happened under the direction of the ruling party with the connivance of officials. The Election Commission is helpless. In Tamil Nadu every election is being conducted through the defective electoral rolls… (*Interruptions*)

SHRI J.M. AARON RASHID (THENI): Sir, he is misleading the House… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Hon. Member, please sit down.

… (*Interruptions*)

* Not recorded

SHRI S. SEMMALAI : So, the Election Commission should take effective measures for cent per cent inclusion of all eligible voters through scientific verification. I would urge upon the Election Commission to utilize the services of the Central Government employees and the employees working in the public sector undertakings for this task. Only after ensuring defect free electoral system, we can think of introducing compulsory voting in the country… (*Interruptions*)

SHRI N.S.V. CHITTHAN (DINDIGUL): Sir, he is misleading the House and this should not go on record… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, I will go through the proceedings. If there is anything unparliamentary or derogatory, I will expunge it from the records. Now, please sit down.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Mr. Semmalai, this is a Private Member's Bill. Please do not enter into controversial politics.

SHRI S. SEMMALAI : I am not accusing anybody. The voters' list has not been prepared properly. That is my point… (*Interruptions*) Let the Chairman go through the speech. If I have used any unparliamentary word, he is at liberty to remove it.

MR. CHAIRMAN: I have already given my ruling that if there is anything unparliamentary or derogatory, I will certainly expunge it.

SHRI S. SEMMALAI : If I have used any unparliamentary words, the Chairman is at liberty to delete it.

MR. CHAIRMAN: Mr. Semmalai, you have a very little time. Please confine yourself to the speech.

SHRI S. SEMMALAI : Let me also draw the attention of this august House regarding electronic voting machines (EVMs). Though the Election Commission says that the EVMs are tamper proof, there are instances where the EVMs have failed during the polling process. Electronic machines are liable to fail and the EVMs are no exception. Are we not receiving wrong calls in our cell phones?

Day before yesterday also, the electronic voting system had failed in this very august House during the voting on Cut Motions, and our hon. Speaker directed the Members to use hand slips for voting? To avoid any ambiguity and enable the voters to feel sure that their votes have been rightly recorded, we would call upon the Government to discard the EVMs system and revert back to the old ballot system.

My revered leader, the former Chief Minister of Tamil Nadu, Puratchi Thalaivi J. Jailalitha has time and again urged the Government and the Election Commission to resort to the ballot system of voting for fair elections.

Even in developed countries, this type of EVM system has been given up, and they are conducting the elections through the ballot system. So, without standing on prestige, the Election Commission and the Government should come forward to conduct the elections through ballot voting system in future.

In short, the principle of Compulsory Voting Bill is good but possibility is less. So, at this juncture, I appreciate Mr. J.P. Agarwal for bringing this Bill.

डॉ. प्रभा किशोर ताविआड (दाहोद): सभापति महोदय, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मैं गुजरात से आती हूं और दाहोद मेरा इलाका है। It is a tribal belt. वह बहुत गरीब इलाका है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि हमें जीने के लिए तीन चीजों की जरूरत होती है - पहला, हवा जो हमें मुफ्त में मिलती है। यह खुशी की बात है कि हमें अच्छी तरह हवा मिलती है। हम ग्रीन ट्राइबुनल बिल द्वारा पर्यावरण को बचाकर अच्छी हवा लेने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरा, पीने का पानी है। गुजरात के दाहोद के आदिवासी लोगों को, हमारी बहनों को पीने का पानी लेने के लिए तीन-तीन किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। वहां पीने का पानी नहीं होता। आप समझ सकते हैं कि इरीगेशन की क्या फैसीलिटी होती होगी। गुजरात में अभी तक जो रूलर्स आए हैं, उन सबने ट्राइबल बैल्ट को इरीगेशन से छोड़ दिया है। नर्मदा की कैनाल केवल 40 किलोमीटर दूर से जा रही है, लेकिन हमें उस कैनाल से पीने का पानी नहीं मिल रहा है। कडाना डैम दाहोद के कैचमैंट एरिया से बना हुआ है। हमारे आदिवासी भाइयों को अपनी सोने जैसी जमीन छोड़कर कहीं और जाकर, जहां पानी नहीं है, वहां बसना पड़ा है। हमारे इलाके में पानी होते हुए भी कडाना और संतराम पुर, जो 15 किलोमीटर के करीब एरिया है, वहां के लोगों को पीने के लिए पानी नहीं दे पाए। वह पानी 400-500 किलोमीटर महसाणा में जाकर सुजलाम, सुफलाम कर रहा है। मैं अपने प्वाइंट पर आ रही हूं। मेरे भाई, दाहोद के ट्राइबल लोग सौराष्ट्र के महसाणा में जाकर, यहां से जो पानी जाता है, उसी में से वहां सुजलाम, सुफलाम करते हैं। वहां समर सीजन में पैडी पकवाते हैं। How can the poor tribal people come and vote regularly in their constituency?

सभापति महोदय : आप कम्पलसरी वोटिंग बिल पर बोलिए।

...(व्यवधान)

डॉ. प्रभा किशोर ताविआड : मैं उसी प्वाइंट पर आ रही हूं। अभी सतपाल महाराज जी बोल रहे थे कि जो सिपाही सरहद पर देश की रक्षा कर रहा है, वह मतदान के लिए नहीं आ सकता। जो मजदूर 400-500 किलोमीटर दूर जाकर मजदूरी कर रहे हैं, they cannot come regularly in each and every by-election, Tehsils election and Gram Panchayat election. They cannot come. My request is, first give us water for irrigation and livelihood in my constituency. वहां कोई उद्योग भी नहीं है। मैं चाहती हूं कि हमें पहले वहां कुछ कमाने के लिए दीजिए, कुछ खाने के लिए दीजिए, पीने का पानी दीजिए, बाद में इसे लाइए। I am not against the compulsory voting. I am not against the apathy. But we have to motivate them. We have to give

something to them. So, a day will come and they will spend Rs.500 to come and vote. That is also not possible now. मैं अपने सब भाइयों से विनती करती हूं कि please cooperate with me. मैं पानी के लिए तरस रही हूं। I am asking for water for my territory.

श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही): माननीय सभापति महोदय, अनिवार्य मतदान बिल, 2009 जो माननीय जल प्रकाश अग्रवाल जी द्वारा लाया गया है, उस पर आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। भारत वर्ष विश्व के लोकतांत्रिक देशों में से सबसे बड़ा आबादी वाला देश है। हमें यहां आने का अवसर उस वोटिंग व्यवस्था से मिलता है, जहां से सब लोग चुनकर आते हैं। लेकिन बड़े अफसोस के साथ यह कहना पड़ रहा है कि इस बड़े लोकतंत्र में, जहां हम कानून बनाने, कानून की रखवाली करने की व्यवस्था का निर्णय लेते हैं, वहां आज सिर्फ 30-35 परसेंट जनता ही मतदान कर रही है। लोग मतदान नहीं कर रहे, इसके कई कारण हैं। मैं सबसे पहले हृदय से भारत रत्न स्वर्गीय अम्बेडकर साहब का आभार व्यक्त करना चाहूंगा, क्योंकि जब कानून का निर्माण उनके संरक्षण में हो रहा था, तो उन्होंने इस देश को एक व्यवस्था दी। संविधान में चाहे गरीब व्यक्ति हो, राजा हो या सामान्य व्यक्ति हो, सबको वोट देने का समान अधिकार है। देश राजतंत्र की दुर्व्यवस्थाओं से तंग आकर इस लोकतंत्र की तरफ आस्था भरी निगाहों से बढ़ा। हम आपका ध्यान इस तरफ भी ले जाना चाहेंगे कि यह अनिवार्य वोटिंग क्यों जरूरी हुई, इसका बिल लाना क्यों जरूरी हुआ? हम गांव में रहने वाले लोग हैं, पूर्वांचल से आते हैं और भदोही लोक सभा क्षेत्र हमारा ग्रामीण अंचल है। हमें यह कहने में संकोच नहीं कि आज से पहले जब वोटिंग करने के लिए सामान्य, गरीब, दलित, झुग्गी-झोंपड़ी का परिवार मतदान तक जाता था, तो उसे यह कहकर वापिस भेज दिया जाता था कि आप जाओ, आपकी वोटिंग हो गयी है। वह वोटिंग होती नहीं थी, लेकिन उन्हें वोट देने नहीं देने दिया जाता था और धनबल और बाहुबल का प्रयोग करने वाले ऐसे लोग भी हुआ करते थे, जो पैसों के बल पर, अपनी ताकत के बल पर वोट खरीद लिया करते थे, वोट डलवा लिया करते थे। लेकिन चुनाव आयोग की सख्ती और वोट की व्यवस्था ने परिणाम बदले हैं। उसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में आज लोकतंत्र की व्यवस्था में एक साफ सुथरी सरकार बहन मायावती, जो दलित परिवार की बेटी हैं, को काम करने का अवसर मिला है। अगर यह चुनाव आयोग की सख्ती न हुई होती, तो शायद यह व्यवस्था न आ पाती।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि माननीय जय प्रकाश अग्रवाल जी ने अपने बिल में जो कुछ बातें रखी हैं, उस तरफ भी मैं आपका ध्यान ले जाना चाहूंगा। यदि हम मतदान नहीं करते हैं, तो जुर्माने के तौर पर 500 रुपये या दो दिन का कारावास, राशन कार्ड की जब्ती या ऐसे लोगों को जो किसी भूखंड या मकान के मालिक हैं, उससे बेदखली या वे किसी वित्तीय संस्था में ऋण प्राप्त कर रहे हैं, तो उस पर प्रतिबंध लगाया जाये। इसमें कुछ सुधार की आवश्यकता है। लेकिन इसके साथ-साथ मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक तरफ और ले जाना चाहूंगा कि ऐसे भी कुछ तत्व होते हैं, जो सामान्य,

गरीब या निर्धन परिवार के लोगों का नाम वोटिंग लिस्ट से बाहर कर देते हैं। वह व्यक्ति वोट के लिए दो-तीन या पांच किलोमीटर चिलचिलाती धूप में, बरसात में चलकर बूथ पर पहुंचता है, तो यह कहा जाता है कि आपका नाम ही नहीं है। यह नाम शरारतन कटवा जाता है। ऐसे लोगों पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कानून होने चाहिए। यदि वोट देने के लिए लोग नहीं आते हैं, तो उन पर हम इस तरह का कानून ला रहे हैं, तो साथ ही साथ ऐसे लोग जिनको वोटिंग लिस्ट से बाहर करने का कुचक्र किया गया है, उन पर भी अंकुश लगाने के लिए कड़े कानून आने चाहिए, ताकि हमारा जो संवैधानिक, नैतिक और मूलभूत अधिकार है, उससे हम वंचित न रह जायें।

महोदय, मैं आपके माध्यम से दो-तीन बिन्दुओं की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा। आज लोग वोटिंग करने के लिए क्या नहीं आ रहे हैं? कहीं न कहीं गड़बड़ी हुई। ग्रामीण अंचलों में, शहरी अंचलों में त्रिस्तरीय चुनाव होते हैं, उन चुनावों में प्रतिशत अधिक है। विधानसभा चुनावों में भी प्रतिशत अधिक है, लेकिन लोक सभा के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम होता है। इसकी वजह कुछ तो राजनीति में आई हुई गिरावट, कुछ ऐसे एंटीसोशल एलिमेंट्स का प्रयोग और कुछ ऐसे लोग जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, उनकी वजह से सफेदपोश पर आज एक प्रश्नवाचक चिन्ह लग गया है। कभी नेता जी सम्मान का शब्द हुआ करता था, लेकिन आज नेता शब्द लांछित हो गया है। किसी का अपमान करना है, किसी का मजाक बनाना है, किसी को तिरस्कृत करना है, तो लोग कहते हैं आइए नेता जी। ऐसा लगता है कि गाली दी जा रही है, लेकिन यह शब्द कभी सुभाष चन्द्र बोस के लिए प्रयोग होता था, देश के मूर्धन्य लोगों के लिए प्रयोग होता था, कभी संविधान की व्यवस्था के तहत मतदान के द्वारा चुनकर इस सदन में चुनकर आए हुए लोगों के लिए यह शब्द अलंकृत माना जाता था। लेकिन आज इस शब्द को लोग बहुत गिरी हुई नजर से देख रहे हैं। इसके कारण वही है जिनके बारे में हम कल और आज क्रिकेट की फिक्सिंग के बारे में डिसकस कर रहे थे। कभी मैच में हेराफेरी की बात करते हैं, कभी उसमें संरक्षण की बात करते हैं, यह भी उसका एक फैक्टर है। जहां तक पोलिंग बूथ का सवाल है,वह भी इसका एक फैक्टर है। गांवों के लोग जो गांवों से तीन-चार किलोमीटर दूर वोटिंग करने जाते हैं, उन पर चुनाव आयोग ने यह प्रतिबंध लगा दिया है कि आप किसी सवारी या साधन का प्रयोग नहीं कर सकते हैं। वह गरीब आदमी चिलचिलाती हुई धूप में जाता है, वह बूढ़ा, बीमार और अशक्त आदमी किस तरह से बूथ तक पहुंच पाएगा, इसके लिए भी कुछ प्रावधान करने की आवश्यकता है जिससे उन्हें बूथ तक ले जाया जा सके। ऐसी व्यवस्था है कि अगर आप सवारी का प्रयोग करेंगे, तो आप पर कानूनी प्रतिबंध लगाया जाएगा। इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। गांवों में ऐसे लोग है, जिन्हें बूथ तक जाने में कठिनाई होती है, इसकी वजह से भी मतदान का प्रतिशत कम हुआ है। चुनाव आयोग ने यह व्यवस्था दी है कि 250 से 300 आबादी के अंतराल पर बूथ बनाए जाएंगे,

लेकिन वह भी कम है क्योंकि जो पहाड़ी अंचल में रहने वाले लोग हैं, जिनकी बस्तियां बहुत दूर-दूर हैं, उनकी आबादी कम है, लेकिन उन्हें चार-पाच किलोमीटर और कभी-कभी दस से बीस किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता है। उन लोगों के भी वोटिंग की व्यवस्था हो, इसलिए सचल मतदान केन्द्र की व्यवस्था की जाए। जो गांव का गरीब व्यक्ति है, जिसका मतदान स्थल 250-300 की आबादी की सीमा की वजह से दो-तीन या चार किलोमीटर दूर होता है, उनके गांव में एक अनिवार्य व्यवस्था कर दी जाए कि हर बस्ती में बूथ बनाए जाएं, हर बस्ती में मतदान केन्द्र बनाए जाएं, तभी यह व्यवस्था कामयाब हो पाएगी। इससे धनबल-बाहुबल का प्रयोग करके दलितों और वंचितों को वोटिंग से रोकने की जो व्यवस्था थी, उस पर अंकुश लगा है, लेकिन और भी कड़ा कानून बनाने की आवश्यकता है। मैं इस बिल का पुरजोर समर्थन करता हूं।

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय (श्रावस्ती): महोदय, मैं आपकी अनुमति से इसी स्थान से बोलना चाहता हूं।

महोदय, एक अति महत्वपूर्ण अनिवार्य मतदान विधेयक जो माननीय जय प्रकाश अग्रवाल जी द्वारा इस सर्वोच्च सदन में प्रस्तुत किया गया है, उसे बल देने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं और आपने मुझे इस पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं पीठ का और आपका आभार व्यक्त करता हूं।

मान्यवर, संविधान में मतदान स्वतंत्र भारत में एक मौलिक अधिकार है। यह सर्वोच्च पीठ, जिस पर आप विराजमान हैं, यह स्वतंत्र भारत की एक अरब से भी ऊपर आजाद हिन्दुस्तानियों के जन-गण-मन की सर्वोच्च पीठ है। लोकतंत्र और संविधान की संरक्षक भी यह सर्वोच्च पीठ है। लोकतंत्र का यह सर्वोच्च मंदिर हमारी स्वतंत्रता और हमारा संविधान न केवल पूरे विश्व में लोकतंत्र का द्योतक है, बल्कि पूजनीय मंदिर भी है। जिसे विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में एक अरब से ऊपर का जन-गण-मन अपना पूजनीय स्थल भी मानता है।

मान्यवर, वैदिक काल के भारतवर्ष की जो व्यवस्था रही है, वह भी गणतंत्र और प्रजातांत्रिक व्यवस्था रही है। यह अलग बात है कि कालान्तर में आकर हिन्दुस्तान को, भारत माता को गुलामी की बेड़ियों में जकड़ना पड़ा और गुलामी के सैंकड़ों वर्ष झेलने पड़े। आजादी की लड़ाई के बाद इस पवित्र और लोकतंत्र की सर्वोच्च पीठ का निर्माण करने के समय विश्व की आंखें लगी हुई थीं। इस सर्वोच्च और पवित्र मंदिर के निर्माण में हमारे एक अरब से भी ज्यादा हिन्दुस्तानियों के न जाने कितने पूर्वजों की शहादत के बारे में इतिहास के शिलालेख में उल्लेख विद्यमान है। उनके अतिरिक्त भी न जाने कितने ही हमारे पूर्वजों ने शहादत दी, जिनका इतिहास में कहीं उल्लेख नहीं है।

आज मैं एक अरब से भी अधिक हिन्दुस्तानियों की तरफ से, इस पवित्र मंदिर के अपने सभी माननीय सदस्यों की तरफ से, अपने निर्वाचन क्षेत्र की महान जनता की तरफ से लोकतंत्र की इस सर्वोच्च पीठ के मंदिर की आजादी की लड़ाई में शहीद हुए लोगों, स्वतंत्र भारत के निर्माण में अपनी आहुति देने वाले अपने पूर्वजों की शहादत को सच्ची श्रद्धांजलि देता हूं और प्रणाम करता हूं। मैं प्रणाम करता हूं पूरे विश्व की इस सर्वोच्च पीठ को और इस पवित्र मंदिर को। मैंने वैदिक काल की बातें कहीं, लेकिन आज आजादी के 62 वर्ष बाद भी इस सर्वोच्च मंदिर के, लोकतंत्र की इस सर्वोच्च पीठ के अंदर आजाद हिन्दुस्तान का जो गौरवमयी इतिहास रहा है, वहां अनिवार्य मतदान विधेयक पर चर्चा करनी पड़ रही है, तो यह कहीं न कहीं खेद का विषय है और विचारणीय विषय भी है हम आजाद हिन्दुस्तानियों के लिए।

मैं अपने पूर्व वक्ता और इस विधेयक को इस सर्वोच्च सदन में पेश करने वाले माननीय सदस्य श्री जय प्रकाश अग्रवाल जी से अपने को संबद्ध करना चाहूंगा।

सभापति महोदय : समय कम है इसलिए आप संक्षेप में अपनी बात कहें।

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली): आधा घंटा समय और बढ़ा दें, क्योंकि बहुत महत्वपूर्ण विधेयक है।

सभापति महोदय: अभी वह समय नहीं आया है। मैं तो पांडेय जी को कह रहा हूं कि संक्षेप में अपनी बात कहें।

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय : सभापति महोदय, मेरे से पहले पूर्व वक्ताओं अधीर रंजन चौधरी जी, सतपाल महाराज जी और अन्य माननीय सदस्यों ने यहां पर आंकड़े रखे, संविधान के अनुच्छेदों की चर्चा की। स्वतंत्र भारत के संविधान के नियमों और अनुच्छेदों पर यहां चर्चा हुई, मैं उससे अपने आपको समबद्ध करते हुए अपनी बात रखना चाहता हूं। उससे अपने आपको पूर्णतः सम्बद्ध करते हुए अपनी बात रखना चाहता हूं।

मान्यवर, आज बहुत क्षोभ के साथ, भारी मन से इस पीठ और महान सदन के समक्ष यह कहना पड़ रहा है कि " बढ़ गयी है पीर पर्वत सी पिघलनी चाहिए, अब हिमालय से नयी गंगा निकलनी चाहिए।" आज इस महान सदन में हम 62 वर्षों की आजादी के बाद हम अनिवार्य मतदान पर चर्चा कर रहे हैं, इसलिए यह बात बर्बस दिल से निकली है।

मान्यवर, आज चर्चा का विषय यह है कि अनिवार्य मतदान में दंड का प्रावधान होना चाहिए या नहीं होना चाहिए। आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्रीय देश का कानून मंत्री यहां बैठा है, उसके समक्ष ये बातें हो रही हैं, यह बड़ी क्षोभ की बात है। पहले शिक्षा का स्तर बहुत ही कम था, न्यून था, जिसके तहत हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान की संरचना की, मतदान की व्यवस्था की तथा देश, काल और समय के अनुरूप उसमें परिवर्तनों की भी व्यवस्था की गयी। आज आजाद हिंदुस्तान में शिक्षा का स्तर बढ़ा है, यह हमारे लिए गर्व की बात है। परन्तु लोकतंत्रीय व्यवस्था में यह कहते हुए बहुत क्षोभ होता है कि जिस अशिक्षित, गरीब और गांव की बात हम करते हैं, जिस गरीबी और पिछड़ेपन की बात हम करते हैं और कहते हैं कि भारत गांव में बसता है, जहां शिक्षा का स्तर कम है, वहां तो लोकतांत्रिक व्यवस्था में जागरुकता कुछ बढ़ी है और वहां के मतदान का प्रतिशत शिक्षित समाज और शहर में रहने वाले लोगों से ज्यादा है। यहां चर्चा हुई है कि मतदान का स्तर कम रहता है लेकिन आज भी अगर लोकतंत्र का झंडा ऊंचा है, आज भी अगर जन गण मन अधिनायक जिंदा है तो निश्चित रूप से उस समाज की देन है जो आज भी लोकतांत्रिक व्यवस्था और हिंदुस्तान के संविधान में अपनी पूर्ण आस्था रखते हैं।

मान्यवर, शिक्षित समाज के लोग जो अपने अधिकार की बात करते हैं, लेकिन अपने कर्तव्यों के प्रति उनसे कुछ न कुछ चूक हुई है, इसीलिए उनकी जवाबदेही और कर्तव्यपरायणता की तरफ भी यह

व्यवस्था उंगली उठाती है। मान्यवर, त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में स्वर्गीय राजीव गांधी ने 18 वर्ष में मतदान का अधिकार दिया, यह हिंदुस्तान उनका आभारी है, आज का नौजवान उनका आभारी है। त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में हर वर्ष या हर दूसरे वर्ष कोई न कोई चुनाव होता ही रहता है। लेकिन बड़े खेद का विषय है कि आज भी हमारी मतदाता सूची त्रुटिपूर्ण है और हम उसे पूरा और सुदृढ़ नहीं कर पाए हैं।

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, the extended time for the discussion on this Bill is over. I have two more speakers to speak on this Bill. If the House agrees, the time for this discussion may be extended by another one hour.

SOME HON. MEMBERS: Yes.

MR. CHAIRMAN: All right, the time on this discussion is extended by one hour.

Dr. Vinay Kumar Pandey to continue his speech.

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय : सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद करता हूं कि आप मुझे बोलने के लिए और समय दे रहे हैं। शिक्षित वर्ग में जागरुकता का लोप कहीं न कहीं अपनी कर्तव्यपरायणता की तरफ उंगली इंगित करती है। अगर हम एक उंगली दूसरे की तरफ उठाते हैं, अपने अधिकारों की तरफ उठाते हैं, तो उसी हाथ की चार उंगलियां हमारी स्वयं की तरफ उठती हैं कि हमें चूक कहां हुई है, शिक्षित समाज से कहां चूक हुई है, जिसने अपना डंका पूरे विश्व में बजाया है, चाहे प्रबंधन तंत्र की बात हो, चाहे टेक्नीकल शिक्षण की बात हो। आज हिंदुस्तान का शिक्षित समाज और हिंदुस्तान का दिमाग पूरी दुनिया में अपना डंका बजा रहा है।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि भारत का वोटर आई कार्ड त्रुटिपूर्ण है। मैंने श्री नंदन नीलेकणि जी को पढ़ा है। उससे मैं समझा हूं कि एक स्मार्ट कार्ड की व्यवस्था लागू हो रही है। हिंदुस्तान में लाइसेंस की व्यवस्था, आई कार्ड की व्यवस्था, सम्पत्ति का ब्यौरा या पैन कार्ड हो, बहुत कार्ड बन जाते हैं। मैं सदन में आपके माध्यम से सुझाव देना चाहता हूं कि जो स्मार्ट कार्ड बनाया जा रहा है, वह अपने आप में परिपूर्ण सिलिकोन चिप में बनाया जाए, जिसमें सम्पत्ति का ब्यौरा भी हो, पहचान पत्र भी हो, लाइसेंस भी हो, पैन कार्ड हो, हैल्थ कार्ड हो या इनवेस्टमेंट कार्ड हो, शिक्षा का कार्ड, रोजगार का कार्ड सभी कार्ड सिंगल सिलिकोन चिप में होना चाहिए। हमारी टेक्नोलोजी जिस स्तर पर पहुंच चुकी है, यह किया जा सकता है। जितना पैसा हम अलग-अलग कार्डों को बनाने में खर्च करते हैं, अगर उन्हें संकलित करके एक दिशा में कार्य करें, तो निश्चित रूप से सिंगल स्मार्ट कार्ड बनाया जा सकता है।

अनिवार्य मतदान की बात कही गई है, अगर सिंगल स्मार्ट कार्ड लागू हो जाएगा, तो आज हम इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन का हम यूज कर रहे हैं। इस मशीन को हम परिष्कृत करके, कई माननीय

सदस्यों ने कहा, सतपाल महाराज जी ने भी कहा कि नौकरी के लिए या अन्य कार्य के कारण हमारा मतदाता बाहर है या बार्डर पर है, तो यह संभव नहीं है कि वह अपने मतदान केंद्र से वोट कर सके। उस दिशा में आगे बढ़ते हुए इस परिष्कृत वोटिंग मशीन में कहीं से भी वोट डालने की व्यवस्था की जा सकती है। श्री शैलेन्द्र जी कह रहे थे कि गांवों में जो पक्के भवन होते हैं, वही मतदान केंद्र होते हैं। विद्यालय के अलावा आंगनबाड़ी केंद्र, ग्राम सचिवालय, पंचायत भवन, सरकारी भवन आदि हैं, यहां हम इलेक्ट्रोनिक मशीन से वोटिंग की व्यवस्था निश्चित रूप से कर सकते हैं, इससे मतदान के प्रतिशत में निश्चित तौर पर बढ़ोतरी होगी। कई माननीय सदस्य बोल रहे थे, उन्हें यूपीए चेयरपरसन सोनिया गांधी जी का शुक्रिया करना चाहिए, जिनकी बदौलत इनकी बहुमत की सरकार उत्तर प्रदेश में आई है। अभी यह उस चुनाव में बोगस और प्रॉक्सी वोटिंग के बारे में बात कर रहे थे। अगर उस चुनाव में यूपीए चेयरपर्सन के दिशा-निर्देशन में यूपीए की सरकार ने वह व्यवस्था नहीं की होती तो निश्चित रूप से परिणाम कुछ और होता। इन्हें सच्चे हृदय से इस बात को मानना चाहिए।

सभापति महोदय, मैं एक अंतिम बात और कहना चाहता हूं। अभी हमारी बहन ने कहा कि उस गुजरात में जहां पानी के लिए इस सर्वोच्च सदन में चर्चा हुई हो, अनिवार्य मतदान के विषय पर चर्चा के दौरान हमारी बहन ने भारी हृदय से यह बात कही है कि जहां पानी के लिए जनजाति तरसती हो, जनजातीय व्यवस्था में रहने वाले लोग तरसते हों, वहां अनिवार्य मतदान पर दंड का प्रावधान किया जाना निंदनीय कार्य हैं, उसका मैं विरोध करता हूं। निश्चित रूप से इस लोकतंत्र में कहीं न कहीं इनकी नीतियों में कमी है, कहीं न कहीं इनकी व्यवस्था नाजीवादी और फासिस्टवादी है, जिसका परिणाम यह है कि आज अनिवार्य मतदान के गंभीर विषय पर लोकतंत्र के इस सर्वोच्च मंदिर में चर्चा हो रही है और इनकी उपस्थिति यह दर्शाती है कि इनकी कथनी और करनी में कितना अंतर है। ये खाली बैंचेज इस बात का द्योतक हैं।

मैं सिर्फ इतना और कहना चाहता हूं कि अनिवार्य मतदान में कहीं न कहीं अपने कर्तव्य का बोध होना चाहिए और जब स्वतंत्र भारत में हमें अपने कर्तव्य का बोध हो जायेगा, तभी हमारे पुरखों की शहादत कामयाब होगी और उनके द्वारा गुनगुनाया गया यह गीत 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा' कामयाब होगा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपना वक्तव्य समाप्त करता हूं।

श्री राजाराम पाल (अकबरपुर) : माननीय सभापति जी, माननीय सदस्य, श्री जे.पी.अग्रवाल द्वारा जो कम्पलसरी वोटिंग बिल सदन में लाया गया है, ऐसे गंभीर और महत्वपूर्ण विषय पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि इस देश को आजाद कराने वाले लोगों ने आजादी की लड़ाई में कुर्बानी देते समय एक सपना देखा था कि हमारी कुर्बानी के बाद इस देश की तस्वीर कैसी होगी। उन्होंने सोचा था कि आजाद भारत में हर हाथ को काम मिलेगा, हर खेत को पानी मिलेगा, अब कोई भूखा नहीं सोयेगा, अब कोई नंगा नहीं घूमेगा, अब कोई फुटपाथ पर नहीं सोयेगा, अब कोई दवा के अभाव में नहीं मरेगा और अब कोई अपने को असुरक्षित महसूस नहीं करेगा। जो मनुष्य की न्यूनतम जरूरतें हैं, वे न्यूनतम जरूरतें आजाद भारत के प्रत्येक नागरिक की पूरी हो जायेंगी और इसी उद्देश्य से संविधान निर्माताओं ने रानी और मेहतरानी की वोट की कीमत बराबर की थी। सबको वोटिंग का राइट दिया था। लेकिन दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आजादी के 63 सालों के बाद, साठवें गणतंत्र के बाद भी इस देश में 70-80 फीसदी लोग लोकतंत्र का अर्थ ही नहीं जानते। सौ में से देहात में साठ प्रतिशत लोग और शहरों में 75% लोग वोटिंग में हिस्सा नहीं लेते। उनका मानना है कि हम वोट क्यों डाले, हमें क्या मिलेगा? नेता की जेब भरेगी, नेता का पेट भरेगा, नेता का घर भरेगा, परंतु हमें क्या मिलेगा। जिस देश में सौ में से साठ लोग वोट डालने के लिए नहीं जाते हों, वहां मिनिमम चार जगह वोट बंटता है। जिसे 11 वोट मिलते हैं, वह देश और प्रदेश की सत्ता में आ जाता है, एमपी या एमएलए बन जाता है। जिस देश में सौ में से 11 लोगों के मतों से सरकारें बनती हों, उसे मजबूत लोकतंत्र नहीं कहा जा सकता है।

इसलिये संविधान निर्माता डा. अम्बेडकर ने कहा था कि देश में तमाम कानून बना दिये जाएं, किसी देश का कानून, किसी का संविधान कितना भी बढ़िया क्यों न हो, अगर लागू करने वाले की मंशा अच्छी नहीं होगी तो वह संविधान और कानून बेकार साबित होगा। अनिवार्य मताधिकार की व्यवस्था करने से पहले हमें सोचना होगा कि क्या अनिवार्य मताधिकार कानून के बाद वोटिंग का प्रतिशत बढ़ेगा? अगर नहीं बढ़ेगा तो और हम नया क्या कर सकते हैं? डा. अम्बेडकर ने कहा था कि हमने मताधिकार दे दिया है। तुम प्रधान से प्रधानमंत्री बना सकते हैं लेकिन जिसमें हिम्मत होगी, वह प्रधान या प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंच ही जायेगा। डा. अम्बेडकर ने कहा था कि इससे सब का भला होने वाला नहीं है। सामाजिक आजादी के लिये और आर्थिक आजादी के बिना यह राजनैतिक आजादी अधूरी है। इस आर्थिक और सामाजिक आजादी के लिये हमें देश के लिये एक और लड़ाई लड़नी है लेकिन हमें मत का अधिकार दे दिया गया है और इसके जरिये हमें सामाजिक और आर्थिक आजादी प्राप्त कर लेनी है। मैं कहना चाहता हूं कि प्रत्येक बालिग

को मत देने के पीछे यह मंशा थी कि समूचे भारत में सभी बालिग लोगों को, चाहे वह पंचायत हो, विधानसभा हो या संसद हो उसमें सब की आम सहमति मानी जायेगी। इसलिये उन्होंने व्यवस्था दी थी कि भारत की सकल घरेलू आय वह आय होगी जिसमें प्रत्येक आदमी को न्यूनतम जरूरतें प्राप्त होंगी। आज भी जिसकी बात हो रही है कि फूड सिक्यूरिटी बिल लायेगा। तमाम चीजों पर कानून बनाते चले जा रहे हैं लेकिन मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मताधिकार शतप्रतिशत बढ़े, लोकतंत्र मज़बूत हो, राष्ट्रीयता बढ़े। मत का प्रयोग 60% करने नहीं जाता है तो उससे राष्ट्रीयता नहीं आ सकती है। आजादी से पहले राष्ट्रीयता थी जब पंजाब में कांटा गड़ता था तो उत्तर प्रदेश तलवे देखता था। इतनी संवेदना थी लेकिन आजादी के बाद जिस भारत में वसुधेव कुटुम्बकम की बात कही गई थी, उस भारत में भारत के प्रति सोच नहीं रही है, प्रदेश की सोच नहीं रही है। हमारी एक बहिन कह रही थी। यह बड़े दुख की बात है कि आज 63 साल की आजादी के बाद आप इस देश के लोगों को स्वच्छ जल मुहैया नहीं करा पाये हैं। इसलिये मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि केवल कानून बना देने से काम नहीं चलेगा। हमें जिम्मेदार बनाना होगा।

मैंने कहा था कि आप देश के प्रति, प्रदेश के प्रति, जिले के प्रति, तहसील के प्रति, ब्लाक के प्रति, गांव के प्रति, पड़ोसी के प्रति, खानदान के प्रति नहीं सोच रहे हैं। एक मां-बाप से पैदा सगे भाई के प्रति सोच नहीं रही है। मेरा भारत, मेरी बीवी, मेरे बच्चे से ज्यादा भारत नहीं बचा है। अगर यह स्थिति बनी रही तो इस राष्ट्र और समाज को टूटने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है। अगर कोई रोक सकता है तो हमें फिर से चौपाल लगानी होगी। हमें फिर से अलाव जलाने होंगे। हमें फिर से संवाद करना होगा कि जिस देश में 63 साल की आजादी के बाद करोड़ों भूखे हों, नंगे हों, फुटपाथ पर हों, दवा के अभाव में मर रहे हों, असुरक्षित हों, अशिक्षित हों, वह भारत सारे जहां से अच्छा भारत नहीं कहा जा सकता है। सारे जहां से अच्छा भारत उस दिन होगा जिस दिन भारत में कोई भूखा नहीं सोयेगा, कोई आदमी नंगा नहीं घूमेगा, कोई आदमी मजबूर होकर फुटपाथ पर नहीं सोयेगा, कोई अंगूठा छाप नहीं रहेगा, कोई दवा के अभाव में नहीं मरेगा, कोई असुरक्षित नहीं रहेगा, उस दिन भारत को सारे जहां से अच्छा भारत माना जायेगा। इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि माननीय जय प्रकाश अग्रवाल जी अनिवार्य मतदान के लिये जो विधेयक लाये हैं, हम निश्चित तौर पर उससे सहमत हैं। अगर इस आई-कार्ड को मल्टी परपज के लिए बना दिया जाये तो वोटिंग प्रतिशत बढ़ेगा, लेकिन इससे भी नहीं बढ़ेगा। हम लोगों ने, 14वीं लोकसभा में 110 मेंबर्स ने, जो सभी दलों के थे एक वोटर पेंशन वोटरशिप जैसी याचिका दाखिल की थी। उसमें सकल घरेलू उत्पाद से जो आय होगी, जो नेशनल इनकम होगी उसका आधा देश के विकास के लिए और आधे में वोटरशिप वोटर पेंशन जैसा कानून बनाकर, सीधे उनके खाते खुलवाकर, सीधे बैंकों में पैसे डालकर, उन्हें एक पहचान पत्र

देकर, पहली तारीख में इस देश का वोटर जाये और अपनी इनकम का हिस्सा निकाले और रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा, सुरक्षा जैसी चीजें बिना बिचौलियों के खुद पूरी करे। मैं पूरे भरोसे के साथ कहना चाहता हूं कि सौ में से सौ प्रतिशत लोग वोट डालने के लिए जाएंगे। वे अपने को देश और समाज के प्रति जवाबदेह भी महसूस करेंगे। मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि इस देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, वोटिंग प्रतिशत शत-प्रतिशत करने के लिए, राष्ट्रीयता बढ़ाने के लिए जो हमने तमाम चीजें वेलफेयर की दे रखी हैं, जो वास्तव में जरूरतमंद लोगों के पास नहीं पहुंच रही हैं, उन बिचौलियों का बिचौलियापन खत्म करने के लिए, भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए, सीधे वोटर इंसेंटिव देने के लिए वोटरशिप जैसा कानून बनाने का प्रावधान करेंगे तो निश्चित तौर पर वोट का प्रतिशत बढ़ेगा। लोकतंत्र मजबूत होगा तो राष्ट्र मजबूत होगा, लोग राष्ट्र के प्रति जवाबदेह होंगे। इसी के साथ मैं इस बिल का पुरजोर समर्थन करते हुए अपनी वाणी को विराम देता हूं।

श्री प्रेमदास (इटावा): महोदय, जे.पी.अग्रवाल जी द्वारा प्रस्तुत अनिवार्य वोटर बिल पर चर्चा हो रही है। मैं आपसे कहना चाहूंगा कि आजादी के 62 साल के बाद भी आज गांव पिछड़े हुए हैं। वहां गरीबी है, लोग पढ़े-लिखे नहीं हैं, वहां दवा के लिए व्यवस्था नहीं है, सिंचाई की व्यवस्था नहीं है। हमारे सम्मानित मेंबर जे.पी.अग्रवाल जी ने यह कहा कि अनिवार्य वोटर, जब हर व्यक्ति को वोट डालने का अधिकार है तो लोग वोट डालने क्यों नहीं जाते हैं? इसके पीछे कोई न कोई वजह होगी। मैं कहना चाहूंगा कि आज बहुत अनियमितताएं हैं। यह बजट करीब 11 लाख करोड़ रूपए का पास हुआ है, लेकिन गांव तक कुछ नहीं है। हमारे तमाम साथियों ने कहा है कि लोग नेताओं से गाली देकर बात करने लगे हैं। ऐसा क्यों है, इस पर सरकार को और हमें, आपको सोचना है? मैं कहना चाहूंगा कि हिन्दुस्तान सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक देश है। अभी राजाराम पाल जी बोल रहे थे कि हमारे प्रति लोगों की धारणा बनती जा रही है कि हम अर्थ में बढ़ते जा रहे हैं, हर जगह अर्थ है, राजनीति में अर्थ है, बिजनेस में तो अर्थ होता ही है। हमारा पूरा देश कृषि से चल रहा है, फिर भी हम कृषि के मामले में पीछे हैं। कृषि के लिए कुछ नहीं है। मैं इस बिल का समर्थन करता हूं। जब यह इतना बड़ा लोकतान्त्रिक देश है और इसमें साठ, सत्तर, अस्सी प्रतिशत वोट नहीं पड़ता है तो इसके लिए हम और आप जिम्मेदार हैं। मैं कहना चाहूंगा कि हर आदमी को वोट डालना चाहिए, चाहे वह किसी को भी वोट दे, लेकिन वोट जरूर देना चाहिए। गांव में बड़े लालच से, बहुत मेहनत से हम लोग वोट डलवा पाते हैं, लेकिन उसमें अनियमितताएं भी हैं। पंचायत वोटर लिस्ट अलग है, विधान सभा की वोटर लिस्ट अलग है, लोक सभा की वोटर लिस्ट अलग है। सरकारों को इस बारे में सोचना चाहिए कि जब निर्वाचन प्रक्रिया इतनी अच्छी है, तो कम से कम एक वोटर लिस्ट होनी चाहिए। जब तक ये अनियमितताएं रहेंगी, गांव में जब वोट पड़ते हैं तो एक हजार वोट हैं, पांच सौ वोट हैं तो उसके लिए वे लाइन लगाते हैं।

दो घंटे, चार घंटे वोट देने के लिए गांव का आदमी खड़ा नहीं हो सकता है। जब उससे कहा जाता है कि वोट डाल कर आओ, तब वह कहता है कि वोट डालने से हमें क्या मिलेगा। इसलिए इस प्रक्रिया को भी सरल करने की आवश्यकता है। समय की व्यवस्था, वोट डालने के लिए सहूलियत वोटर को देनी पड़ेगी और गांव तक लोकतंत्र का असली चेहरा पहुंचाने के लिए हमें और आपको प्रयास करना पड़ेगा।

श्री जे.पी. अग्रवाल जी ने जो प्रस्ताव रखा है, मैं उसका पूरा समर्थन करता हूं। यह प्रयास करना बहुत जरूरी है, अन्यथा वोट का प्रतिशत और कम होता जाएगा। यह सोचने का विषय है।

*SHRI J.M. AARON RASHID (THENI): Mr. Chairman, Sir, I thank you for giving me an opportunity to speak on the Compulsory Voting Bill moved in this august House by my esteemed colleague Shri J.P. Agarwal. I extend my support to this Private Members' Bill moved by Shri J.P. Agarwal and I would like to second the same.

I find people living in the remotest part of the country, in distant hamlets and villages do not cast their votes in big number. When they are forced to walk considerably long distances, they do not prefer to do that and fail to cast their vote. It is not easy to traverse 5 kms. or longer stretches of 10 kms. or more in the hilly terrains walking through hilly tracts. My constituency has got so many hillside villages and remote villages in both Periyakulam and Theni district area. There are 205 small villages and hamlets situated on the hilltops in my constituency. A Polling Booth is to be set up even in a place that has got a mere 250 voters. Police personnel and officials on election duty must be sent to every booth to ensure that all our people cast their votes during the election. Only then, we would have succeeded in establishing a sense of participation in the minds of our people when they take part in the electoral process which is like a festival of democracy. We must instill confidence in the minds of the people and bring about a spirit of oneness and togetherness thereby we must create hope in their hearts towards democracy.

Some of our youth today go astray as misguided youth and go away from the path of democracy and embrace extreme organizations like naxal and maoist movements. I am very particular about hilly areas because this modern day menace in the form of naxalism and Maoism is more patronized in the hilly regions of our country. This venom is spreading fast. Such students and youth must be brought to the mainstream in the path of democracy. We must give them hope for democracy and we must encourage them to participate in our electoral

* English translation of the speech originally delivered in Tamil

process casting their votes without fail. I think my good friend Shri J.P. Agarwal has thought about it and brought forth this Bill as a good move.

In our election we find many of our Government officials are not casting their votes. We must ensure that all the employees of both the Central and State Governments exercise their franchise during the elections. If they do not vote, considering it as a democratic duty, then certain disincentives must be there. There must be cut in the ration, there must be cut in increment and curtailment in promotion. Many police officials do not vote, many staff in the rural areas fail to vote. Hence it must be made the primary duty on the part of the Government employees to vote compulsorily. We must effectively monitor as that will have its salutary effect on the remaining part of the population.

Wherever we have Reserved constituencies, we must encourage Independent candidates to contest. This is my personal view. For instance, Tenkasi is a neighbouring constituency. I have many of my kith and kin there. Since it has got many hillside villages, road facility is not there in an adequate fashion. Even after 60 years of Independence, there are considerable number of villages that have not seen metal roads. Only when a person from the majority community contests, most often the Government extends all the basic facilities to that constituency. In the city of Chennai, in the Assembly constituencies like Mylapore, T. Nagar and Triplicane, though two of them are Reserved constituencies consisting of majority community people in good number, we find the marginalized people and people from the Scheduled Caste communities come in good number to cast their votes. This augurs well for our democracy. Then only this inclusion of people, that has been reiterated by our leaders like Rajiv Gandhi and Indira Gandhi and now Sonia Gandhi, will become a reality. It is the visionary step of our late lamented leader Rajiv Gandhi to have brought down the voting age to 18. This is to ensure that youth and students are tempered to uphold democracy and begin to cast their vote when they are still young. He won them the right to vote in their teens. We must preserve the spirit of democracy by way of

encouraging more of Independents to contest in Reserved constituencies. Rotating the constituencies ensures the spread of true democratic spirit. It should not be like a candidate from a majority community alone shall stand a chance to win an election from a constituency full of such community people in the electorate. Even the minorities should be able to contest and win the votes of the majority. This will augur well for the democracy.

I hail from a minority community and I represent a constituency that has got the electorate from the majority community living in majority. Democratic spirit helps us to rise above the caste and community. Theni Lok Sabha Constituency is not dominated by the minority community like that of mine. People belonging to major religion live in majority there. But still, the people of my constituency living there perform their democratic duty rising above caste and communal lines. I would like to thank the electorate of my constituency who have elected me though I hail from a minority community. It only vouchsafes their spirit of oneness, togetherness and democracy participating in the election which is like a democratic festival. No nation was raised on caste lines. No nation can remain united just because same community of people live there. There could not have been two Pakistans, two Germanys and two Vietnams if race and religion are to decide the unity of a country. But it is only the democratic spirit that can keep a country united. The spirit of democracy inculcated in us by Mahatma Gandhi and later on by Shrimati Indira Gandhi and Shri Rajiv Gandhi and now by Shrimati Sonia Gandhi help us to rise above caste and community and uphold the democracy with a spirit of oneness and brotherhood.

People living in the remotest part of the country like hilly areas must be given enough of care and attention. Such people living in forest areas are vacated without prior notice. They must be given priority in our governance. They are deprived of their voting rights to elect their democratic representatives. We must create a conducive atmosphere. We must facilitate them to cast their votes wherever they live.

My esteemed colleague Shri J.P. Agarwal has moved this Bill with a visionary approach to ensure that all the people participate in the election making use of their democratic rights. Only then people will have the level of confidence increase, they will have more faith and confidence in democracy and the nationality. It is only people who have come from the Congress background can think of such a move to include all the people in the ambit of democracy.

Shri Agarwal wants to have one booth for every 500 metres. But I feel it is enough to have one booth per kilometer because in my constituency, I find only 5 booths for a vast stretch of 32 kms. In the hill areas in my constituency, there are only 60 booths. For instance, Vellimalai which is 18 kms. atop the hills, has got a booth sufficiently kept apart. They have to walk 5 kms. and more to cast their vote. That is why they fall a prey to certain electoral malpractices. This must be checked. In order to avoid money changing hands during such time, we must ensure that more booths are set up to cover almost the entire population thereby involving all our people in the democratic exercise.

This Bill has been brought with a spirit of nationalism by a Congress Member. Our Congress Party headed by Shrimati Sonia Gandhi, the Chairperson of the United Progressive Alliance accords greater importance and prominence to youth. Our young Lieutenant Shri Rahul Gandhi extols the youth to come forward to participate in the process of democracy. More and more of people participating in the elections and casting their vote without fail in the hustings which are like festival of democracy will strengthen our spirit of togetherness and unity.

Hence, I, once again, congratulate my esteemed colleague Shri J.P. Agarwal who have brought this Compulsory Voting Bill in this august House. Extending my support, once again, to this move, let me conclude.

18.00 hrs.

श्री विजय बहादुर सिंह (हमीरपुर): सभापति महोदय, मुझे बोलने का समय देने के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं इस विषय पर ज्यादा समय नहीं लूंगा, क्योंकि इस विधेयक का क्या रिजल्ट होने वाला है, यह मुझे मालूम है। मैं आपका ध्यान सिर्फ दो बातों की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। अग्रवाल साहब ने जो विधेयक प्रस्तुत किया है, इसका समर्थन करते हुए, मैं इसमें दो बातें एड करना चाहता हूं। इसकी फिलॉसाफी आप देखें। भारत के संविधान के प्रिएम्बल में जो लिखा है, अगर आप इजाजत दें, तो मैं पढ़ना चाहता हूं-

> "We, the people of India, having solemnly resolve to constitute into a sovereign, socialist, secular, democratic Republic and to secure to all citizens…"

The emphasis is on `all citizens'. हर नागरिक को यह अधिकार दिया गया है। दूसरी बात जो कही गई है, वह मैं पढ़कर सुनाना चाहता हूं। समय के कारण मैं स्किप कर रहा हूं- "Fraternity, assuring dignity of the individuals." How this direction of the Preamble `to secure to all its citizens' can be achieved? यह कांस्टीट्यूशन का प्रिएम्बल है, मैंडेट है। यह एक प्रकार से डायरैक्टिव प्रिंसिपल्स की ओर जा रहा है। सवाल इस बात का है कि अगर 30 और 35 परसेंट वोटिंग होती है, तो how this direction of the Preamble `to secure to all its citizens' can be achieved?

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, we started the Private Members' Business at 4 p.m. Time allotted is two and a half hours. So, if the House agrees, I am extending the time of the House till 6.30 p.m.

श्री विजय बहादुर सिंह : मैं इस पाइंट पर था कि प्रीएम्बल में लिखा है कि "Secure to all citizens dignity of the individual".

सभापति महोदय, इस वन वोट के राइट के ऑथर या जन्मदाता डॉ. भीमराव अम्बेडकर थे, क्योंकि जो उनका एजूकेशन कैरीयर था, जब उन्होंने सब यातनाएं देखीं, तो हमें मालूम है कि पुरानी भाजपा की सरकार भी केवल एक वोट से उलट गई थी। यह कितनी गम्भीर बात है। हम लोग कहते हैं और मैं आपकी इजाजत से कहना चाहता हूं कि अब जो राजा है, वह रानी के पेट से न निकल कर, बैलट बॉक्स से निकलता है। वोट की इतनी ज्यादा पॉवर है कि कोबाल्ट भी इसके मुकाबले में पीछे है।

सभापति महोदय, जिस टॉपिक पर मैं वास्तव में आना चाहता था, उसके बारे में मैं कहना चाहता हूं, माननीय लॉ मिनिस्टर साहब बैठे हुए हैं, यह रेस्पांसिबिलिटी इलैक्शन कमीशन की है। लगातार इलैक्शन कमीशन आते रहे, बदलते रहे, वे अपने अधिकारों के लिए लड़ते रहे कि इलैक्शन कमीशन का एक मैम्बर होगा या दो मैम्बर होंगे, पूरी लड़ाई हम लोगों ने देखी। अगर कांस्टीट्यूशन का पार्ट 15 देखा जाए, तो उसमें एक आर्टीकल 324 है। मैं उसकी एक लाइन पढ़ना चाहता हूं।

Article 324 says :

> "Superintendence, direction and control of elections to be vested in the Election Commission."

The entire right of superintendence, direction and control has given to the Election Commission. हमें अफसोस है कि इलैक्शन कमीशन ने अपने अधिकारों पर तो बहुत ध्यान दिया, लेकिन उन्होंने सुपरिंटेंडेंस के लिए प्रयास क्यों नहीं किया कि जो मैजोरिटी या इलैक्ट्रोरल रोल 100 में है, उस पर केयर करे? चूंकि वे इस पृष्ठभूमि में फेल हो गए हैं, इसलिए हमारे अग्रवाल साहब ने जो यह प्रयास किया है, यह सराहनीय है।

सभापति महोदय, इसके बाद मैं बताना चाहता हूं कि पूरी पार्लियामेंट क्या है, यदि भारत की जनता 120 करोड़ है, तो इतनी संख्या में तो वह यहां बैठ नहीं सकती, रिप्रजेंटेटिव डैमोक्रेसी में जो डिसकशन हुआ है, कांस्टीट्यूशन असैम्बली में एज ए लॉयर जो हमने कोट किया है, वह है कि भारत रिप्रजेंट हो रहा है सांसदों और विधायकों से। यह कैसा रिप्रजेंटेशन है जो 30 या 35 परसेंट से हो रहा है? इसे बहुत गम्भीरता से लेना है। गम्भीरता से इसलिए लेना चाहिए, क्योंकि आजकल क्या हो रहा है, नॉर्थ इंडिया में और अब तो साउथ इंडिया में भी कास्ट का वायरस, रिलीजन का वायरस चल रहा है। लोग कहते हैं कि मध्य प्रदेश काऊ बैल्ट है, यादव बैल्ट है। अगर 100 परसेंट वोटिंग हो, अगर सब लोग वोट डालें, तो ऑटोमेटीकली यह जातिवाद, रिलीजन और अन्य बुराइयां समाप्त हो जाएंगी।

महोदय, अग्रवाल साहब ने जो फूड फॉर थॉट दिया है, इसके लिए मैं उन्हें फिर से मुबारकवाद देना चाहता हूं। इन्होंने बहुजन समाज ही नहीं, सर्वजन समाज और सर्वजन हिताय की बात कही है और हमें लग रहा है कि अग्रवाल साहब हमारी फिलॉसाफी से आकर्षित हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक जजमेंट दिया है, एक बहुत बड़ा फूड एडल्ट्रेशन हुआ तो उस पर एक हजार रुपये का जुर्माना कर दिया, जस्टिस कृष्णा अय्यर ने लिखा है: The Madras High Court has erred, by the side of leniency, by a flee or by a fine. बल्कि यह जो 2-2 सौ या 500 रुपये लिखा है, यह बहुत कम है। मैं तो चाहूंगा कि

जो वोट न दे, उसको जो पनिशमेंट दिया जाये, उसको थोड़ा और बढ़ाइये, तो डैमोक्रेसी में रिप्रेजेण्टेशन ज्यादा हो जायेगा। इसीलिए मैं छोटे राज्यों के भी पर्सनली खिलाफ था, क्योंकि बहुत सी मैल प्रैक्टिसेज़ का इससे जन्म होता है। जब मैजोरिटी बोलती है, जब पांच लोग बोलते हैं तो लोग कहते हैं कि भगवान बोलते हैं। उसकी एक बहुत बढ़िया कहावत है, उसे पंडित जी बताएंगे। वे पंच-परमेश्वर हैं। जब पंडित जी ने इसे आदि काल से एडॉप्ट किया तो हमने सोचा कि इसमें कुछ है, यह भगवान राम से आगे बढ़ेगा।

मैं अपनी बात ज्यादा न कहकर यही कहना चाहता हूं कि यह जो विधेयक है, इसको गम्भीरतापूर्वक लिया जाये। अगर यह विधेयक प्राइवेट मैम्बर्स बिल न होकर यू.पी.ए. सरकार से आता तो बहुत अच्छा होता, लेकिन यू.पी.ए. सरकार वूमेन रिजर्वेशन बिल पर एक्सरसाइज़ इन फ्यूटेलिटी न करे। मैं दोनों हाथों से, अपने दिल और दिमाग से इस बिल का पूरी तरह से समर्थन कर रहा हूं और फिर संक्षेप में कहना चाहता हूं कि In the Preamble of the Constitution, the dignity of the individual is mentioned and article 326 of the Constitution provides the Election Commission's power of direction and superintendence, इस लाइन पर बहुत गम्भीरतापूर्वक सोचना चाहिए। हमारे जो लॉ मिनिस्टर हैं, यह तो हमारा सौभाग्य है, मैंने 35 साल से वकालत की, लेकिन ए.के. सेन के बाद इतने विद्वान हमें लॉ मिनिस्टर मिले हैं। हम उनसे यह अर्ज करना चाहते हैं कि वे इस पर सोचें और सोचने के बाद कोई रास्ता निकालें तो बड़े भारी डैमोक्रेटिक सैट अप में इनकी सर्विस होगी। आस्ट्रेलिया में अगर कोई वोट न दे तो 100 डॉलर जुर्माना हो रहा है, इसीलिए मैं इसे चाहता हूं। यह तो हमारी फिलोसॉफी है कि सब लोग अगर पहुंचेंगे तो प्रजातंत्र बढ़िया बनेगा। मैं इस बात के लिए अग्रवाल साहब को धन्यवाद देता हूं और पुनः कहना चाहता हूं कि वे जो बिल लाये हैं, वह बहुत अच्छा बिल है।

MR. CHAIRMAN : आप बोल चुके हैं। As an exception and request made by Shri Lal Singh, I allow Shri Lal Singh to speak only for five minutes.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर): सभापति जी, आप बड़े दयालु हैं, बड़े मेहरबान हैं। आप हमें बहुत आशीर्वाद देते हैं। आप पांच मिनट को तीन बार जरब कर देना, बाकी सब ठीक है।

मेरी जनाब के माध्यम से विनती है कि अग्रवाल साहब ने जो कम्पलसरी वोट की बात की है, मैं यह कहना चाहूंगा कि यह बहुत अच्छी सोच है, तजुर्बे की बात है, एक्सपीरिएंस का सवाल है। सारे पार्लियामेंटेरियंस अच्छी तरह से जानते हैं, हर बन्दा जानता है कि कितनी तकलीफें वोटर्स को होती हैं, किस तरह से वोट पड़ते हैं और किस तरीके से सरकारें बनती हैं। इसमें थोड़ी सी बात करने का मसला है। मैं यह कहना चाहता हूं कि सबसे महत्वपूर्ण बात आप देखें कि जो देश का इलैक्शन कमीशनर है, उसको कभी पूछें कि तूने और तेरी घरवाली ने कभी वोट डाला है। मैं ईमानदारी से कह रहा हूं और उसके बाद आप उसके नीचे वाले बन्दे से पूछें, जिसको रिटर्निंग आफिसर कहते हैं, उससे कभी पूछें कि तूने कभी वोट डाला है, कभी प्रीज़ाइडिंग आफिसर से पूछें कि तूने वोट डाला है। मैं हैरान हूं कि इस डैमोक्रेटिक सिस्टम को चलाने के लिए अनडैमोक्रेटिक तरीके जो एडॉप्ट किये हैं, इनको चेंज करना पड़ेगा।

आप मेरी बात सुन लें, आपने अपनी बात बोल ली। मेरे कहने का मकसद यह है कि जब मैं एक्सपीरिएंस से नहीं गुजरा हूं, जब मैं तजुर्बे से नहीं गुजरा हूं, जैसे आप गुजरे हैं, जैसे चेयरमैन साहब गुजरे हैं, ये लोग गुजरे हैं क्या? वोटर को इन लोगों की तरफ से कितना परेशान किया जाता है, वह आप सोच भी नहीं सकते। कभी उसकी वोटर लिस्ट देखी, वह वोट डालने जाता है तो उसको कहता है कि तेरा वोट इधर नहीं है, तेरा वोट उधर है। Parliamentarians know it very well इसके बाद वह इधर से उधर चला जाता है। आपके प्लेन इलाकों में तो इधर का उधर चला गया, लेकिन मेरे पहाड़ी इलाके का बंदा चार किलोमीटर उतरकर आया, फिर तीन किलोमीटर उसको कहीं और चढ़ा दिया गया, फिर उधर जब वह पहुंचा तब समय हो रहा है, फिर उधर कहा गया कि आपका नाम इधर भी नहीं है। इस तरह से घूमते-फिरते वोटर की जो हालत बनती है, उसके बाद वे वापस चले जाते हैं। लोग कहते हैं कि इतने प्रतिशत वोट पड़ रहे हैं। पर्सेंटेज आफ वोट कम क्यों हो रहा है? यह गलत तरीके की वजह हो रहा है। आप एक बंदे की इज्जत ही नहीं करते, जब आप उसकी रेस्पेक्ट नहीं करते, तो वह वोट डालने क्यों जाएगा?

दूसरी बात, उसका नाम लिखा है, उसके नाम का एक वर्ड ए, बी, सी या क, ख, ग किसी वर्ड में अगर थोड़ी सी भी गलती है, आजकल अगर एसएमएस करते हैं, तो वाईओयू नहीं लिखते, यू लिखते हैं, उसमें कोई गलती नहीं है, वाईओयूआर की जगह यूआर लिखते हैं, तो कोई गलती नहीं, लेकिन जब वोट डालने जाता है, तो उसके नाम में गलती क्यों होती है?

तीसरी बात, मैं कहना चाहूंगा कि अभी वोटर कार्ड बनने का कोई सीजन नहीं है। हम यहां आ गए हैं, तो लगातार हर वर्ष वोटर कार्ड क्यों नहीं बनते हैं? इसके लिए लगातार कांटीन्युअस प्रोसेस क्यों नहीं है। जब बंदा 18 वर्ष का हो जाता है, उसका वोट उस दिन बनना चाहिए। वह इलेक्शन के दिनों में ही क्यों बनता है? क्यों गलत समय में ही बनता है? ये बातें सोचने की हैं। ये गलत चीजें गलत पालिसी की वजह से हैं। जो पालिसी मेकर हैं, वह हम हैं, लेकिन वह बन कोई और गया है। उसको सुधारने की जरूरत है। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जो दो डिग्रियां आपने आईएएस और आईपीएस की हैं, इन्हें आपने क्यों रखा है? अंग्रेजों ने हिंदुस्तानियों का खून निचोड़ने के लिए ये बनायी थीं। आज उसकी जरूरत नहीं है। इन सब चीजों को खत्म करो। मेरी जनाब से विनती है, न बंदा एक्सपर्ट है, न उसने पांच साल इंजीनियरिंग की, न लॉ किया, न उसने डिग्री की, न कोई और डिग्री की, बस एक इंटरव्यू दिया तो वह हमारा आफीसर बन गया। वह आफीसर बन गया तो उसको क्या पता कि वोट क्या चीज है? चौधरी लाल सिंह को पता है कि वोट क्या चीज है? मैं जानता हूं। हम इलेक्शन के दिनों में जब रात में सोते हैं, तो कई बार हाथ में चुन्नी बांध लेते हैं कि कहीं सपने में वोटर न आ जाए। ...(व्यवधान) सपने में वोटर आ जाए, तो वह यह न कहे कि इस बंदे ने हाथ नहीं जोड़ा हुआ है। आप हमारी हालत देखें। मैं बताना चाहता हूं कि इस सिस्टम में कितनी गिरावट आयी है। कितने लोग शराब के धंधे में हैं, उन दिनों दुकानें खुली है, सब जगह बहुत चेकिंग है। इलेक्शन कमीशन ने बड़ा भारी ड्रामा किया हुआ है। शराब ट्रकों के ट्रक आ रही है और पैसा धड़ाधड़ खर्च होता है और जिसने कभी मीट नहीं देखा वह मच्छी तलकर खा रहा है। मुझे बताइए कि यह कौन सा वोट पड़ रहा है? अग्रवाल साहब, जितने लोग क्वालीफाइड हैं ...(व्यवधान) मेरी बात सुनिए। जनाब मैं आपके मन की बात कह रहा हूं। मुझे पता है।

मैं अमीर आदमी की हालत सुनाता हूं। एक क्वालीफाइड और पढ़े-लिखे व्यक्ति की बात सुनाता हूं। वह बहुत पढ़ा-लिखा है, उसने बड़ी क्वालिफिकेशन ली है, लेकिन सबसे कम अगर वोट कोई डालता है, तो वह ही डालता है। जो पढ़ा-लिखा है, वह वोट नहीं डालता और बाहर बैठकर बकवास करता है कि ये पालिटिशियन गलत हैं, ये फलाना गलत है, ये गलत लोग हैं तो वह वोट डालकर ठीक क्यों नहीं करता है? जब तू वोट ही नहीं डालता, तो तुझे किसी को क्रिटिसाइज करने का क्या अधिकार है? पालिटिशियन गलत हैं, यह कहता है, लेकिन जो वोट नहीं डालता, जिन लोगों ने इस देश के लिए कुर्बानी

दी थी, एक-एक वोट के लिए लोग मरे हैं। इस देश को फ्रीडम दिलवाई, इस देश को आजादी दिलवाई, अगर कोई डीसी की कुर्सी पर बैठा है, तो सिर्फ उनकी वजह से बैठा है, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राजगुरू सुखदेव, नेता जी सुभाष चंद्र बोस, नेहरू, गांधी, पटेल इन लोगों की मेहरबानी से वहां वह बैठा है, अदरवाइज क्या ये लोग इन कुर्सियों के काबिल हैं? ये कुर्सियों पर बैठकर हिंदुस्तान के कांस्टीच्यूशन में वोट डालने नहीं जाते। इसका कारण क्या है? इन्होंने ठीक कहा है, जो अनपढ़ है, जो नासमझ है, जो कुछ नहीं जानता है, वह गलती करे, कोई बात नहीं, लेकिन यहां पढ़ा-लिखा गलती कर रहा है। जब गरीब आदमी लाइन में खड़ा होता है, तो वहां धूप है, बारिश है, लेकिन कोई इंतजाम नहीं है। इनको वहां जाना है, जहां आफीसर छाता लेकर चेक करने आ रहा है। उसके लिए छाता है। 10-20 पुलिस वाले हैं। अगर कोई व्यक्ति लाइन में थोड़ा सा टेढ़ा खड़ा होता है तो वह डंडा चला देता है कि इसे मारो। मुझे बताइए कि वे क्यों वोट डालेंगे? क्या लाठी खाने के लिए, मार खाने के लिए, धक्के खाने के लिए, बेइज्जत होने के लिए वोट डालेंगे? इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जो कमियां हैं, उन्हें सुधारना पड़ेगा। अगर वोट डालना कम्पलसरी हो तो सबसे पहले उन लोगों के लिए हो जो अमीर हैं, पढ़े-लिखे हैं, क्वालीफाइड हैं, उसके बाद बाकी लोगों को लिए हो। ये सारे लोग गरीब लोगों से बने हैं।...(व्यवधान) मेरी विनती है कि बड़ा आदमी, जिसकी मैं बात कर रहा था, उस दिन आता है जब चौधरी लाल सिंह, मैम्बर ऑफ पार्लियामैंट कभी मंत्री बन गया, लम्बी सी गाड़ी में आता है। ड्राई फ्रूट, बर्फी का स्पैशल डिब्बा लेकर ऐसा आता है जैसे सगन लेकर आ रहा हो। उसकी गाड़ी डिब्बा लेकर सीधे अंदर घुस जाती है।...(व्यवधान) गरीब आदमी जिसने बनाया, वह दो रुपये का हार लेकर खड़ा होता है। मेरी विनती है कि उस गरीब की जो हालत होती है, जिसने वोट नहीं डाला, उसका इंट्रोडक्शन पहले दिन ही हो गया। मेरी सबमिशन है कि कम्पलसरी वोट करवाइए लेकिन पढ़े-लिखे, क्वालीफाइड और अमीरों के लिए करवाइए। जय हिन्द।

SHRI B. MAHTAB (CUTTACK): Mr. Chairman, sir, my only concern is that the opportunity of taking up the next Bill of Shri Adhir Chowdhury should not be taken away because it has already been placed before the House twice and it cannot come for the third time in the Bulletin.

MR. CHAIRMAN : I take your point. Please take your seat.

श्री जय प्रकाश अग्रवाल : मैं यह नहीं कहता कि वह नहीं होना चाहिए, लेकिन इतनी लम्बी बहस के बाद हम मंत्री जी की बात सुनेंगे और मैं भी बोलूंगा। ...(व्यवधान)

श्री बदरुद्दीन अजमल (धुबरी): सभापति महोदय, मैं सबसे पहले अपने भाई श्री जय प्रकाश अग्रवाल, जो प्रस्ताव लाए हैं, सिर्फ इसलिए कि इस प्रस्ताव को जय प्रकाश अग्रवाल जी लाए हैं, मैं इसका सौ प्रतिशत समर्थन करता हूं। यह आज की बहुत सख्त जरूरत है, लेकिन मेरा सिर्फ इतना कहना है, जिसकी तरफ सदन के सारे सदस्यों ने ध्यान दिलाया है, सबसे बड़ी बात यह है कि विश्वास की कमी हो रही है। आज लोगों की नेताओं पर, हमारे ऊपर, हमारी व्यवस्था के ऊपर से आस्था उठती जा रही है। दिन-ब-दिन लोग वह देख रहे हैं जो हम किताबों में देख रहे हैं। जो हमने अपने बड़ों के बारे में सुना और जो संविधान में देखा, वह आज प्रैक्टिकल लाइफ में कहीं नहीं मिल रहा है। कहां खो गईं हमारी वे कद्रें, क्या हो गया है हमारे लोगों को? ऐसा लगता है जैसे हम इंसान के चेहरे हैं लेकिन हमारे अंदर एक धड़कता हुआ दिल भी नहीं है। ऐसी आंखें नहीं हैं जिनके अंदर गरीबी को देखकर आंसू निकल पड़ें। मेरी बहन ने पानी भरने वालों की जो बात कही, वह मंजर जब आदमी टेलीविजन में देखता है, उसके घड़े में कितना पानी है, मुझे नहीं मालूम, लेकिन उससे ज्यादा उसकी आंख से पानी निकलना चाहिए, मगर ऐसा नहीं होता। आज हिन्दुस्तान में 60 साल के बाद 5-5 किलोमीटर दूर से पहाड़ों में बहनें पानी लाती हैं। लोगों को इस व्यवस्था के ऊपर कैसे भरोसा होगा? कैसे इस देश की तरक्की के नारे पर हम भरोसा कर लेंगे? अभी मेरे भाई लाल जी ने जो बात कही, मैं आदर के साथ कहना चाहता हूं, आपने देखा होगा कि शहर में 40 प्रतिशत से ज्यादा लोग वोट नहीं डालते। शहर में पढ़े-लिखे लोग होते हैं, वे पहले से फिल्मों के प्रोग्राम बनाते हैं , कैसेट मंगवाकर रखते हैं और उस दिन हॉलिडे मनाते हैं। लेकिन क्या उनको नहीं मालूम कि हमारा भारत का संविधान क्या कहता है?

आज के दिन के वोट की हमारी क्या हैसियत है? क्या पूरी दुनिया में हमारे मुल्क का वकार जाने वाला है? आज हमारे वोटर्स कितने निकल कर आ रहे हैं? इसका बहुत बड़ा संबंध है, लेकिन गांव के जो वोटर्स हैं, वे हकीकत में 70 से 80 परसेंट तक वोट देते हैं। वे आज टेलीविजन देखते हैं। जब वे देखते हैं कि जो लोग 40 परसेंट भी वोट नहीं देते हैं, जबकि हम 80 और 90 परसेंट वोट देते हैं। लेकिन जब सरकार के फायदे की चीजें आती हैं, तो वे 40 परसेंट वाले ही नहीं, बल्कि जो एयरकंडीशनर में सोते रहते हैं, टेलीविजन देखते हैं, वे सबसे आगे रहते हैं और उन्हें 90 परसेंट सुविधाएं मिलती हैं। जो 90 परसेंट वोट देते हैं, वे बेचारे महरूम रहते हैं। कैसे इस संस्था के ऊपर लोगों को भरोसा होगा? कैसे लोग भरकर आयेंगे?

अभी रामपाल जी ने बड़े अच्छे सुझाव दिये कि अगर कोई ऐसा सुझाव नहीं निकलेगा, डायरेक्ट वोटर को फायदा नहीं पहुंचेगा, गांवों में सड़कें नहीं बनेंगी, तब तक कुछ नहीं होगा। आज हम बीपीएल की बात करते हैं। बीपीएल घराने के लोगों के सामने आज मसर्डीज कारें और बहुत सी जगहें मारुति कारें खड़ी रहती हैं और जो असली बीपीएल वाला है, वह बेचारा भिखारी की तरह लाइन में खड़ा है। अब लोगों को कैसे भरोसा होगा? जब नरेगा की बात आयी, आज गवर्नमैंट ने उसे कई हजार गुना बढ़ा दिया, लेकिन खाली यहां फंड बढ़ाने से काम नहीं चलेगा। वह ग्रासरूट के लोगों तक पहुंचना पड़ेगा। मैंने कल भी कहा था कि बीच में जो बिचौलियों की लाइन है, जब तक इस करप्शन को बंद नहीं किया जायेगा, जब तक लोगों के अंदर भरोसा नहीं पैदा कराया जायेगा, लोग निकलकर नहीं आयेंगे। फिर गांव-देहातों में जो प्रैक्टिकल बातें हैं, आदमी जब रोड की लाइन पर पहुंचता है, अभी मेरे भाई ने कहा कि बड़ी मुश्किलों से हमारे असम में नाव में, पानी में पता नहीं कैसे-कैसे कष्ट के बाद जब वह पहुंचता है, तो उसे वहीं से कह दिया जाता है कि जाओ, भाग जाओ, सब हो गया है। पूरे वोट केन्द्र में एक लाठी वाला, पुलिस वाला नहीं मिलता और जो मिलता है, तो जिसकी लाठी, उसी की भैंस। वहां गुंडे पहले से खड़े रहते हैं। कौन अपनी जान जोखिम में डालेगा। वह वोट देना चाहता है। वह अपनी जान देकर वोट देना चाहता है, लेकिन जान कौन देने जायेगा? कल उसे कौन पूछेगा? ये सब हालात हैं। इन सब चीजों पर, लोगों के ऊपर, अपने देश की हमारी जो कद्रें थीं, जो हमारे संविधान ने हमें दिया था, मैं समझता हूं कि उसके ऊपर अवेयरनैस की भी जरूरत है। आज हमारे नौजवान बच्चों को टेलीविजन पर दिखाते हैं, तो बड़ा अफसोस लगता है कि गांधी जी कौन है? हमारे बच्चे माशा अल्लाह खेलते हुए दिखाये जाते हैं, क्लबों में नाचते हुए दिखाये जाते हैं, क्या यही बच्चे कल हमारे लीडर बनने वाले नहीं हैं? उनको पूछा जाता है कि गांधी जी कौन हैं, तो वे जवाब नहीं दे पाते हैं। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं एक-दो मिनट में अपनी बात खत्म करूंगा। मेरा यह कहना है कि इन सब चीजों को जब तक हम वापिस जिंदा नहीं करेंगे, हमारी आने वाली नस्लों को इसकी कद्र और इसकी कीमत नहीं समझायेंगे, तो ये कुछ लोग आकर पूरे देश को नहीं बना सकते। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि इसी पार्लियामैंट में, मैं बहुत आदर के साथ कहना चाहूंगा कि अभी इसी मर्त्तबा हर सदन में लोग कितनी उम्मीदों से टेलीविजन देखते हैं, पूरी दुनिया देखती है, तो वे यह देखते हैं कि हर मामले में एक छोटा सा बहाना लेकर पूरा सदन स्थगित कर दिया जाता है। लोग कैसें-कैसे क्वेश्चन-आंसर भेजते हैं। कितनी इम्पोर्टैंट चीजें होती हैं, लेकिन उनका जवाब नहीं मिलता है और चार-पांच दिन तक हाउस एडजर्न हो जाता है। आज एमपी इम्पोर्टैंट मैटर लेकर घूमते हैं लेकिन उनको कोई सुनने वाला नहीं है। उन्हें हफ्ते-हफ्ते बोलने का मौका नहीं मिलता। पता नहीं कैसे-कैसे नुकसानात हो जाते हैं। इन सब चीजों पर मेरा यह

कहना है। मैं सिर्फ यह कहूंगा कि हम लाये हैं तूफान से किश्ती निकालकर, इस देश को रखना, मेरे बच्चो संभाल कर।

इन्हीं बातों के साथ मैं फिर से हमारे भाई अग्रवाल साहब की हन्ड्रैड परसेंट ताईद करता हूं, लेकिन चूंकि इस इंसान के अंदर एक धड़कता हुआ दिल भी है, सिर्फ कानून से नहीं चलेगा, प्यार मोहब्बत से सिखाकर, आहिस्ते-आहिस्ते करप्शन को दूर करके, लोगों का फेथ लेकर आगे बढ़ेंगे, तो जरूर वोटर्स बढ़ेंगे।

MR. CHAIRMAN : Hon. Minister, only a few minutes are left; you cannot finish your speech. So, next time you can reply to the debate.

THE MINISTER OF LAW AND JUSTICE (SHRI M. VEERAPPA MOILY): Next time, I can straightaway start the answer.… (*Interruptions*)

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI GHULAM NABI AZAD): Mr. Chairman, Sir, he can start; let him be on his legs till next time; otherwise, in between, somebody else will get up and speak… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : He will be on his legs.

All right, Mr. Minister, you can just start and speak for a few minutes.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Agarwal *ji*, already I have already called the hon. Minister.

… (*Interruptions*)

श्री जय प्रकाश अग्रवाल : महोदय, इसमें रिजिडनेस की क्या बात है। माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं, उनको बोल लेने दीजिए।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Agarwal *ji*, you are a very senior Member of this House. I have called the hon. Minister to reply. Please do not insist upon.

… (*Interruptions*)

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय : यह लोकतंत्र का विषय है, माननीय सदस्य को बोलने दीजिए।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Dr. Pandey, please sit down.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: I have already called the hon. Minister; he is on his legs, please.

… (*Interruptions*)

SHRI M. VEERAPPA MOILY : Mr. Chairman, Sir, the kind of debate which has gone on this Private Members' Bill has really sanctified the very concept of the Private Members' Bill. I must compliment and commend the kind of debate which has gone on which commenced from our hon. Member Shri J.P. Agarwal, and, of course, ended up with Shri Ajmal Badruddin.

I have noted down the points from all the speakers who spoke. I must say that it is most illuminating, in fact, enlightening and forward looking. I am very much educated by this. I think it is an ideal situation to have compulsory voting; there is no doubt about it. We need to graduate our country, our electorate. All of us should ultimately graduate ourselves into that kind of a domain where every citizen of this country should exercise his vote. That is why, the kind of support which this Bill obtained from all the Members, by all sections of the people, by everyone starting from Kanyakumari to Kashmir with Chaudhary Lal Singh, and in Assam represented by Shri Ajmal Badruddin, reflected that our democracy is still vibrating and people are at passion to nurture the great democracy of this country.

The elections are the first national festival of democracy. Everyone will have to tribute that kind of sanctity. After all, any democracy will come out successfully by nurturing it; and we have nurtured it. We are proud that today our Parliamentary democracy is the largest and the best in the world. We are a part of it, with all the deficits which have been spoken out by many hon. Members. In our country, yes, we have conflicts. The Constitution of India is a conflict resolution document. We have differences of opinion. Our country is also called 'argumentative India'. There are contradictions everywhere. From territory to territory, from man to man, we have contradictions. I must say that people say that our body if full of water. But, you know, if there is any infliction of injury to the body, blood comes out. Our heart is full of blood but if any injury is caused to the heart, tears come out, water comes out. This is a contradiction. But we live in

this contradiction and we thrive in this contradiction. That is why we have a beautiful concept of a scenario of India with 'unity in diversity'.

So, Sir, I will continue next time.

MR. CHAIRMAN : Thank you. The House stands adjourned to meet again on Monday, the 3rd May, 2010 at 11 a.m.

18.30 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, May 3, 2010/Vaisakha 13, 1932 (Saka).